# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 20 जून 2026



inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नीट यूजी री-एग्जाम को लेकर आज मॉक ड्रिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) 21 जून को होने वाली नीट यूजी की दोबारा परीक्षा को पूरी तरह फूलप्रूफ और पारदर्शी बनाने के लिए शनिवार को एक मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन करेगी। सुबह 9 से रात 8 बजे तक चलने वाली इस मॉक ड्रिल में पुलिस, अर्द्धसैनिक बल और जिला प्रशासन मिलकर परीक्षा की प्रक्रिया को दोहराएंगे। देश में साढ़े 5 हजार से अधिक केंद्र हैं।

### पहली बिना लेन वाली निर्बाध टोल प्रणाली शुरू



**नई दिल्ली।** एनएचएआई ने एनएचच-48 के दिल्ली-जयपुर खंड पर स्थित दौलतपुरा टोल प्लाजा में राजस्थान की पहली बहु-लेन निर्बाध परिवहन यानी बिना लेन वाली टोल प्रणाली शुरू की है। यह प्रणाली नंबर प्लेट की स्वचालित पहचान तकनीक को फास्टैग से जोड़ती है, बिना रुके टोल संग्रह हो जाता है।

## सीएम डॉ. यादव ने कहा

सिकल सेल मुक्त मध्यप्रदेश का हमारा संकल्प जन सहयोग से होगा साकार

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में मप्र अव्वल, हासिल की बहुआयामी उपलब्धियां



# मप्र में डेढ़ करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग बांटे गए जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में मप्र ने जो बहुआयामी उपलब्धियां हासिल की हैं, उसके लिए मैं राज्य सरकार की सराहना करती हूं। उन्होंने कहा कि देश में नवजात शिशुओं से लेकर 40 वर्ष की आयु तक के 7 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा हो चुका है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह पूरे विश्व में आनुवंशिक रोगों की जांच-परख की सबसे बड़ी पहलों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस उपलब्धि में मप्र का महत्वपूर्ण योगदान है। मप्र में अब तक डेढ़ करोड़ से भी अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इनमें से अधिकांश लोगों को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड भी दिए जा चुके हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु शुक्रवार को खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रही थीं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह संतोष की बात है कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ करते समय जो अनेक बड़े लक्ष्य देश के सामने रखे गए थे, उनमें से स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय से पहले ही पूरा हो गया।

> *लगभग तीन वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन को लॉन्च किया था*

**कारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस का हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम**



शुभारंभ करतीं राष्ट्रपति मुर्मू

**» आनुवंशिक रोगों की जांच व सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन में हुई सामुदायिक भागीदारी को राष्ट्रपति ने सराहा**

**» सिकल सेल उन्मूनल मिशन भावी पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की ऐतिहासिक पहल**

### डिजिटल और जेनेटिक कार्ड जन्म कुंडली के समान : राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोग केवल स्वास्थ्य की समस्या नहीं, विशेष रूप से जनजातीय समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास से जुड़ी गंभीर चुनौती है। मप्र में अब तक एक करोड़ 32 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। लगभग 95 से 96% कार्य पूर्ण हो चुका है। दो से तीन महीनों में शेष कार्य पूरा हो जाएगा। डिजिटल जेनेटिक कार्ड को विवाह संबंधों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह जन्म कुंडली की तरह उपयोगी है और विवाह से पूर्व इसका मिलान आवश्यक है।

### प्रदेश में 3700 से अधिक 'सिकल मित्र' : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन से जनजागरूकता बढ़ाकर इस गंभीर बीमारी की रोकथाम की दिशा में देश और प्रदेश मिलकर कार्य कर रहे हैं। यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को सिकल सेल जैसी घातक बीमारी से बचाने का प्रयास है। इस बीमारी का प्रभाव केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा परिवार और कई पीढ़ियां इसकी पीड़ा झेलती हैं। इसलिए इसे रोकना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र में गर्भवती महिलाओं की पहचान कर परामर्श, जेनेटिक काउंसलिंग और सिकल सेल कार्ड वितरण जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। प्रदेश में 3700 से अधिक 'सिकल मित्र' भी जन-जागरूकता के इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

देवकीनंदन ठाकुर का बड़ा बयान

## जनसंख्या कानून आने तक हर हिंदू पैदा करे चार बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद जनसंख्या संतुलन की वकालत करते हुए कहा कि वे पिछले 5-7 सालों से लगातार एक ही बात कह रहे हैं। जब तक देश में सभी के लिए एक समान जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू नहीं हो जाता, तब तक हर सनातनी (हिंदू) को अपने परिवार में 4 बच्चे पैदा करने चाहिए। देश के सुरक्षित भविष्य के लिए यह कानून बेहद जरूरी है। हाल ही में हुए नीट पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी पर युवाओं का पक्ष लेते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए। योग्य युवाओं के हक और रोजगार के साथ ऐसा खिलवाड़ बिल्कुल नहीं होना चाहिए। कथावाचक ने कहा कि सरकार को तत्काल प्रभाव से तमाम मुफ्त की योजनाएं (फ्रीबीज) बंद कर देनी चाहिए। सरकार को केवल दो ही चीजें मुफ्त देनी चाहिए।

- ▶▶ मंदिरों के पैसे से हो मुफ्त इलाज
- ▶▶ मुफ्त की योजनाएं तत्काल बंद हों

अनियंत्रित होकर दीवार से टकराई बोलेरो


## हादसे में बैतूल पीडब्ल्यूडी के एसडीओ परमार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बैतूल लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एसडीओ दरयाव सिंह परमार की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब वे अपने परिवार को लेने के लिए बोलेरो गाड़ी से धार जा रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दीवार और लोहे के ढांचे से जा टकराई। हादसा सुबह करीब 11 बजे हरदा-इंदौर हाईवे पर कन्नौद से लगभग 4 किलोमीटर पहले हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार एसडीओ के सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को सूचना देकर उन्हें कन्नौद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**बोलेरो के परखच्चे उड़े सिर और सीने में आईं गंभीर चोटें**






एनटीए फूलप्रूफ पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा की तैयारियों को परखेगी

# राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज करेगी मॉक ड्रिल, ढाई लाख पुलिस कर्मी संभालेंगे सुरक्षा और प्रश्नप्रत्र लाने-ले जाने का जिम्मेदारी निभाएंगे अर्धसैनिक बल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) शनिवार को मॉक ड्रिल से 21 जून को दोबारा होने वाली नीट यूजी की तैयारियों को परखेगी। परीक्षा को फूलप्रूफ, पारदर्शी, निष्पक्ष बनाए रखने 5,500 से अधिक केंद्रों को अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया। सुरक्षा की जिम्मेदारी 2-2.5 लाख पुलिस कर्मियों को सौंपी गई हैं।प्रश्न पत्र को पहुंचाने और आंसर शीट को सुरक्षित वापस लेने का जिम्मा 15 हजार अर्द्धसैनिक बलों को मिली है। परीक्षा के पारदर्शी आयोजन के लिए 1.5 लाख अतिरिक्त कैमरे और 15 हजार जैमर भी लगाए गए हैं।

**21** जून को होगी परीक्षा

**5,500** केंद्रों में होगी परीक्षा

**2-2.5** लाख पुलिस कर्मी होंगे तैनात

**15** हजार अर्द्धसैनिक बल लगेंगे



### केंद्रों में लगे सीसीटीवी

अधिकतर परीक्षा केंद्रों में पहले से ही सीसीटीवी लगे हुए हैं, उनका एक्सेस एनटीए ने अपने जिम्मे ले लिया है। इसकी निगरानी, दिल्ली में एनटीए हेडक्वार्टर के अलावा कुछ अन्य जगहों पर भी होगी। क्लासरूम व परीक्षा केंद्र की निगरानी सुरक्षा कारणों के चलते विशेष टीम के पास रहेगी। जबकि परीक्षा केंद्र के बाहर राज्य सरकार के अधीनस्थ जिला प्रशासन व पुलिस विभाग भी निगरानी रखेंगे।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा जांच के घेरे में होगी परीक्षा

जांच एजेंसियों का तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। बाहरी घेरा जिला मजिस्ट्रेट की टीम, दूसरा राज्यस्तरीय (प्रदेश पुलिस) और तीसरा (परीक्षा केंद्र के अंदर) घेरा केंद्र सरकार की विशेष सुरक्षा टीम का रहेगा।

### पंजाब, हरियाणा यूपी, उत्तराखंड राजस्थान, एमपी में परिवहन सुविधा

21 जून को परीक्षा के दिन पंजाब, हरियाणा, यूपी, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत कुछ अन्य राज्य छात्रों के लिए परिवहन सुविधा सुलभ करवाएंगे। भाजपा समेत राजग शासित प्रदेशों की राज्य सरकारों ने परिवहन और सुविधाओं के लिए हामी भर दी है।

### व्यवस्था पर ध्यान देने की बात कही

मुख्य सचिवों की बैठक में गर्मी, पानी व बिजली का मुद्दा उठा। एनटीए ने राज्यों के साथ कई स्तर की बैठक में परीक्षा की शुचिता के साथ बिजली और पानी की व्यवस्था पर ध्यान देने का आग्रह किया है।

### 22.80 लाख छात्रों ने कराया पंजीकरण

परीक्षा के लिए 22.80 लाख छात्रों ने पंजीकरण करवाया है। करीब साढ़े तीन लाख छात्रों ने परीक्षा केंद्र व शहर बदला है। भारत में 551 शहरों में साढ़े पांच हजार तो विदेश में 14 केंद्र बनाए गए हैं। सौ फीसदी छात्रों को उनके मनपसंद परीक्षा केंद्र अलॉट हुए हैं।

### टेलिग्राम को लगा झटका

## दिल्ली हाईकोर्ट ने बैन हटाने से किया इनकार



दिल्ली हाईकोर्ट ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार ने निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया था और प्लेटफॉर्म तक पहुंच अवरुद्ध करने का हक था।

### खबर संक्षेप

**अल्लू अर्जुन को 22 कोर्ट में पेश होने का आदेश**



**हैदराबाद।** यहां की नामपल्ली कोर्ट ने साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन को समन भेजा है। उन्होंने 22 जून को संध्या थिएटर भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। चिक्कड़पल्ली पुलिस ने चार्जशीट में उन्हें आरोपी नंबर 11 बनाया है। संध्या थिएटर के प्रबंधन को भी आरोपियों में नामजद किया गया है।

**टीएमसी के 2 पूर्व मंत्रियों ने भी छोड़ दिया पद**



**कोलकाता।** टीएमसी में उथल-पुथल के बीच दो पूर्व मंत्रियों ने अहम पदों से इस्तीफा दे दिया है। बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक ने सभी पदों से इस्तीफा दिया। वहीं एक अन्य पूर्व मंत्री और सिलीगुड़ी नगर निगम के महापौर गौतम देब ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मलिक ने खराब स्वास्थ्य के कारण पद छोड़ा।

**कर्नाटक एमएलसी चुनाव पर 3 नेता दिल्ली तलब**



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में 7 विधान परिषद सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा को झटका लगा है। सीएम डीके शिवकुमार की अगुवाई में कांग्रेस ने जहां 5 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा 2 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। भाजपा विधायकों की क्रॉस-वोटिंग से भाजपा हाईकमान नाराज है। 23 तारीख को दिल्ली बुलाया है।

**दार्जिलिंग में अस्थायी पुल टूटा, उफनी बालासन**



**दार्जिलिंग।** बंगाल के दार्जिलिंग जिले में बालासन नदी पर बना अस्थायी पुल गिर गया है। तेज बारिश से नदी उफान पर थी। यहां से होकर जाने वाले वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। वाहनों को डायवर्ट किया है। सिलीगुड़ी और मिरिक सब-डिविजन के बीच का आवागमन बाधित है।

### शाह ने 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित किया

# डेटा इकट्ठा करना 'अपर्याप्त', इसे इंटेलिजेंस में बदलें, सबूतों को मजबूत-विश्वसनीय बनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित किया। इस सम्मेलन में एनसीआरबी के डायरेक्टर आलोक रंजन, सीएफएसएल के निदेशक एसके जैन, एनसीआरबी के संयुक्त निदेशक संजय माथुर मौजूद रहे, जबकि विभिन्न राज्यों की पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। गृह मंत्री शाह ने कहा कि जांच अधिकारियों को साक्ष्य जुटाने से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक हर चरण की बेहतर ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। न्होंने जोर देकर कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत वैज्ञानिक तरीकों से सबूतों को मजबूत और विश्वसनीय बनाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि अदालत में किसी भी जानकारी को प्रभावी साक्ष्य और उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने की प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण होती है।

**एनसीआरबी के डायरेक्टर और अन्य अफसर मौजूद रहे**

साक्ष्य जुटाने से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक हर चरण की बेहतर ट्रेनिंग दी जानी चाहिए




### मार्गदर्शन की उपयोगिता पर दिया जोर

गृह मंत्री शाह ने उदाहरण देते हुए कहा कि महाभारत में कौरवों की सेना और उनकी ताकत पांडवों से अधिक थी, लेकिन पांडवों के पास श्रीकृष्ण का मार्गदर्शन था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण से उपलब्ध जानकारी का सही विश्लेषण कर उसे उपयोगी रणनीति में बदलते थे, जिससे पांडवों को युद्ध में सफलता मिली। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान, 'अभिज्ञान' ऐप,सीआर पीआई सिस्टम, ई-प्रॉसिक्यूशन 2.0 और ई-फॉरेंसिक 2.0 को लॉन्च किया।

### संस्थानों को विकसित किया जा रहा

गृह मंत्री ने कहा कि एनसीआरबी और बीपीआरडी अब केवल रिकॉर्ड और आंकड़े सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं रहेंगे। इन संस्थानों को आधुनिक, इंटेलिजेंस-आधारित अपराध रोकथाम प्रणाली के रूप में विकसित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि पहले से संभावित अपराधों की पहचान कर उन्हें रोकने की व्यवस्था तैयार करना है। उन्होंने बताया कि देश में उपलब्ध 1.29 करोड़ फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड, 9 लाख नारकोटिक्स अपराधियों का डेटा और 3.65 लाख ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़े रिकॉर्ड को (एआई) और मशीन लर्निंग की मदद से उपयोगी इंटेलिजेंस में बदला जाएगा। इससे अपराधियों की पहचान और उन पर कार्रवाई करना अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीसीटीएनएस नेटवर्क की पहुंच देश के 17,840 पुलिस थानों तक हो चुकी है।

### डेटा का विश्लेषण करना भी जरूरी

उन्होंने पुलिस बल से कहा कि आज के दौर में केवल डेटा इकट्ठा करना पर्याप्त नहीं है। डेटा को पहले उपयोगी इंटेलिजेंस में बदलना चाहिए और फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उसका विश्लेषण करना चाहिए। इससे देश और विदेश में सक्रिय अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने में सुरक्षा एजेंसियों को अधिक मदद मिल सकती है। गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी अपराधी कितना भी चालाक क्यों न हो, वह कानून और विज्ञान की ताकत से बच नहीं सकता।

### नए सिस्टम किए जा रहे तैयार

शाह ने बताया कि नैफिस, सीसीटीएनएस, ई-प्रॉसिक्यूशन और ई-फॉरेंसिक्स जैसे सिस्टम ने पूरी आपराधिक न्याय प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ दिया है। अब उपलब्ध डेटा को उपयोगी और कार्रवाई योग्य इंटेलिजेंस में बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग का तरीका अब बदल रहा है। पहले जहां मुख्य रूप से बल आधारित कार्रवाई होती थी, अब वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित जांच को सबसे प्रभावी तरीका माना जा रहा है। एआई मशीन लर्निंग और पैटर्न एनालिसिस की मदद से ऐसे सिस्टम बनाए जा रहे हैं जो बार-बार अपराध करने वाले अपराधियों और अंतरराज्यीय अपराध नेटवर्क की पहचान पहले ही कर सकें, ताकि अपराध से पहले ही रोका जा सके।

### भाजपा प्रवक्ता सुधांशु की प्रेस कांफ्रेंस

## प्रधानमंत्री मोदी की स्लोवाकिया फ्रांस यात्रा 'अत्यंत सार्थक' रही

इसके दूरगामी परिणाम दिखाई देंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्रा को शुक्रवार को 'अत्यंत सार्थक' बताया और कहा कि भारत में आने वाले दिनों में इसके 'सकारात्मक व दूरगामी परिणाम' दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पूरी करने के बाद लौट आए हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इसने भारत की आर्थिक प्रगति के साथ-साथ देश में प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और कौशल विकास क्षेत्रों में भी एक नया आयाम जोड़ा है। उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा kf पूर्वी यूरोपीय देश स्लोवाकिया जैसे देश के साथ एक अहम संबंध की स्थापना आज प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा के दौरान भारत द्वारा हासिल की गई एक बहुआयामी उपलब्धि है।भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि इस यात्रा के अत्यंत सकारात्मक और दूरगामी परिणाम आने वाले समय में दिखाई देंगे।

### 'ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' बनी

एक खास 'ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (वैश्विक रणनीतिक साझेदारी) बनाई गई, जिसके तहत प्रधानमंत्री ने दुनिया के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। 'भारत इनोवेट्स 2026' समिट भी हुई। यह बात उल्लेखनीय है कि जी-77 समिट के मुख्य मेजबान होने के बावजूद, फ्रांस के राष्ट्रपति ने 'भारत इनोवेट्स' समिट में शामिल होने के लिए समय निकाला। इसके बाद पेरिस में 'विवा टेक' इवेंट हुआ, जिसमें भारत ने अहम भूमिका निभाई। इन इवेंट्स के साथ-साथ, प्रधानमंत्री ने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और अनौपचारिक बातचीत भी की।

### फ्रांस ने सहयोग को एक नए स्तर पर पहुंचाया

भारत और फ्रांस का जिक्र करते हुए कहा भाजपा सांसद ने कहा कि भारत और फ्रांस ने एआई और डेटा सुरक्षा के लिए एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और फ्रांस ने भारत के साथ इस सहयोग को एक नए स्तर पर पहुंचाया है। निश्चित रूप से, ऐसे समय में जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, यह और अधिक कुशल और प्रभावशाली साबित होगा। भारत और फ्रांस मिलकर इस क्षेत्र में एक नए वैश्विक केंद्र के रूप में उभर सकते हैं, जो अब तक मुख्य रूप से एक या दो देशों तक ही सीमित माना जाता रहा है।

### पीएम मोदी का ओडिशा व बंगाल दौरा

## आज ओडिशा में रूकेंगे कोयला गैसीकरण योजना का शिलान्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी 20 जून को ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर में देश की पहली वाणिज्यिक स्तर की कोयला-से-अमोनियम नाइट्रेट परियोजना की आधारशिला रखेंगे। 25,016 करोड़ की लागत वाली यह कोयला गैसीकरण परियोजना देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, आयात पर निर्भरता कम होगी।

### बंगाल में करेंगे उद्घाटन सम्मान निधि जारी करेंगे

प्रधानमंत्री मोदी 20 और 21 जून को पश्चिम बंगाल के 2 दिनी दौरे पर रहेंगे। हुगली में पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में भाग लेंगे, रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कृषि योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। 18,880 करोड़ रुपए की 23वीं पीएम-किसान सम्मान निधि किस्त जारी करेंगे।

### चढ़ावा चोरी पर बोले सीएम योगी

## हमने एसआईटी गठित की, दूध का दूध व पानी का पानी होगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को पहली बार अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 1857 के बाद अंग्रेजों ने देश के युवाओं को दबाने का प्रयास किया, लेकिन युवा दबा नहीं। चौरी-चौरा, काकोरी ट्रेन को अंजाम दिया। अंग्रेज ज्यादा दिन ठहर नहीं पाए। आज यह देश आजाद है। नए उत्तर प्रदेश में हम रहे हैं सपा का कहना है राम भक्तों का अपमान हुआ है। कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले और राम के नारे लगाने पर गोली चलवाने वाले लोग उपदेश देने चले हैं। अयोध्या के बारे में समाचार पत्रों से सुनने को मिला। हमने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बैठाई। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी। लेकिन, मैं सभी पक्षों से कहूंगा कि कोई भी अनर्गल टिप्पणी न करें, जो रामभक्तों को आहत करे।हम लोगों ने अपील करते हैं 500 साल इंतजार किया अब 15 दिन और रुक जाइए।

### जलवायु परिवर्तन पर शोध को मिलेगी नई ऊंचाई

## आईआईटीएम और एरीज के बीच हुआ करार अब क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन स्टेशन बनेगा

आईआईटीएम के निदेशक डॉ. राव और एरीज के निदेशक डॉ. नाजा ने हस्ताक्षर किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे ने 1आर्यभट्ट अवलोकन विज्ञान अनुसंधान संस्थान (एरीज), नैनीताल के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। यह ऑनलाइन माध्यम से किया गया। आईआईटीएम के निदेशक डॉ. ए. सूर्यचंद्र राव और एरीज के निदेशक डॉ. मनीष कुमार नाजा ने हस्ताक्षर किए।इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन पर सहयोगात्मक शोध को बढ़ावा देना और मौसम संबंधी आंकड़ों, ग्रीनहाउस गैसों की निगरानी होगी।

### जलवायु प्रक्रियाओं की गहन समझ विकसित होगी

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्र में स्थित देवस्थल अपनी स्वच्छ और प्राकृतिक वातावरणीय परिस्थितियों के कारण उन्नत वायुमंडलीय अध्ययन के लिए आदर्श स्थान माना जाता है। प्रदूषकों के परिवहन और हिमालयी क्षेत्र में जलवायु प्रक्रियाओं की गहन समझ विकसित की जा सकेगी। बीकाम पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत आईआईटीएम द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है।

### सुप्रीम कोर्ट ने एक्सीडेंट क्लेम मामले में की टिप्पणी

## फुटपाथ पर चलना मौलिक अधिकार रखरखाव के लिए निकाय जिम्मेदार

### केंद्र सरकार इस पर कानून बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से इसे लेकर एक कानून बनाने को कहा। साथ व पैदल चलने वालों के लिए, जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने, उसकी सीमा तय करने और उसके रखरखाव के लिए नगर निकायों और स्थानीय संस्थाओं की जिम्मेदारी को मान्यता देंजस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने कहा कि पैदल चलने का अधिकार मौलिक अधिकार है। यह आने-जाने की आजादी के अधिकार का एक अहम हिस्सा है। पैदल चलने के मौलिक अधिकार में तय फुटपाथ का अधिकार भी शामिल होगा। इन्हें मोटर वाले वाहनों से आने-जाने की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।

### पैदल चलना जीवन का एक अहम हिस्सा

फुटपाथ पर चलने का मौलिक अधिकार सह-संबंधी कर्तव्य है। अगर सड़कें बनाई गई हैं, तो यह पक्का करना जिम्मेदारी है कि पैदल चलने वालों के लिए तय किए गए और अच्छी तरह से बनाए रखे गए फुटपाथ हों। शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, नगरपालिकाएं और पंचायतें भी जिम्मेदार हैं, उन्हें पैदल चलने वालों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को तय करना, बनाने और सुरक्षित रखने की कोशिश करनी चाहिए।

### अहमदाबाद एआई-171 विमान हादसे पर नई थ्योरी आई सामने

# विमान क्रैश की वजह बिजली की खराबी थी, सबूत भी दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद एयर इंडिया बोइंग फ्लाइट एआई-171 के दुखद क्रैश से जुड़ी आधिकारिक बात को चुनौती दी है। उनका दावा है कि नए सिम्युलेटर डेटा से पता चलता है कि क्रैश की वजह पायलट की अनदेखी नहीं बल्कि सिस्टम में बिजली की बड़ी खराबी थी। एफआईपी के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि उचित पड़ताल नहीं की गई है।

**नए सिम्युलेटर डेटा से पायलट संगठन का दावा**



### जान-बूझकर छिपाई गई जानकारी

एफआईपी के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने दावा किया कि जांचकर्ताओं ने जरूरी तकनीकी सबूतों को नजरअंदाज किया और नतीजे को सही साबित करने प्रमुख विमानन विशेषज्ञों को जानबूझकर अलग रखा। अंतरिम रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फ्लाइट-क्रू ने एक सोची-समझी आत्महत्या की योजना के तहत जानबूझकर इंजन की फ्यूल सप्लाई बंद कर दी थी।

### सिम्युलेटर टेस्ट में मिले अलग नतीजे

मैन्युअल रूप से बंद करने की वजह से विमान का 'रैम एयर टर्बाइन' ठीक चार सेकंड बाद नीचे गिर गया। 'रैम एयर टर्बाइन' एक बैकअप पावर सिस्टम है, जो पूरी तरह से बिजली जाने पर अपने आप चालू हो जाता है। हालांकि, रंधावा ने कहा कि एफआईपी ने हाल ही में उस फ्लाइट के वजन, बैलेंस और मौसम की स्थितियों को हूबहू दोहराते हुए विस्तृत सिम्युलेटर टेस्ट किए। उन्होंने कहा कि नतीजों ने आधिकारिक टाइमलाइन को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है।

### इंजन बंद होने के पहले विमान खराब हो गया

एफआईपी का तर्क है कि बैकअप टर्बाइन इतनी तेजी से इसलिए चालू हुआ क्योंकि इंजन बंद होने से पहले ही बिजली की एक बड़ी खराबी ने विमान को बेकार कर दिया था। इसी सिस्टम की खराबी ने इंजन स्विच को ट्रिप किया और आखिरकार विमान क्रैश हो गया। एफआईपी ने यह भी कहा कि एकमात्र व्यक्ति ने बताया था कि विमान के नीचे गिरने से ठीक पहले केबिन की लाइटें टिमटिमा रही थीं और धीमी हो रही थीं, यह जानकारी अचानक और बड़े पैमाने पर बिजली जाने की एफआईपी की थ्योरी से पूरी तरह मेल खाती है।

जबलपुर
शनिवार 20 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-6
वर्ष : 21, अंक : 49
पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 34
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



12 योग ध्यान से आध्यात्मिक पूंजी का निवेश

मैट्रो
8 भाजपा विधायक संजय पाठक....




## रिलायंस की एनुअल जनरल मीटिंग

रिलायंस जियो लाने जा रहा 'प्राइवेट सैटेलाइट नेटवर्क'...आसमान में बिछेगा हजारों उपग्रहों का जाल

यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में एलन मस्क की स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर जैसी कंपनियों के चलते सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है

# बिना फाइबर केबल के मिलेगा हाई-स्पीड इंटरनेट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाने के बाद अब रिलायंस जियो अंतरिक्ष के रास्ते इंटरनेट क्रांति की तैयारी में है। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में ऐलान किया कि कंपनी भारत के लिए एक खास 'सॉवरेन सैटेलाइट कांस्टेलेशन' डेवलप करने की संभावनाओं तो तलाश कर रही है। रिलायंस का यह कदम देश के स्पेस बेस्ड कम्युनिकेशन इंफ्रा को मजबूत करने की दिशा में एक गेम-चेंजर साबित होने वाला है। यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में एलन मस्क की स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर




जैसी कंपनियों के चलते सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। स्पेस सेक्टर में कंपनी के विजन को साझा करते हुए आकाश अंबानी ने कहा कि हम भारत के लिए एक सॉवरेन एलईओ सैटेलाइट कांस्टेलेशन के विकास का मूल्यांकन कर रहे हैं।

### क्यों अहम है यह कदम?

सरकार के स्पेस रिफॉर्म्स ने इस सेक्टर को प्राइवेट कंपनियों के लिए खोल दिया है। ऐसे में जियो का खुद का सॉवरेन सैटेलाइट नेटवर्क होना भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। इससे भारत को विदेशी संचार बुनियादी ढांचे पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डिजास्टर मैनेजमेंट, डिफेंस और इमरजेंसी रेस्पोंस के समय यह पूरी तरह सेफ और स्वदेशी नेटवर्क देश के काम आएगा।

### जियो बना रहा है खुद का 'ग्राउंड स्टेशन'

अंतरिक्ष में सैटेलाइट भेजने के साथ-साथ रिलायंस जियो जमीन पर भी अपना मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहा है। कंपनी भारत के भीतर अपने खुद के 'ग्राउंड स्टेशन' बना रही है। ये ग्राउंड स्टेशन अंतरिक्ष में घूम रहे सैटेलाइट्स और धरती पर मौजूद यूजर्स के बीच एक पुल का काम करते हैं, जिससे डेटा का आदान-प्रदान और नेटवर्क का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित होता है।

### क्या होता है लियो कांस्टेलेशन?

इस तकनीक के तहत पृथ्वी की निचली कक्षा (लॉ अर्थ ऑर्बिट) में, यानी जमीन से महज कुछ सौ किलोमीटर ऊपर सैकड़ों या हजारों छोटे उपग्रहों का एक नेटवर्क स्थापित किया जाता है। यह हजारों उपग्रहों का जाल होता है। पारंपरिक भूस्थैतिक उपग्रहों की तुलना में ये उपग्रह पृथ्वी के बेहद करीब होते हैं। इसके चलते इनसे मिलने वाले इंटरनेट की लेटेंसी (डेटा ट्रांसफर में लगने वाला समय) बहुत कम होती है।

### सुदूर इलाकों तक पहुंचेगा इंटरनेट

जियो का यह प्रस्तावित सैटेलाइट नेटवर्क भारत के उन क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगा जहां आज भी मोबाइल नेटवर्क या फाइबर-ऑप्टिक केबल बिछाना बेहद मुश्किल या महंगा है। इसके जरिए देश के दुर्गम पहाड़ी इलाकों, दूरदराज के गांवों और द्वीपों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड आसानी से पहुंचाया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी कार्यपालन यंत्री 30 हजार लेते गिरफ्तार



**अनूपपुर।** ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने अनूपपुर जिले में पीएचई के प्रभारी कार्यपालन यंत्री एके शाह को 30 हजार की घूस लेते गिरफ्तार किया है। जल जीवन मिशन के तहत रीवा की कंपनी द्वारा किए गए कार्यों के करीब 25 लाख के लंबित भुगतान के लिए 2 लाख रुपए रिश्वत मांगी थी।

### मानहानि मामले में राज्य सरकार को नोटिस



**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट ने भाजपा विधायक और उद्योगपति संजय पाठक के खिलाफ मानहानि के आरोपों से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सरकार को दो सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 6 जुलाई तय की है।

### सराफा व्यापारी के घर दिनदहाड़े फायरिंग



**रतलाम।** सैफी नगर में शुक्रवार दोपहर अज्ञात बदमाशों ने सराफा व्यापारी कमल सोनी के मकान पर दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, गोली खिड़की का कांच तोड़ती हुई घर के अंदर जा गिरी। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश बदमाश नजर आ रहे हैं। इनमें से एक आरोपी ने चलती बाइक से मकान पर निशाना साधकर फायर किया। सूचना मिलते ही एएसपी और सीएसपी सहित साइबर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

अभाविप के विरोध के बीच उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने दिया था कुलगुरु को हटाने का आश्वासन

# अभाविप के 33 घंटे के आंदोलन के बाद बीयू के कुलगुरु एसके जैन का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा कुलगुरु एसके जैन के खिलाफ विरोध दर्ज कराने और करीब 33 घंटे तक आंदोलन के बाद बीयू की व्यवस्था में बड़ा बदलाव हुआ है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो. एसके जैन द्वारा प्रस्तुत त्याग पत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकृत कर लिया है। इसके साथ ही बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के प्रो. विवेक शर्मा को कुलगुरु का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राज्यपाल पटेल ने मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत प्राप्त कुलाधिपति की शक्तियों के तहत विश्वविद्यालय के नये कुलगुरु की नियुक्ति होने तक कार्यसंपादन के लिए संकायाध्यक्ष, प्रबंध संकाय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रो. विवेक शर्मा को कुलगुरु के पद पर कार्य करने के लिए नामांकित किया है।


प्रो. विवेक शर्मा

अभाविप ने राज्य सरकार से विश्वविद्यालय में धारा-52 लागू कर प्रशासन को अपने नियंत्रण में लेने की मांग की है

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंजूर किया इस्तीफा


बीयू (इनसेट) में एसके जैन

**प्रो. शर्मा संभालेंगे कुलगुरु का अतिरिक्त प्रभार**

**प्रो. जैन ने एक दिन पहले 18 जून को इस्तीफा दिया था**

### मंत्री मिलने पहुंचे थे, कहा था- कुलगुरु कार्यकाल पूरा होने तक नहीं आएंगे

अभाविप के आंदोलन के बीच 12 जून को उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विवि परिसर पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री ने अभाविप कार्यकर्ताओं की मांग पर आश्वासन दिया था कि प्रो. जैन अब अपना कार्यकाल पूरा होने तक विश्वविद्यालय नहीं आएंगे।

### अभाविप ने कुलगुरु कार्यालय के सामने टेंट लगाकर धरना दिया था

*दरअसल, बीते 11 जून को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीयू परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। परिषद ने विश्वविद्यालय में अकादमिक और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए कुलगुरु के इस्तीफे की मांग की थी। साथ ही राज्य सरकार से विश्वविद्यालय में धारा-52 लागू कर प्रशासन को अपने नियंत्रण में लेने की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने कुलगुरु कार्यालय के सामने टेंट लगाकर प्रदर्शन शुरू किया था। अभाविप का कहना है कि विवि में परीक्षा परिणामों में देरी, भर्ती प्रक्रिया लंबित रहने और पीएचडी प्रवेश परीक्षाएं नहीं होने से छात्र परेशान हैं। 105 पद स्वीकृत और 31 पदों के विज्ञापन जारी होने के बावजूद नियुक्तियां नहीं हुईं।*

परीक्षा रद्द होने से थी डिप्रेशन में

## इंदौर में नीट अभ्यर्थी छात्रा की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत


तीन बार नीट परीक्षा में असफल रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही एक 21 वर्षीय छात्रा अवंतिका मौर्य की गुरुवार देर रात एक निजी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से संदेहास्पद परिस्थितियों में गिरने से मौत हो गई। गंभीर हालत में उसे पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

सीसीटीवी और ट्रेन फुटेज से सुलझी गुत्थी

## भोपाल से लापता 6 साल का अंश मथुरा में मिला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रॉयल मार्केट स्थित अस्पताल के बाहर से चार दिन पहले लापता हुआ छह वर्षीय मासूम अंश उत्तर प्रदेश के मथुरा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित मिल गया है। भोपाल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उत्तर प्रदेश जीआरपी और बाल कल्याण समिति के समन्वय से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है।


बच्चे को वापस भोपाल ला रही पुलिस

चंद्रावतीगंज में आज होगा कार्यक्रम

## खट्टर और सीएम करेंगे उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड परियोजना का भूमिपूजन

*नए कॉरिडोर से 35 मिनट में पूरा होगा सफर*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मालवा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत होने जा रही है। इंदौर और उज्जैन के बीच एक नया अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। शनिवार 20 जून को इंदौर जिले के चंद्रावतीगंज में इस परियोजना का भूमि पूजन किया जाएगा।



राजाभोज पर टिप्पणी से भड़का पंवार समाज

## पूर्व सांसद कंकर मुंजारे पर केस दर्ज, बालाघाट में तनाव


पंवार और लोधी समाज आमने सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

गर्रा ओवरब्रिज के नामकरण को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा राजाभोज पर की गई एक टिप्पणी के बाद पंवार समाज के भारी विरोध को देखते हुए पुलिस ने उनके खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला दर्ज कर लिया है। इस विवाद में लोधी समाज की एंट्री से जिले में सामाजिक तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। विवाद की शुरुआत 13 जून को हुए गर्रा ओवरब्रिज के उद्घाटन से हुई, जिसका नामकरण पंवार समाज के आराध्य राजाभोज के नाम पर किया गया है।

पीएम मोदी ने राहुल को दी जन्मदिन की बधाई

## कांग्रेस मुख्यालय में खरगे और प्रियंका संग काटा केक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी 56 वर्ष के हो गए हैं। उनके जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने लिखा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं।

56 साल के हुए नेता विपक्ष देशभर में कार्यकर्ताओं में उत्साह



दुनियाभर में हड़कंप : अमेरिका की पूर्व नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का बड़ा धमाका

अमेरिकी वैज्ञानिक ने कोरोना रिसर्च के लिए करोड़ों की फंडिंग की

# चीन की जिस लैब से फैला था 'कोरोना' उसे यूएस के टॉप साइंटिस्ट ने दिए थे पैसे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की पूर्व नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन एक ऐसा सनसनीखेज खुलासा किया है, जिसने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। गबार्ड ने कुछ बेहद गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक करते हुए दावा किया है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के पूर्व चीफ मेडिकल एडवाइजर डॉ. एंथनी फाउची ने चीन की उसी वुहान लैब को फंडिंग दी थी, जिसे कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का केंद्र माना जाता है।

तुलसी गबार्ड द्वारा सार्वजनिक किए गए गुप्त दस्तावेजों के अनुसार डॉ. एंथनी फाउची ने अमेरिकी करदाताओं के लाखों डॉलर चीन के वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी को ट्रांसफर किए थे।

बड़ी खबर


तुलसी गबार्ड

### अमेरिकी संसद में बोला सफेद झूठ और सबूत मिटाए

गबार्ड ने डॉ. फाउची पर अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के सामने शपथ लेकर झूठ बोलने का सीधा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि फाउची ने साल 2024 में संसद के सामने इस खतरनाक रिसर्च और इंटेलिजेंस अधिकारियों के साथ अपनी मिली-भगत से साफ इनकार किया था। दस्तावेजों से .. साफ है कि फाउची ने अमेरिकी इंटेलिजेंस कम्युनिटी के साथ मिलकर कोरोना के लैब-लीक' थ्योरी से जुड़े पुख्ता सबूतों को जानबूझकर दबाया।






## इजराइल का शांति समझौते से इनकार

# लेबनान पर किया ड्रोन से हमला, ट्रंप और नेतन्याहू में बढ़ा तकरार

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ वॉशिंगटन

इजराइल ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते को मानने से इनकार कर दिया है। इजराइली सेना ने शुक्रवार को रात भर दक्षिणी लेबनान में कई ठिकानों पर हमले किए। इजराइल की तरफ से हमला होने के बाद हिजबुल्ला ने इजराइल पर जबरदस्त पलटवार किया है। लेबनान में इजराइली सेना की कार्रवाई के बाद पश्चिम एशिया में तनाव फिर से भड़कने की आशंका है। इस बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू आमने सामने आ गए हैं। हालांकि, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि उनकी बातचीत में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई जिससे लगे कि नेतन्याहू समझौते को लेकर बेहद नाराज हैं।

**हिजबुल्ला की गोलाबारी में इजराइल के 4 सैनिक शहीद**



### ड्रोन हमले में 1 की मौत, 33 घायल

दक्षिणी लेबनान में इजराइली ड्रोन हमले में एक और व्यक्ति की मौत के बाद मरने वाले लोगों की संख्या 18 पहुंच गई है। शुक्रवार आधी रात के बाद हुए हमलों में 33 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला की ओर से इजराइल पर की गई भीषण गोलाबारी के दौरान इजराइल के 4 सैनिक बलिदान हुए हैं।

### जिनेवा में होने वाली बातचीत टल गई

इन हमलों के कारण स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच होने शुक्रवार को वाली वार्ता टल गई है। गुरुवार रात को व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस की ईरान के साथ तकनीकी वार्ता के लिए निर्धारित यात्रा स्थगित कर दी गई है। स्विट्जरलैंड के विदेश मामलों के संघीय विभाग ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, ईरान, कतर और पाकिस्तान के बीच होने वाली वार्ता स्थगित कर दी गई है। स्विट्जरलैंड इन वार्ताओं में सहयोग देने के लिए तैयार है। वार्ता में राजनीतिक ढांचागत समझौते से आगे बढ़कर कार्यान्वयन, सत्यापन और अनुपालन पर विस्तृत बातचीत करने की योजना थी।

### ईरान ने रखी नई शर्त

ईरान का कहना है कि दक्षिणी लेबनान पर इजराइल के हमले बंद होने के साथ कब्जा भी खत्म होना चाहिए। दूसरी तरफ इजराइल का कहना है कि ईरान समर्थित शिया मिलिशिया हिजबुल्लाह के कारण खतरा बना हुआ है। इस कारण सेना पीछे नहीं हटेगी। इजराइल की दलील है कि हिजबुल्ला से लड़ने के लिए उसे पूरी आजादी चाहिए, क्योंकि इसके लड़ाके उत्तरी इजराइल पर हमले करते रहे हैं।

### इजराइल को हमारी मदद नहीं भूलनी चाहिएः वेंस



*अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में ट्रंप ही ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं जो इजराइल के प्रति सबसे अधिक सहानुभूति रखते हैं। वेंस ने याद दिलाया कि पिछले तीन महीनों में इजराइल की सुरक्षा में इस्तेमाल हुए लगभग दो-तिहाई रक्षात्मक हथियार अमेरिकी सहयोग से उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल में जो लोग यह सोचते हैं कि उनकी सबसे बड़ी समस्या अमेरिका के राष्ट्रपति हैं, उन्हें वास्तविक स्थिति को समझना चाहिए।*

## समझौते पर खामेनेई का पहला बयान

### कहा- ट्रंप को मजबूरी में करना पड़ा एमओयू

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की पुष्टि करते हुए



एक खास पोस्ट में कहा कि यह समझौता ईरान की उत्सुकता से नहीं, बल्कि अमेरिका की मजबूरी की वजह से हुआ है। ईरानी अधिकारियों ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए ईमानदारी से काम किया था, लेकिन अमेरिकी पक्ष ने ही सबसे अधिक जोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ही मजबूरी में आकर इसे अंजाम देने के लिए हर तरह के दबाव और तरीकों का इस्तेमाल किया। उन्होंने माना कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से इस समझौते को लेकर कुछ आपत्तियां थीं। उन्होंने कहा कि सिद्धांत के तौर पर मेरी राय अलग थी, लेकिन उन्होंने ईरानी राष्ट्र और 'रेसिस्टेंस फ्रंट' (प्रतिरोध मोर्चा) के अधिकारों की रक्षा करने के ईरानी राष्ट्रपति के वादे के आधार पर अपनी मंजूरी दे दी। खामेनेई ने कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष हद से ज्यादा मांगें रखने की कोशिश करेगा, तो वे उन्हें नहीं मानेंगे। उन्होंने खुद को 'विनम्र सेवक' बताते हुए सीधे अपने देश को संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो की फ्लाइट पर गिरी बिजली, यात्री सेफ


**कोलकाता।** भारतीय विमानन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार



को आंधी-तूफान के दौरान कोलकाता हवाई अड्डे पर खड़े इंडिगो के एक विमान पर बिजली गिर गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। इंडिगो की फ्लाइट 6ई6068 का विमान एयरोब्रिज 56एल पर खड़ा था, तभी बिजली गिरी। एहतियात के तौर पर एयरलाइन ने यात्रियों को विमान से उतार दिया, जो बाद में दूसरे विमान (वीटी-आईसीडी) से रवाना हो गए। दो ग्राउंड स्टाफ मामूली रूप से प्रभावित हुए।

### ट्रंप पर भड़की इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी

**रोम।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के बीच जबर्दस्त भिड़ंत हो



गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि मेलोनी ने उनसे जी7 सम्मेलन के दौरान फोटो के लिए भीख मांगी थी। वह फोटो खिंचवाने के लिए तैयार हो गए। ट्रंप के इस दावे को लेकर जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि मैं और मेरा देश इटली, कभी भीख नहीं मांगते। मेलोनी ने कि ट्रंप का बयान पूरी तरह से फैब्रिकेटेड हैं। मैं इसको लेकर बहुत ज्यादा हैरान हूं। इस घटना के बाद इटली के विदेश मंत्री ने अमेरिका की यात्रा रद्द कर दी है।

### घोड़ा गाड़ी दुर्घटना में भारतीय किशोर की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में स्थित सेंट्रल पार्क में घोड़ा गाड़ी की चपेट में आने से 18 साल



के एक भारतीय युवक रोमांच महाजन की मौत हो गई। रोमांच अपने परिवार के साथ पहली बार न्यूयॉर्क घूमने गए थे। जानकारी के मुताबिक, भारतीय परिवार घोड़ा गाड़ी में बैठकर घूम रहा था। इसी दौरान, गाड़ी का ड्राइवर परिवार की फोटो खींचने के लिए रुका। तभी अचानक घोड़ा बेकाबू हो गया और तेज रफ्तार से दौड़ने लगा। रोमांच की मां प्रिया महाजन चलती गाड़ी से नीचे गिर गईं।

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का और बल बढ़ेगा

# नागपुर में बनेगी एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस रक्षा, मिसाइल, स्पेस क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

*यह नई प्रेस देश की सबसे उन्नत सुविधाओं में शामिल होगी। इसके जरिए रक्षा प्रणालियों, एयरोस्पेस, विमानन संरचनाओं, मिसाइल कार्यक्रमों, रेलवे और परिवहन क्षेत्र के लिए बड़े और जटिल एल्यूमिनियम मिश्र धातु प्रोफाइल तैयार किए जाएंगे*

एजेंसी ▶▶ नागपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जो राष्ट्र अपनी जरूरतों को खुद पूरा करने में सक्षम होता है, वही अपने हितों की सुरक्षा के लिए सबसे अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ नागपुर स्थित ऑर्डनेंस फैक्ट्री अंबाझरी में यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) की अत्याधुनिक 10,000 टन एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह एक्सट्रूजन प्रेस देश की उस सोच का प्रतीक है, जिसमें भारत आयात पर निर्भर रहने के बजाय अब महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों का घरेलू उत्पादन कर रहा है। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में सुरक्षा से जुड़ी जरूरतों पर आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है। यह नई प्रेस देश की सबसे उन्नत सुविधाओं में शामिल होगी। इसके जरिए रक्षा प्रणालियों, एयरोस्पेस, विमानन संरचनाओं, मिसाइल कार्यक्रमों, रेलवे और परिवहन क्षेत्र के लिए बड़े और जटिल एल्यूमिनियम मिश्र धातु प्रोफाइल तैयार किए जाएंगे। इससे आयात पर निर्भरता कम होगी और घरेलू सप्लाई चेन मजबूत होगी।

**स्वदेशी एल्यूमिनियम मिश्र धातु निर्माण पर जोर**

**3 साल में रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 3 लाख करोड़**




रक्षा मंत्री राजनाथ और सीएम देवेंद्र फडणवीस

### विमान, मिसाइल, स्पेस में खास धातु जरूरी

राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक लड़ाकू विमान, मिसाइल और अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए ऐसे धातुओं की जरूरत होती है जो हल्के भी हों और बेहद मजबूत भी। यदि धातु की गुणवत्ता बेहतर होगी तो वह हर परिस्थिति में कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भारत में बने उपकरणों की बड़ी भूमिका रही। ऐसे में रक्षा क्षेत्र में मजबूत हार्डवेयर निर्माण को बढ़ाना जरूरी है ताकि सेना की ताकत और बढ़ सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्ध का स्वरूप बदल रहा है, दुश्मन की पहचान कठिन हो रही है, लेकिन पारंपरिक युद्ध और उससे जुड़े साधनों की अहमियत अभी भी उतनी ही है जितनी 1947 में थी और 2047 में भी बनी रहेगी। ऐसे में मजबूत सैन्य-औद्योगिक ढांचे की आवश्यकता लंबे समय तक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन को पूरा करने के लिए तकनीक, कुशल मानव संसाधन, ज्ञान और राष्ट्र पर विश्वास जैसे चार प्रमुख स्तंभों पर काम कर रही है।

### ओएफबी का उत्पादन और निर्यात बढ़ा

*राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड (ओएफबी) का कॉरपोरेटाइजेशन बदलते समय और नई तकनीकों को देखते हुए किया गया था, ताकि संस्थाएं अधिक मजबूत और चुस्त बन सकें। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेटाइजेशन से पहले 2019-20 में ओएफबी का उत्पादन 12,755 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 2025-26 में 26,282 करोड़ रुपए हो गया है। रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी यह आंकड़ा 81 करोड़ रुपए बढ़कर 4,561 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें वाईआईएल का योगदान 397 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट और पूंजी निवेश किसी भी औद्योगिक इकाई को आगे बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनरी और नई तकनीकों में निवेश से उत्पादन प्रक्रिया तेज होती है, गुणवत्ता बेहतर होती है और संपूर्ण प्रणाली अधिक आधुनिक व प्रभावी बनती है।*

### रक्षा क्षेत्र में हो रही प्रगति

*इस मौके पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न प्रेस पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम है। दुनिया अब भारत के रक्षा क्षेत्र की प्रगति को पहचान रही है और भारत वैश्विक रक्षा बाजार में एक बड़े निर्यातक के रूप में उभर रहा है। देवेंद्र फडणवीस ने ऑपरेशन सिंदूर को नए भारत की तकनीकी क्षमता का शानदार उदाहरण बताया और कहा कि यह परियोजना नागपुर समेत पूरे क्षेत्र को रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी।*

## यूएन में भारत की पाकिस्तान को दो टूक

# सिंधु जल समझौता अब पुराना, आतंक फैलाने वाले सहयोग की उम्मीद न रखें



अनुपमा सिंह

**पाकिस्तान अपने यहां आतंकियों को ट्रेनिंग दे रहा**

एजेंसी ▶▶ जिनेवा

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को आज के समय के हिसाब से पुराना और बेकार बताया है। भारत ने साफ शब्दों में कहा कि जो देश आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति की तरह इस्तेमाल करता है, वह दोस्ती और सहयोग के फायदों की उम्मीद नहीं कर सकता।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की सचिव अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान के आरोपों का कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौते पर भारत का रुख बिल्कुल साफ है। यह तर्क से परे है कि एक तरफ पाकिस्तान आतंक का निर्यात करता है और दूसरी तरफ सद्भावना पर टिके समझौते का लाभ चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 1960 में हुई यह संधि अब पुरानी पड़ चुकी है। दुनिया बदल रही है और कोई भी तकनीकी व्यवस्था समय के साथ स्थिर नहीं रह सकती। छह दशक पुराने इस समझौते को आज की हकीकत से अलग नहीं रखा जा सकता।

### पाक चरमपंथियों को पोषित कर रहा

*सचिव अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान को अपने आंतरिक मुद्दों पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय क्षेत्रों पर नजर डालने के बजाय अपने घर की हालत सुधारनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान को 'फ्रेंकेंस्टीन स्टेट' करार दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान खुद चरमपंथी समूहों को पालता है और जब वही राक्षस उसे काटते हैं, तो वह हैरान हो जाता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री खुद आतंकियों को ट्रेनिंग देने की बात गर्व से स्वीकार करते हैं, फिर भी पाकिस्तान खुद को आतंकवाद का पीड़ित बताता है। यह पाकिस्तान का दोहरा चेहरा है। भारतीय राजनयिक ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के बयानों को भी पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का दुष्प्रचार उसकी अपनी घरेलू नाकामियों को छिपाने की एक कोशिश है।*

### जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहेगा

*भारत ने फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। अब केवल एक ही मुद्दा बचा है और वह है पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले भारतीय इलाकों को मुक्त कराना। भारत ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान की पुरानी चालें अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर काम नहीं आएंगी। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इस हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को तब तक के लिए रोक दिया है, जब तक पाकिस्तान सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को पूरी तरह खत्म नहीं कर देता। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान अपनी 80 प्रतिशत खेती और 93 प्रतिशत पानी की जरूरतों के लिए सिंधु नदी तंत्र पर ही निर्भर है।*

## गहरा रहा इबोला का खतरा

# कांगो में अब तक 232 मौतें, 896 संक्रमित, निगरानी में 6367 लोग

एजेंसी ▶▶ किंशासा



डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला वायरस का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि देश में इबोला के मामलों की संख्या अब 896 हो गई है। इस खतरनाक बीमारी ने अब तक 232 लोगों की जान ले ली है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को इटुरी और नॉर्थ किवू प्रांतों में इबोला के 21 नए मामले सामने आए, जिनमें 6 लोगों की मौत हो गई। यह प्रकोप अब पूर्वी कांगो के तीन प्रांतों- इटुरी, नॉर्थ किवू और साउथ किवू के 33 स्वास्थ्य क्षेत्रों तक फैल चुका है। वर्तमान में 383 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं या उन्हें अलग रखा गया है। 78 मरीज इस बीमारी से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। बुधवार को ही 151 संदिग्ध मामले भी दर्ज किए गए, जिनमें 35 मौतें शामिल हैं। अधिकारी अब उन 6,367 लोगों की कड़ी निगरानी कर रहे हैं जो मरीजों के संपर्क में आए थे।

## कतर से आई 62,370 मीट्रिक टन गैस


# 3 माह के इंतजार बाद हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंचा टैंकर 'दिशा'

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



तीन महीने से अधिक समय के इंतजार के बाद एलएनजी टैंकर 'दिशा' सफलतापूर्वक हॉर्मुज स्ट्रेट पार करते हुए गुजरात के दहेज एलएनजी टर्मिनल पहुंच गया। शुक्रवार सुबह करीब 7:32 बजे टैंकर ने दहेज टर्मिनल पर पहुंचकर अपनी यात्रा पूरी की। मध्य-पूर्व में जारी भू-राजनीतिक तनाव और समुद्री सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बीच इस जहाज का सुरक्षित आगमन भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वेसल ट्रैकिंग जानकारी के अनुसार, 'दिशा' ने सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा पूरी करते हुए दहेज एलएनजी टर्मिनल तक पहुंच बनाई है। 'दिशा' टैंकर कतर के रास लाफान एलएनजी टर्मिनल से 62,370 मीट्रिक टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर रवाना हुआ था। हालांकि, क्षेत्रीय परिस्थितियों और सुरक्षा संबंधी अनिश्चितताओं के कारण जहाज को गल्फ क्षेत्र में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा।

# नौसेना की ताकत मजबूत करेंगे नए शिप



दूनागिरी युद्धपोत

### तीन युद्धपोत आज होंगे कमीशन

*__नई दिल्ली।__ भारतीय नौसेना देश में बने प्रथम पंक्ति के तीन युद्धपोतों दूनागिरी, संशोधक और अग्रय को 21 जून 2026 को कोलकाता में कमीशन करने के लिए तैयार है। इस महत्वपूर्ण समारोह की अध्यक्षता पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। ये जहाज समुद्री युद्ध, हाइड्रोग्राफिक सर्वे और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर (पनडुब्बी-रोधी युद्ध) में अहम परिचालन क्षमताएं दिखाते हैं। ये युद्धपोत क्षमता विकास, ब्लू-वॉटर ऑपरेशन्स को मजबूत करने, समुद्री क्षेत्र की जानकारी बढ़ाने और बदलते खतरों से तटीय इलाकों को सुरक्षित रखने के प्रति नौसेना के संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।*

## वैश्विक चिप उद्योग 800 अरब डॉलर का

# निर्माण उद्योग में 10 लाख पेशेवरों की कमी देश युवाओं को चिप डिजाइन में दे रहा ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग लगभग 10 लाख पेशेवरों की कमी का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर है और देश इस क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाला प्रमुख केंद्र बन सकता है। पटना स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) केंद्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का वर्तमान आकार लगभग 800 अरब डॉलर है और अगले एक वर्ष के भीतर इसके 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की संभावना है।

### 2032 तक होंगी 20 लाख नई नौकरियां



अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2032 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में लगभग 10 लाख नई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। वहीं उद्योग को करीब 10 लाख कुशल पेशेवरों की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है। भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए दो प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा – सेमीकंडक्टर डिजाइन और सेमीकंडक्टर निर्माण। सरकार चिप डिजाइन के साथ यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय छात्र दुनिया के सबसे बेहतर प्रशिक्षित पेशेवरों में शामिल हों।

### 75 हजार छात्रों को मिला अवसर

वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से अब तक लगभग 75 हजार छात्रों को आकर्षक अवसर मिल चुके हैं। हमारा लक्ष्य इस संख्या को 75 हजार से बढ़ाकर 5 लाख छात्रों तक पहुंचाना है। भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण गतिविधियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं।

## भारत की घेराबंदी से परेशान चीन ने बांग्लादेश पर बनाया दबाव

# जे-10सीई फाइटर जेट के लिए जल्द करेगा एमओयू पर साइन

**इंफो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा**

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश जल्द ही चीन से 20 जे-10सीई मल्टीरोल फाइटर जेट खरीद सकता है। इस सौदे को लेकर दोनों देशों में बातचीत अंतिम चरण में है। जे-10सीई वही फाइटर जेट है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ किया था। पाकिस्तान और चीन दावा करते हैं कि जे-10सीई लड़ाकू विमान ने भारत के राफेल को मात दी थी। इसे क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के तौर पर देखा जा रहा है।



चीन का लड़ाकू विमान जे10–सीई

### 10 साल में चीन को भुगतान करेगा बांग्लादेश

*इस खरीद के लिए 10 साल में किश्तों में भुगतान किया जाएगा और 2026 से 2027 के बीच विमानों की डिलीवरी होने की उम्मीद है। इससे बांग्लादेश अपने टैक्टिकल एविएशन बेड़े को आधुनिक बना सकेगा। जे-10सीई एक 4.5-जेनरेशन फाइटर प्लेटफॉर्म है। यह एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे रडार, आधुनिक डेटा लिंक, बियॉन्ड-विजुअल-रेंज मिसाइल इंटीग्रेशन और नेटवर्क-सेंट्रिक कॉम्बैट क्षमता से लैस है।*

### सौदे की अनुमानित लागत 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर

*इस सौदे की अनुमानित लागत 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर है। इसमें लड़ाकू विमान, लॉजिस्टिक, ट्रेनिंग, मेंटेनेंस और लंबे समय तक मेंटेनेंस सपोर्ट शामिल है। इससे भारत की संवेदनशील पूर्वी सीमा के ठीक पास चीन की रक्षा-औद्योगिक मौजूदगी भी बढ़ेगी। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद सत्ता में आई मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने चीन के साथ डील की थी। यह बांग्लादेश की बाहरी सुरक्षा प्राथमिकताओं में बड़े बदलाव का संकेत है।*

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर फिर बढ़ा तनाव, नो मैंस लैंड में भेजे बांग्लादेशी

*भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने दावा किया है कि उसने गुरुवार रात को भारत की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की पुश-इन की कोशिश को नाकाम कर दिया है। बीजीबी ने अपने दावे में कहा है कि बीएसएफ चार लोगों को मेहरपुर के खालपारा इलाके में बुरिपोटा बॉर्डर पोस्ट के जरिए बांग्लादेश में धकेलने की कोशिश कर रही थी। एक पुरुष और तीन महिलाओं वाला यह समूह अब इंटरनेशनल बॉर्डर पिलर 15 और 16 के बीच, कंटीले तारों की बाड़ के बांग्लादेश की तरफ वाले हिस्से में 'नो-मैन्स लैंड' (दो देशों के बीच की खाली जमीन) में फंसा हुआ है। हालांकि, भारत ने पुश-इन दावों से इनकार किया है। भारत का कहना है कि उसने बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिन्हें अलग-अलग होल्डिंग स्टेशनों में रखा गया है। बांग्लादेश इन नागरिकों की नागरिकता की पुष्टि करने में देरी कर रहा है, जिससे उनकी घर वापसी की संभावनाएं धूमिल पड़ रही हैं।*

Ministry of Ayush Government of India

Yoga 365

#IDY2026

हर पीढ़ी के स्वास्थ्य और कल्याण का उत्सव

# 12वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026

## स्वस्थ आयु के लिए योग

माननीय प्रधानमंत्री

## श्री नरेंद्र मोदी जी

के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का उत्सव मनाएँ


**कोलकाता** में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अपने निकटतम स्थल पर सम्मिलित हों या अपने घर से वर्चुअल रूप से जुड़ें और स्वास्थ्य, कल्याण एवं समग्र सुख-समृद्धि के इस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनें।

मुख्य कार्यक्रम: 21 जून, सुबह 5:00 बजे

LIVE TELECAST on DD NEWS

**अपनी #HarGharYoga सेल्फी साझा करें!**
प्रधानमंत्री जी के लाइव योग सत्र के दौरान अपने परिवार के साथ घर पर योग करते हुए फोटो, वीडियो या रील बनाएं और उसे सोशल मीडिया पर साझा करें।





CBC 17201/13/0009/2627

moayush | ministryofayush | ministryofayushofficial

### देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनियों में से एक बनाने का लक्ष्य

# रिलायंस ने रखा एफएमसीजी कारोबार को 2030 तक एक लाख करोड़ रुपए पर पहुंचाने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक में चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि कंपनी की रिटेल इकाई अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीप-टेक आधारित विकास के नए चरण में प्रवेश कर चुकी है, जिससे भारत में उपभोक्ता अनुभव और सप्लाई चेन दोनों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। रिलायंस रिटेल की प्रबंध निदेशक ईशा अंबानी पिरामल ने कहा कि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) की निकट अवधि की महत्वाकांक्षा वित्त वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ के राजस्व तक पहुंचने की है। कंपनी भविष्य में देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनियों में से एक बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है और भविष्य में वैश्विक प्लेटफॉर्म पर अपनी मजबूत उपस्थिति बनाना चाहती है। अंबानी ने बताया कि वर्ष 2006 में एक छोटे स्टोर से शुरू हुई रिलायंस रिटेल आज देश की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी बन चुकी है और वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही तक 20,000 से अधिक स्टोर्स का नेटवर्क तैयार कर चुकी है।

### *जियो आईपीओ को मिली मंजूरी, 27 करोड़ नए शेयर होंगे जारी*




रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल और दूरसंचार कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने कंपनी के आईपीओ को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल करने का फैसला किया है। बाजार के जानकारों की माने तो यह आईपीओ इंडियन शेयर मार्केट के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ बनने जा रहा है। आईपीओ के तहत 10 रुपए अंकित मूल्य वाले अधिकतम 27 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे।

## सुदर्शन मोटर्स एवं सुपर एजेंसीज ने जबलपुर में लॉन्च की हीरो न्यू सुपर स्प्लेंडर XTEC 2.0

**जबलपुर।** 40 वर्षों से ग्राहकों का विश्वास अर्जित करने वाली जबलपुर की प्रतिष्ठित हीरो मोटोकॉर्प डीलरशिप - सुपर एजेंसीज, सिविल लाइंस और सुदर्शन मोटर्स, मदन महल - ने शुक्रवार को **KA** मॉल में आयोजित भव्य समारोह में हीरो न्यू सुपर स्प्लेंडर **XTEC** 2.0 का अनावरण किया। स्प्लेंडर ब्रांड की 30+ साल पुरानी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, नई सुपर स्प्लेंडर **XTEC** 2.0 को आधुनिक कम्यूटर ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। यह मोटरसाइकिल बेहतर माइलेज, उन्नत तकनीक और आकर्षक डिज़ाइन का बेहतरीन संगम है। नई सुपर स्प्लेंडर **XTEC** 2.0 में 125**cc APFI** इंजन विद **i3S** टेक्नोलॉजी, 72 **kmpl** तक का माइलेज, सेगमेंट-फर्स्ट हैजर्ड लाइट्स, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी युक्त डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, **USB Type-C** चार्जिंग पोर्ट और **ISG** के साथ साइलेंट स्टार्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। यह मोटरसाइकिल ग्लॉसी ब्लैक, कैंडी ब्लेजिंग रेड, मैट एक्सिस ग्रे, मैट नेक्सस ब्लू और मैट चेस्टनट ब्राउन* सहित पाँच आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 86,500 तय की गई है। लॉन्च समारोह में परमजीत बसूर, मैनेजिंग डायरेक्टर, सुदर्शन मोटर्स, प्रभजीत बसूर, मैनेजिंग डायरेक्टर, सुपर एजेंसीज, सुश्री ज्योत्सना कुशवाहा, **TSM**, हीरो मोटोकॉर्प के साथ हीरो मोटोकॉर्प के क्षेत्रीय एवं जोनल कार्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर परमजीत बसूर, मैनेजिंग डायरेक्टर, सुदर्शन मोटर्स और प्रभजीत बसूर मैनेजिंग डायरेक्टर ,सुपर एजेंसीस* ने कहा, "सुपर स्प्लेंडर भारत के सबसे भरोसेमंद और लोकप्रिय कम्यूटर ब्रांड्स में से एक है। नई सुपर स्प्लेंडर **XTEC** 2.0 आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रदर्शन और आकर्षक स्टाइल के साथ ग्राहकों को शानदार राइडिंग अनुभव देगी। उन्होंने विश्वास बताया कि यह मॉडल अपने सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगा। ग्राहकों के लिए टेस्ट राइड्स सुपर एजेंसीज और सुदर्शन मोटर्स पर शुरू हो चुकी हैं। हीरो मोटोकॉर्प की उत्पाद नवाचार रणनीति के तहत विकसित यह मोटरसाइकिल रोजमर्रा के सफर को अधिक सुविधाजनक, किफायती और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। बेहतर ईंधन दक्षता, प्रीमियम फीचर्स और आधुनिक डिज़ाइन इसे आज के प्रगतिशील ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाते हैं। कार्यक्रम को ग्राहकों, मैकेनिक समुदाय के सदस्यों तथा हरप्रीत सिंह बसूर, आशीष भल्ला, अर्पित सिंह, अधेश राजपूत सुपर एजेंसीज टीम, और समन बसूर, संराज बसूर, दीपक पॉल, नितिन और अनिल सुदर्शन मोटर्स की उपस्थिति ने और भी गरिमामय बनाया।



## तनिष्क द्वारा 'सोल्स इन सिम्फनी', प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन पेश




**बैंगलुरु।** भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने अपना सबसे नया, प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन, 'सोल्स इन सिम्फनी पेश किया है। 100 प्रतिशत प्राकृतिक हीरों और प्राकृतिक जेमस्टोन्स से बने इस कलेक्शन को आज के दौर की महिलाओं के आपसी जुड़ाव और दोस्ती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह कलेक्शन बदलते रिश्तों, साथ में बिताए अनुभवों और उन गहरे जुड़ावों को दर्शाता है, जो आज की महिलाओं की जिन्दगी को नया रूप देते हैं। प्राकृतिक हीरों के आभूषणों में ग्राहकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। तनिष्क इस श्रेणी में अपनी बढ़त को और मजबूत कर रहा है। यह मज़बूती तनिष्क की बेहतरीन कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइनों से आती है। साथ ही, तनिष्क के प्राकृतिक हीरों का सदाबहार आकर्षण इसे खास बनाता है। 'सोल्स इन सिम्फनी' को खास उन महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऐसे आभूषण चाहती हैं जो हर माहौल में आसानी से ढल जाएं। इन्हें रोजाना के पलों, करीबी मेल-मिलापों और खास अवसरों पर आराम से पहना जा सकता है। यह कलेक्शन उन अनमोल रिश्तों का जश्न मनाता है जो इन पलों को सार्थक बनाते हैं। यह कलेक्शन महिलाओं के आपसी रिश्तों की गर्माहट और सहजता से प्रेरित है। इन खूबसूरत भावनाओं को आधुनिक आभूषणों का रूप दिया गया है। इसके लिए शालीन आकृतियों, सहज डिज़ाइनों और वर्सटाइल लुक्स का इस्तेमाल हुआ है। नतीजतन, आभूषणों की एक ऐसी शानदार रेंज तैयार हुई है जो साथ बिताए पलों का जश्न मनाती है। यह महिलाओं की ज़िन्दगी को समृद्ध बनाने वाले अनूठे बंधनों को सराहती है। साथ ही, यह आज के दौर में आभूषण पहनने के आधुनिक तरीकों के बिल्कुल अनुकूल भी है। यह कलेक्शन 18 कैरेट सोने में तैयार किया गया है। पारंपरिक कलात्मकता की लय इसकी प्रेरणा है। इस कलात्मकता को आज के आधुनिक नज़रिए से पेश किया गया है। इसमें सहज प्रवाह, वास्तुकला और रंगों का बेहतरीन तालमेल दिखता है। इस रेंज में बारीक ओपनवर्क पैटर्न और ढलते हुए आकार शामिल हैं। साथ ही, इसमें ज्योमेट्रिक फ्रेमिंग और अलंकृत जाली का काम भी है। इसके डिज़ाइनों में फूलों और पंखों से प्रेरित नक्काशीदार आकृतियां दिखाई देती हैं। इसे हीरों की बारीक सेटिंग और लेयर्ड मेटल क्राफ्ट्समैनशिप से जीवंत बनाया गया है। इसमें कुशन, पीयर, ओवल, एमराल्ड और राउंड-कट प्राकृतिक जेमस्टोन्स शामिल हैं। ये जेमस्टोन्स हर डिज़ाइन में एक अनोखा उभार और गतिशीलता लाते हैं। तनिष्क के सफेद प्राकृतिक हीरों को रंगीन प्राकृतिक जेमस्टोन्स के साथ जोड़ा गया है। यह जुड़ाव पूरे कलेक्शन में एक अनूठी गहराई लाता है। यह हीरों और जेमस्टोन्स का कंट्रास्ट और बेहतरीन दृश्य आकर्षण पैदा करता है।

## ईएसएएफ का बिजनेस 50 हजार करोड़ के पार

**कोच्चि।** ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कुल 50 हजार करोड़ रुपए के बिजनेस का अहम माइलस्टोन पार कर लिया है। यह बैंक के कामकाज के नौवें साल में एक बड़ी उपलब्धि है और देश भर के एक करोड़ से ज्यादा ग्राहकों द्वारा बैंक पर दिखाए गए भरोसे को दर्शाता है। ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ के पॉल थॉमस ने कहा कि 50 हजार करोड़ के बिजनेस का माइलस्टोन पार करना ईएसएएफ की यात्रा में गर्व का क्षण है।


| खंड-I ई-निविदा आमंत्रण सूचना | मध्यप्रदेश शासन कार्यालय का नाम - वनमंडलाधिकारी पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल, मध्यप्रदेश |
|---|---|

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या /17/ई-टेंडरिंग/226-27/ दिनांक 15/06/2026

1. वनमंडलाधिकारी, पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फेबरीकेशन वर्क वेल्डिंग सहित आईएसआई मार्क युक्त लोहे की ग्रिल, एंगल एवं स्क्वायर राड से फेब्रीकेशन कार्य - (खिड़की, रोशनदान, गेट, बोर्ड इत्यादि हेतु) | 5000 कि.ग्रा | 15000/- | 1000/- |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 19/06/2026 बजे 11:00 AM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है ।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल - https://www.mptenders.gov.in

वनमंडलाधिकारी,
पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल

G-14587/26


## सोनालीका ने वित्त वर्ष 2027 में मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 कुल ट्रैक्टर बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन और 21% की कुल वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग के प्रदर्शन को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अपनी रफ्तार को और तेज़ करते हुए मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है और 21% वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। सोनालीका की यह नई उपलब्धि किसानों को 'जीतने का दम' देने पर ब्रांड के निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भारत को कृषि महाशक्ति बनाने की दिशा में कंपनी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को और मज़बूत करती है। कंपनी ने भारत में आगामी खरीफ सीज़न की तैयारी के उपलक्ष में 17,029 ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया है।मानसून दशकों से भारतीय कृषि में आशावाद बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। हालांकि, किसान अब सिंचाई की बढ़ती तीव्रता पर भरोसा कर रहे हैं और बेहतर फसल प्रबंधन और अधिक उत्पादन के लिए तकनीकी रूप से उन्नत ट्रैक्टरों की तलाश कर रहे हैं। भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्टरों द्वारा 'जीतने का दम' देने के अपने दृढ़ विश्वास के साथ, सोनालीका ट्रैक्टर्स अपने विश्व के नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट में विशेषज्ञ इंजीनियरिंग और सबसे ताकतवर इंजनों से लैस ट्रैक्टरों के साथ किसानों के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण बाज़ारों में कंपनी की बढ़ती उपस्थिति और ग्राहक संतुष्टि पर अटूट ध्यान कंपनी को देश के कृषि विकास की यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में लगातार मज़बूत कर रहा है।इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा, "हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है, जो कुल 21% वृद्धि द्वारा संभव हुई और हमने उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। यह एक मज़बूत संकेत है कि भारतीय किसानों ने खरीफ मौसम के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ मशीनीकरण को अपना रहे हैं। इसके साथ ही, हमने किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 17,029 ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया है।आंकड़ों से ऊपर उठ कर, जो बात हमें सबसे अधिक प्रेरित करती है, वह है भारतीय कृषि की अटूट विश्वास, जहां हर सीज़न इस विश्वास के साथ शुरू होता है कि कल की फसल आज से बेहतर होगी और विकास हमेशा संभव है। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि लगातार प्रगति, निरंतरता और दृढ़ता के माध्यम से हासिल की जाती है और हम किसानों को अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## फेनेस्टा ने जबलपुर में अपना दूसरा शोरूम खोला

**जबलपुर।** फेनेस्टा ने जबलपुर, मध्य प्रदेश में नए शोरूम के लॉन्च के साथ मध्य भारत में अपनी मौजूदगी को और सशक्त बना लिया है। एसआरबीएच डेवलपर्स द्वारा संचालित यह शोरूम नवीन विद्या भवन रोड, नेपियर टाउन, जबलपुर, में स्थित है, जो उभरते रिहायशी एवं कमर्शियल मार्केट्स में विश्वस्तरीय फेनेस्ट्रेशन समाधानों को उपभोक्ताओं के करीब लाने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है।लॉन्च के अवसर पर फेनेस्टा के बिजनेस हैड साकेत जैन ने कहा, "तेजी से हो रहे शहरी विकास, इन्फ्रास्टक्चर में बढ़ते निवेश तथा प्रीमियम बिल्डिंग समाधानों की बढ़ती मांग के चलते मध्य प्रदेश फेनेस्टा के लिए महत्वपूर्ण मार्केट है।




| कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश<br>E-Mail- civil.ctd@mp.gov.in |
|---|

क्रमांक/निर्माण/2026-27/11215 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल, दिनांक 16.06.2026

जनजातीय कार्य विभाग की ओर से ऑनलाइन निविदा प्रतिशत दर पर लोक निर्माण में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से प्रभावशील तथा रोड एवं ब्रिज निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस. ओ. आर. 11 अप्रैल 2025 से प्रभावशील पर ( निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाइन निविदा निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है । कार्यों का विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | जिला | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (राशि लाख में) | अमानत राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.में | निविदा/कार्य पूर्णता अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_TAD_513140_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल विदयपुर वि.ख. डिण्डौरी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 2 | 2026_TAD_513143_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल पडरियाकला वि.ख. डिण्डौरी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 3 | 2026_TAD_513144_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल अमनीपिपरिया वि.ख. डिण्डौरी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 4 | 2026_TAD_513214_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल सारसताल वि.ख. डिण्डौरी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 5 | 2026_TAD_513221_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल मरवारी वि.ख. शहपुरा में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 6 | 2026_TAD_513223_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल चिचरिंगपुर वि.ख. डिण्डौरी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 7 | 2026_TAD_513227_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल सारंगपुर वि.ख. डिण्डौरी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 8 | 2026_TAD_513233_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल जलेगांव वि.ख. अमरपुर में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 9 | 2026_TAD_513234_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल कमरासोडा वि.ख. अमरपुर में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 10 | 2026_TAD_513235_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल सेनगूडा वि.ख. करंजिया में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 11 | 2026_TAD_513236_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल हर्राटोला वि.ख. मेहंदवानी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 12 | 2026_TAD_513237_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल कुटरई वि.ख. मेहदवानी में भवन निर्माण कार्य गय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 13 | 2026_TAD_513238_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल मटियारी वि.ख. मेहदवानी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 14 | 2026_TAD_516100_1 | डिण्डौरी | शा. हाई स्कूल पायलीघुघरी वि.ख. शहपुरा में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |
| 15 | 2026_TAD_513240_1 | डिण्डौरी | शा. कन्या हाई स्कूल विक्रमपुर वि.ख. डिण्डौरी में भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण | 299.90 | 299900/- | 15000/- | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन |

1. इच्छुक निविदाकार MP Tenders के पोर्टल पर विवरण देख सकते हैं। 2. NIT (निविदा आमंत्रण सूचना) में किसी प्रकार के परिवर्तन सूचना केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। 3. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता का विस्तृत विवरण : www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। 4. प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया केवल उपरोक्त पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। 5. संशोधन/परिशिष्ट/स्पष्टीकरण / शुद्धि पत्रक केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे। 6. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

अधीक्षण यंत्री
जनजातीय कार्य, भोपाल, म.प्र.

G-14599/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## आईटीआर-3 यूटिलिटी हुई उपलब्ध टैक्सपेयर्स भर सकेंगे रिटर्न

**नई दिल्ली।** आयकर रिटर्न फाइलिंग सीजन के बीच करदाताओं के लिए राहत भरी खबर है। असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए आईटीआर -3 फॉर्म की यूटिलिटी उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही बिजनेस, प्रोफेशन और फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग से आय अर्जित करने वाले करदाता अब अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। इससे पहले आयकर विभाग द्वारा आईटीआर -1, आईटीआर -2 और आईटीआर -4 फॉर्म की यूटिलिटी जारी की जा चुकी थी। अब आईटीआर -3 के उपलब्ध होने से जटिल आय स्रोत वाले करदाताओं के लिए भी रिटर्न फाइलिंग का रास्ता साफ हो गया है। आईटीआर -3 फॉर्म विशेष रूप से उन व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवार के लिए तैयार किया गया है, जिनकी आय किसी व्यवसाय या स्वतंत्र पेशे से होती है। यह फॉर्म उन करदाताओं के लिए अनिवार्य है जिन्हें अपने व्यवसाय या पेशे से संबंधित खातों का रखरखाव करना पड़ता है।



**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /21/जून 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330


### शब्द पहेली - 6262



**बाएँ से दाए-**
1. सफल,उत्तीर्ण-4
5. ओस,रजनीजल-4
7. फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना,मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु,चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट,अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण,सम्राट-4
32. गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां,आई,मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता,रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार,जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन,प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19. विलेन,नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम,मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट,अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास,बंधन-2

**शब्द पहेली -6261 का हल**



### सूडोकु नववाल - 6272

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नववाल - 6271 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# मैक्सिको नॉकआउट में जाने वाली पहली टीम

## साउथ कोरिया को हराया




मैक्सिको के फैंस ने खचाखच भरे स्टेडियम में टीम के सपोर्ट में लगाए नारे

एजेंसी ▸▸| गुआडालाजारा

लुइस रोमो ने दक्षिण कोरिया की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गोल दागा, जिससे सह मेजबान मैक्सिको 1-0 से जीत हासिल करके मौजूदा विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मैच जब गोलरहित बराबरी पर चल रहा था तब खेल के 58वें मिनट में दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम सेउंग-ग्यू और डिफेंडर ली गी-ह्युक के बीच टक्कर होने से गेंद पेनल्टी एरिया के अंदर छूट गई। रोमो के पास यह सुनहरा मौका था और उन्होंने गेंद को आसानी से खाली नेट में डालकर गोल कर दिया, जो बाद में निर्णायक साबित हुआ। यह उस टीम के लिए एक बड़ी जीत है, जो 2022 में ग्रुप चरण में जीत हासिल करने में नाकाम रही थी और अब उसने घरेलू मैदान पर उत्साहित दर्शकों के सामने दो बार जीत हासिल की है।

### दर्शकों ने खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए

मैक्सिको के खिलाड़ियों ने मैदान पर जश्न मनाया जबकि दर्शकों ने एस्टाडियो एक्रोन के खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए और गीत गाए। खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। दक्षिण कोरिया ने 87वें मिनट में लगभग बराबरी कर ली थी लेकिन मैक्सिको के गोलकीपर राउल रेंगल ने दो शानदार बचाव करके खतरे को टाल दिया था। उन्होंने पहले चो ग्वे-सुंग के करीब से किए गए हेडर को रोका और फिर रिबाउंड पर यांग ह्यून-जून के प्रयास को और भी बेहतर तरीके से नाकाम किया।

## मंजांबी ने लगाया वॉली शाट, दागा पहला गोल

**स्विट्जरलैंड ने बोस्निया हर्जेगोविना को हराया**



**इंगलवुड।** स्थानापन्न खिलाड़ी योहान मंजांबी के दो गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने विश्व कप फुटबॉल की ग्रुप बी के मैच में बोस्निया-हर्जेगोविना पर 4-1 से जीत शानदार जीत हासिल की। मंजांबी ने मैदान पर उतरने के तीन मिनट बाद ही मैच के 74वें मिनट में एक शानदार वॉली शॉट लगाकर विश्व कप में अपना पहला गोल किया। यह स्विट्जरलैंड का मैच में पहला गोल भी था। इसके बाद उसने गोल की झड़ी लगाकर ग्रुप बी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बोस्निया के टैरिक मुहारेमोविच को खतरनाक टैकल के लिए लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण उसकी टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिसका स्विट्जरलैंड ने पूरा फायदा उठाया। रुबेन वर्गास ने इसके कुछ देर बाद 84वें मिनट में स्विस टीम के लिए दूसरा गोल किया। मंजांबी ने वर्गास के पास पर 90वें मिनट में फिर से गोल किया, जबकि कप्तान ग्रैनिट ज़ाका ने इंजरी टाइम के सातवें मिनट में पेनल्टी पर से गोल दागकर अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस बीच एर्मिन महमिच ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बोस्निया के लिए गोल किया।



## डेविड ने लगाई हैट्रिक कनाडा की पहली जीत

**कतर को 6-0 से दी करारी शिकस्त**

***वैंकूवर।*** *जोनाथन डेविड ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच हैट्रिक लगाई, जिससे कनाडा ने कतर को 6-0 से करारी शिकस्त देकर विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की और नॉकआउट राउंड में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। कतर के दो खिलाड़ियों को लाल कार्ड मिले, जिससे उसकी टीम 9 खिलाड़ियों तक सिमट गई। कनाडा की टीम ने इसका पूरा फायदा उठाया। होमन अहमद को पहले हाफ (33वें मिनट) में ही ताजोन बुकानन पर फाउल करने के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया था। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में ही असीम मदीबो (51वें मिनट) को इस्माइल कोने पर फाउल करने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया। उन्होंने कोने के बाएं पैर के निचले हिस्से में चोट पहुंचाई थी जिससे कनाडा के खिलाड़ी को मैदान से बाहर ले जाया गया।*

## मोकोएना ने पेनल्टी को गोल में बदला

**द.अफ्रीका ने चेक गणराज्य के खिलाफ खेला ड्रॉ**



**अटलांटा।** तेबोहो मोकोएना ने आखिरी क्षणों में पेनल्टी को गोल में बदलकर न सिर्फ दक्षिण अफ्रीका को हार से बचाया बल्कि चेक गणराज्य के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ए में उसे एक महत्वपूर्ण अंक भी दिलाया। मोकोएना ने मैच में आंखों में आंसू लिए खेल शुरू किया और चेहरे पर मुस्कान के साथ खेल समाप्त किया। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में छठे मिनट में मिखाल सादिलेक ने चेक गणराज्य को बढ़त दिलाई। अलेक्जेंडर सोज्का ने सादिलेक को पास दिया और उन्होंने गोलकीपर रोनवेन विलियम्स को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। चेक गणराज्य जब जीत की तरफ बढ़ रहा था तब थापेलो मासेको का लंबी दूरी का शॉट पेनल्टी एरिया में चेक प्रतिद्वंद्वी पावेल सुल्क के हाथ को स्पर्श कर गया। मैच से पहले राष्ट्रगान के दौरान आंसू बहाते हुए दिखाई देने वाले मोकोएना ने 83वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर कदम रखा और चेक गणराज्य के गोलकीपर मातेज कोवर के पास निचले हिस्से में शॉट मारकर गोल कर दिया।

## खबर संक्षेप



### इनियन ने जीता ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब

**मुंबई।** ग्रैंडमास्टर इनियन पा ने अपनी शीर्ष रैंकिंग के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए शुरू से लेकर अंत तक दबदबा बनाकर ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब जीत लिया। चौबीस साल के राष्ट्रीय चैंपियन इनियन ने अंतिम दौर में अजय संतोष पर्वतरेड्डी के साथ ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए खिताब जीता। उन्हें 8 लाख रुपए की इनामी राशि मिली। इनियन ने प्रतियोगिता में अजेय रहते हुए 7.5 अंक के साथ खिताब जीता। बोरिस सावचेंको ने अंतिम दौर में आकाश शरदचंद्र दाल्वी के साथ ड्रॉ खेलकर 6.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। नितिन बाबू ने चैलेंजर वर्ग जबकि माधवेंद्र प्रताप शर्मा ने जूनियर मास्टर्स वर्ग का खिताब जीता।

### 'स्पार्क' ने किया ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई




**मुंबई।** भारत के ट्रैकमेनिया खिलाड़ी कुणाल उप्रेती (स्पार्क के नाम से मशहूर) ने एशिया और ओसनिया क्वालीफायर के जरिए जगह बनाकर ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया, जिससे वह इस रेसिंग खिताब में देश के अकेले प्रतिनिधि हैं। ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 19 से 22 अगस्त तक होगा, जिसमें दुनिया के 32 शीर्ष खिलाड़ी 500,000 अमेरिकी डॉलर (4.7 करोड़ रुपए) की कुल पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे। स्पार्क भारतीय ईस्पोर्ट्स संस्थान एस8यूएल के उन तीन ट्रैकमेनिया खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के पहले चरण के लिए जगह बनाई है।

**आज दोपहर 1.30 बजे से अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरा वनडे**

# 'सुपर सैटरडे': क्लीन स्वीप पर भारत की नजर

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

पहले दो मैच में धमाकेदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी, जिसमें केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। राहुल की वनडे टीम में जगह को लेकर कभी कोई संदेह नहीं रहा है, लेकिन जायसवाल शीर्ष क्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अपनी जगह पक्की करने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। जायसवाल ने 2025 के बाद वनडे टीम में वापसी की है लेकिन वह लखनऊ में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में केवल चार रन ही बना पाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इससे पहले, जो आखिरी वनडे खेला था उसने उन्होंने विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 116 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद स्थिति काफी बदल गई है और अब ईशान किशन की वापसी ने शीर्ष क्रम में एक और दावेदार को जोड़ दिया है।



### राहुल का 5वें नंबर पर प्रदर्शन अच्छा

राहुल का मामला बिल्कुल अलग है। लंबे अंतराल के बाद भारतीय टीम में अय्यर की वापसी का मतलब है कि 34 वर्षीय राहुल को अब अधिकतर मौकों पर छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी होगी। राहुल लंबे समय तक पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने इस पोजीशन पर अच्छा प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने पांचवें नंबर पर खेलते हुए 38 मैचों में 63.2 के औसत से 1517 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। इसके विपरीत छठे नंबर पर उन्होंने 15 मैचों में 41.5 की औसत से 332 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

### राणा खेलेंगे तीसरा वनडे

तेज गेंदबाज हर्षित राणा को घुटने की चोट से उबरने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यह घोषणा की। राणा टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके दाहिने घुटने के नीचे की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और जिसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई थी। वह इस कारण टी20 विश्व कप और इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाए थे। राणा शनिवार को होने वाले श्रृंखला के अंतिम मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं।

# श्रेयांका विश्व कप से बाहर, प्रेमा को मौका

एजेंसी ▸▸| लीड्स

ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल टखने की चोट के कारण महिला टी20 विश्व कप से बाहर हो गई हैं और उनकी जगह लेग स्पिनर प्रेमा रावत को टीम में शामिल किया गया है, जिन्होंने अभी तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

23 वर्षीय पाटिल बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 95 रन की जीत के दौरान चोटिल हो गई थी। यह घटना पावरप्ले के आखिरी ओवर में हुई जब पाटिल को गेंद को रोकने की कोशिश में चोट लग गई। इससे उनके टखने में मोच आ गई।



### रावत पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल

24 वर्षीय रावत को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। वह महिला प्रीमियर लीग के दो सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह मैच खेल चुकी हैं। रावत उस भारत ए टीम का हिस्सा थी, जिसे इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को नॉर्थम्प्टन में पहले टी20 मैच के साथ शुरू होने वाली छह मैचों की श्रृंखला खेलनी है। उन्होंने राइजिंग स्टार्स महिला एशिया कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 4.27 की इकॉनमी रेट से आठ विकेट लिए थे और भारत ए ने खिताब जीता था।

## दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी के गुर सिखाएंगे युवराज

**नई दिल्ली।** युवराज सिंह इंडियन प्रीमियर लीग 2027 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी कोच के तौर पर टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। आईपीएल सूत्रों ने यह जानकारी दी। दिल्ली कैपिटल्स के साथ युवराज का यह आईपीएल में पहला कोचिंग करार होगा।



आईपीएल सूत्र ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ में पूरी तरह से बदलाव होगा क्योंकि समझौते के अनुसार जेएसडब्ल्यू 2027-28 सत्र के लिए प्रबंधन संभालेगा। वेणुगोपाल राव, हेमांग बदानी और मुनाफ पटेल की तिकड़ी को नए सहयोगी स्टाफ के लिए जगह बनानी होगी, जिन्हें सह मालिक जीएमआर ने नियुक्त किया था।' सूत्र ने कहा, 'सौरव गांगुली क्रिकेट निदेशक का पद संभालेंगे और युवराज बल्लेबाजी कोच के तौर पर टीम से जुड़ेंगे।' समझौते के अनुसार सह मालिक जीएमआर और जेएसडब्ल्यू बारी-बारी से दो साल के लिए पुरुषों की टीम का कामकाज संभालते हैं।

**आईसीसी महिला टी20 विश्व**

## वेस्टइंडीज का विजय अभियान जारी, स्कॉटलैंड को हराया



एजेंसी ▸▸| लीड्स

वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 7 रन से हराकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा।

स्कॉटलैंड को जीत के लिए 154 रन की दरकार थी और टीम ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। तेज गेंदबाज आलिया एलीन ने इसके बाद मैच का रुख वेस्टइंडीज की ओर मोड़ दिया। उन्होंने 19वें ओवर में डार्सी कार्टर (59) सहित 3 विकेट चटकाए।

स्कॉटलैंड को अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी लेकिन टीम अंतिम गेंद पर 146 रन पर सिमट गई। ग्रुप दो में अब तक वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने ही अपने दोनों मैच जीते हैं। ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

### स्टेफनी ने खेली 47 रन की नाबाद पारी

स्कॉटलैंड ने दोनों पारियों में वेस्टइंडीज को मुश्किल में डाला। टीम ने पहले अपनी अनुशासित गेंदबाजी और अच्छे क्षेत्ररक्षण से 18 ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर 6 विकेट पर 124 रन कर दिया। अनुभवी स्टेफनी टेलर ने हालांकि टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचा दिया। स्टेफनी ने 19 गेंद में नाबाद 47 रन की पारी खेली और 34 रन बाउंड्री से बनाए, जिससे वेस्टइंडीज की टीम छह विकेट पर 153 रन बनाने में सफल रही। वेस्टइंडीज ने अंतिम दो ओवर में 29 रन जोड़े, जिसमें से 26 स्टेफनी ने बनाए। स्कॉटलैंड के लिए कैथरीन फ्रेजर ने दो विकेट चटकाने के अलावा बाउंड्री पर शानदार कैच भी लपका और शेमाइन कैंपबेल (36) को रन आउट भी किया।

**मकाऊ ओपनः क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई अनमोल**

# सेमीफाइनल में अशिमता, किम को 37 मिनट में हराया

एजेंसी ▸▸| मकाऊ

भारतीय शटलर अशिमता चालिहा ने चोट से उबरने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया की किम मिन सन को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

असम की 26 वर्षीय खिलाड़ी अशिमता ने विश्व की 99वें नंबर की खिलाड़ी किम को 37 मिनट में 21-16, 21-18 से हराया। चोटिल होने के कारण वह तीन महीने तक खेल से बाहर रही थी और उन्होंने मई में वापसी की थी। वहीं अनमोल खरब क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

### अशिमता का अगला मुकाबला यून से

इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिता में यह अशिमता का पहला सेमीफाइनल होगा। वापसी के बाद से उन्होंने चाइना मास्टर्स सुपर 100 और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 प्रतियोगिताओं में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। विश्व की 63वें नंबर की खिलाड़ी अशिमता फाइनल में जगह बनाने के लिए कोरिया की पार्क गा यून का सामना करेंगी।




### फायदा उठाने में नाकाम अनमोल

विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं और एक घंटे तक चले मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान की खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त हान कियान शी से 21-14 15-21 13-21 से हार गईं।

### अशिमता और किम के बीच कांटे का मुकाबला

पहले गेम में अशिमता और किम के बीच कांटे का मुकाबला हुआ और एक समय स्कोर 14-14 से बराबर था। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार चार अंक हासिल किए और फिर यह गेम अपने नाम कर दिया। अशिमता दूसरे गेम में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई और किम ने 8-2 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि वापसी का शानदार नमूना पेश किया और अंतर को 16-18 तक कम कर दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

# भाजपा विधायक संजय पाठक पर मानहानि के आरोप की सुनवाई 6 को

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ कथित मानहानिकारक बयानों के मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कटनी के आर्म्स डीलर नाजिम खान की याचिका पर सुनवाई करते हुये राज्य शासन को शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई को नियत की गई है।



याचिकाकर्ता नाजिम खान का आरोप है कि विधायक संजय पाठक ने सार्वजनिक रूप से ऐसे बयान दिए, जिनसे उनकी प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची। याचिका में कहा गया है कि विधायक ने नाजिम के स्टाक से 14 हजार कारतूस गायब होने, अवैध हथियारों की बिक्री तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के हथियार लाइसेंस बनवाने जैसे आरोप लगाए थे। याचिकाकर्ता ने इन बयानों को झूठा, निराधार और मानहानिकारक बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। याचिका के अनुसार, इन आरोपों के संबंध में पुलिस और प्रशासन को शिकायतें दी गईं, लेकिन न तो एफआइआर दर्ज की गई और न ही किसी प्रकार की जांच शुरू हुई। इसी कथित निष्क्रियता को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की गई है।

## महाधिवक्ता कार्यालय में नियुक्तियों पर सवाल, अंतिम बहस 30 जून से

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की कथित नियमविरुद्ध नियुक्तियों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने पक्षकारों की दलीलें सुनने के बाद अंतिम स्तर की बहस शुरु करने के लिए 30 जून की तिथि निर्धारित कर सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के संयुक्त सचिव योगेश सोनी द्वारा दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही और निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए अर्हताविहीन अधिवक्ताओं को भी नियुक्त किया गया। विवाद 25 दिसंबर को जारी उस सूची से जुड़ा है, जिसमें महाधिवक्ता कार्यालय के लिए 157 विधि अधिकारियों की नियुक्तियां दर्शाई गई थीं। याचिकाकर्ता का आरोप है कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति हेतु न्यूनतम 10 वर्ष की प्रैक्टिस अनिवार्य की गई है, जबकि सूची में शामिल कई अधिवक्ताओं के पास निर्धारित अनुभव नहीं है। याचिका में नियुक्ति प्रक्रिया को मनमाना, पक्षपातपूर्ण और अधिसूचना के विपरीत बताया गया है।

## अंजुमन स्कूल विवाद पहुंचा हाई कोर्ट, प्राचार्य को नोटिस, राज्य से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में अंजुमन इस्लामिया इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, जबलपुर के प्राचार्य पर अभद्र व्यवहार और पुलिस की कथित निष्क्रियता के आरोपों के मामले की शुक्रवार को सुनवाई हुई। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार से जवाब तलब करते हुए निजी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए हैं। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी मुजम्मिल अली की ओर से अधिवक्ता अक्षय नामदेव ने पक्ष रखा। याचिका में कहा गया है कि 10 फरवरी, 2026 को वह अपनी भांजी की फीस जमा करने स्कूल पहुंचे थे, जहां प्राचार्य ने कथित रूप से उन्हें परिसर में प्रवेश से रोका और अपमानजनक व्यवहार किया। याचिका के अनुसार यह घटना अकेली नहीं थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि स्कूल प्रशासन के कुछ निर्णयों, विशेषकर शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश घोषित किए जाने पर आपत्ति उठाने के बाद उनके प्रति दुर्भावनापूर्ण रवैया अपनाया गया। मामले की शिकायत लार्डगंज थाना और पुलिस अधीक्षक जबलपुर को भी की गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

## हाईकोर्ट ने 457 लाख की सड़क निर्माण में धांधली के आरोप पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सीधी जिले में 4.57 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवालों को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता, रीवा और निर्माण एजेंसी केडी सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी को नोटिस जारी किया है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने उनसे जवाब तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई चार अगस्त को नियत की है। कोर्ट के समक्ष यह जनहित याचिका सीधी निवासी आदित्य नारायण सिंह की ओर से दायर की गई। याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया है कि खामा-गिजवार-टिकरी पथरौला मार्ग के निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती गईं और गुणवत्ताहीन निर्माण कर लाखों रुपये की सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया। याचिका के अनुसार शिकायत के बाद हुई जांच में भी खामियां सामने आईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। मामले को सार्वजनिक धन और निर्माण गुणवत्ता से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा मानते हुए अदालत ने विस्तृत सुनवाई के लिए प्रकरण लंबित रखा है।

### एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव 2026 मतगणना में बढ़ता रोमांच

जबलपुर। एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव की मतगणना 16 जून से पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ जारी है। मतगणना प्रक्रिया का प्रतिदिन यूट्यूब पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है तथा प्रत्येक चरण की अद्यतन जानकारी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही है। परिषद निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

चुनाव अधिकारियों ने बताया कि 19 जून को मुलताई, भिंड, गोहद, मेहगांव, लहार एवं बैरसिया की मतपेटियों की मतगणना सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। मतगणना के प्रत्येक चरण के साथ चुनावी मुकाबला लगातार और अधिक रोमांचक होता जा रहा है। अब तक के रुझानों में प्रत्याशियों की स्थिति निरंतर बदलती दिखाई दे रही है, जिससे प्रतिस्पर्धा बेहद दिलचस्प और कड़ी बन गई है। यह अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव न केवल प्रत्याशियों के लिए, बल्कि पूरे अधिवक्ता समुदाय की उत्सुकता और जिज्ञासा को भी लगातार बढ़ा रहा है।

## काम प्रोफेसर का, वेतन नहीं, हाई कोर्ट ने शासन से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज, जबलपुर में वर्षों से प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और सिस्टर ट्यूटर के दायित्व निभा रहे फैकल्टी को पदानुरूप वेतन एवं सेवा लाभ नहीं दिए जाने के मामले में राज्य शासन से जवाब तलब किया है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने सुनवाई के दौरान शासन से पूछा कि जब संबंधित फैकल्टी से उच्च पदों के अनुरूप अध्यापन, मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षाओं सहित शैक्षणिक कार्य लिए जा रहे हैं, तो उन्हें उन पदों का वेतनमान और अन्य लाभ क्यों नहीं दिए जा रहे हैं। मामला डा. अजीता एस नायर व अन्य बनाम राज्य शासन एवं अन्य से जुड़ा है। अधिवक्ता पंकज दुबे व सोनाली पांडे ने दलील दी कि वर्ष 2011 तथा 2019-20 से उनसे नियमित रूप से प्राध्यापकीय दायित्वों का निर्वहन कराया जा रहा है।

## जवाब सुने बिना नहीं चलेगा बुलडोजर, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सागर निवासी महेंद्र कुमार नवैया को राहत देते हुए उनकी संपत्ति के प्रस्तावित ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता के जवाब और दस्तावेजों पर विचार किए बिना कोई कठोर कार्रवाई न की जाए। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि 29 मई, 2025 के ध्वस्तीकरण नोटिस के जवाब में विस्तृत प्रतिवेदन दिया गया था, लेकिन उस पर विचार किए बिना ही मकान तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। याचिकाकर्ता का कहना है कि संबंधित भूमि उसके पिता को पट्टे पर मिली थी और वह वर्तमान में उसका वैध उत्तराधिकारी व कब्जाधारी है।

### योग दिवस और दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम पहुंचेंगी जबलपुर

**जबलपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू शनिवार को दो दिवसीय प्रवास पर जबलपुर पहुंच रही हैं। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। राष्ट्रपति का यह दौरा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू शनिवार शाम 6.10 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से कलाईकुंडा से जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। एयरपोर्ट से वे सीधे सर्किट हाउस क्रमांक-1 जाएंगी, जहां रात्रि विश्राम करेंगी। उनके दौरे को देखते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है तथा संबंधित मार्गों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### गैरिसन ग्राउंड में करेंगी योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ

रविवार सुबह राष्ट्रपति सर्किट हाउस से सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड के लिए रवाना होंगी। यहां सुबह 7.30 बजे आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम में प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सैन्य अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। योग कार्यक्रम के समापन के बाद राष्ट्रपति पुनः सर्किट हाउस लौटेंगी।

### विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में करेंगी प्रतिभाओं का सम्मान

योग दिवस कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति पूर्वाह्न 11.40 बजे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पहुंचेंगी। यहां वे विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विद्यार्थियों को उपाधियां और सम्मान प्रदान करेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं तथा परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। दीक्षांत समारोह के बाद राष्ट्रपति दोपहर 12.50 बजे विश्वविद्यालय से जबलपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी। एयरपोर्ट से दोपहर 1.20 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला लगातार तैयारियों की समीक्षा में जुटा हुआ है।

### मंत्रियों का आगमन शुरु

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित जबलपुर दौरे और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के मद्देनजर प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री शहर पहुंच रहे हैं। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शनिवार सुबह रेल मार्ग से जबलपुर पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा शनिवार दोपहर भोपाल से जबलपुर आएंगे तथा डुमना एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे। उन्हें राज्य शासन द्वारा राष्ट्रपति के स्वागत और विदाई के लिए मिनिस्टर-इन-वेटिंग नामित किया गया है। इधर पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार देर रात सागर जिले के देवरी से सड़क मार्ग द्वारा जबलपुर पहुंचेंगे। तीनों मंत्री 21 जून को गैरिसन ग्राउंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम और अन्य शासकीय आयोजनों में सहभागिता करेंगे।

### दूरस्थ केंद्रों तक पहुंचना होगा आसान

# री-नीट परीक्षार्थियों के लिए विशेष बस सुविधा

**जबलपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा 21 जून को आयोजित री-नीट परीक्षा के लिए जिले में 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से तीन केंद्र शहर से काफी दूरी पर स्थित होने के कारण जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष बस व्यवस्था की है। इन केंद्रों तक पहुंचने के लिए पेमेंट बेसिस पर दो-दो बसों का संचालन किया जाएगा, ताकि अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

री-नीट परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होगी। प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार समाधि रोड बरबटी स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के लिए रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 से सुबह 10.30 बजे और 11.30 बजे बसें रवाना होंगी। इसी तरह ग्राम मंगेली स्थित शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय परीक्षा केंद्र के लिए मेडिकल कॉलेज तिराहा से दो बसें निर्धारित समय पर संचालित की जाएंगी। वहीं डुमना एयरपोर्ट रोड स्थित राज्य होटल प्रबंधन संस्थान पहुंचने के लिए भी रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर-1 से सुबह 10.30 बजे और 11.30 बजे बसों की व्यवस्था की गई है।

### समय पर केंद्र पहुंचने की अपील

जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों को सलाह दी है कि वे निर्धारित समय से पहले बस स्टॉप पर पहुंचें और परीक्षा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। अधिकारियों का कहना है कि दूरस्थ परीक्षा केंद्रों तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## जबलपुर रेलवे स्टेशन पर चला सघन टिकट जांच अभियान

**जबलपुर।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, के निर्देशन में आज जबलपुर रेलवे स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष सघन टिकट जांच अभियान संचालित किया गया। यह अभियान सिंगरौली–जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगमन के समय प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2 एवं 3 पर चलाया गया। अभियान में संदीप श्रोती, बृजेश तिवारी तथा रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक धीरज कुमार के नेतृत्व में कुल 6 टिकट जांच कर्मचारी एवं 3 आरपीएफ कर्मियों ने सहभागिता की। जांच के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों, स्टेशन एवं प्लेटफॉर्म परिसर में गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों तथा बिना बुक कराए अतिरिक्त सामान (अनबुक्ड लगेज) के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 49 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे 23,265/- का रेल राजस्व अर्जित हुआ।

## निवेश के नाम पर सेवानिवृत्त अधिकारी से 3.20 लाख की ठगी

**जबलपुर।** फेसबुक पर निवेश का झांसा देकर एक सेवानिवृत्त अधिकारी से 3 लाख 20 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने अधिक मुनाफे का लालच देकर रकम निवेश करवाई और बाद में पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। गढ़ा थाना पुलिस के अनुसार छोटी बजरिया निवासी 62 वर्षीय अखिलेश दत्त पड़रहा एनटीपीसी से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने फेसबुक पर निवेश संबंधी विज्ञापन देखकर संपर्क किया था। आरोपियों ने उन्हें 3 लाख 20 हजार रुपए निवेश करने पर तीन वर्षों तक हर माह 38 हजार रुपए देने का झांसा दिया।




### संजय सिंह को कौन बचा रहा—लोकायुक्त या विभाग

# लोकायुक्त ने FIR कराई, फिर भी निलंबन क्यों नहीं?

## चार साल की चुप्पी ने खड़े किए बड़े सवाल, क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ दिखावा है

हरिभूमि, जबलपुर।

कटनी में वर्ष 2022 में 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त के हत्थे चढ़े नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक संजय सिंह का मामला अब सिर्फ एक ट्रैप कार्रवाई नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरे प्रशासनिक तंत्र की जवाबदेही पर सवाल बनकर खड़ा हो गया है। लोकायुक्त ने न केवल रंगे हाथों गिरफ्तारी की, बल्कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज की। इसके बावजूद चार साल बीत जाने के बाद भी न तो संजय सिंह का निलंबन हुआ और न ही न्यायालय में चालान पेश किया जा सका। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर संजय सिंह को बचा कौन रहा है लोकायुक्त या फिर उनका अपना विभाग।

हरिभूमि फॉलोअप




### एफआईआर के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं

भ्रष्टाचार के मामलों में आमतौर पर विभागीय जांच और निलंबन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, विशेषकर तब जब कोई अधिकारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया हो। लेकिन इस मामले में तस्वीर उलट दिखाई देती है। मई 2022 में जबलपुर लोकायुक्त ने कटनी के बरगवां स्थित नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई करते हुए संजय सिंह और लेखापाल धीरज मिश्रा को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आरोप था कि धान मिलिंग और परिवहन के लगभग 20 लाख रुपये के बिल पास कराने के एवज में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। एफआईआर दर्ज हुई, गिरफ्तारी हुई, लेकिन इसके बाद कार्रवाई की रफ्तार थम गई।

### चार साल तक निलंबन नहीं, आखिर क्यों

सबसे हैरानी की बात यह है कि चार वर्षों में विभाग ने संजय सिंह को निलंबित करना तक उचित नहीं समझा। उल्टा वे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते रहे और वर्तमान में जबलपुर जैसे बड़े जिले में जिम्मेदारी निभाते रहे। क्या विभाग को एफआईआर की जानकारी नहीं थी? यदि जानकारी थी, तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? और यदि जानबूझकर कार्रवाई नहीं की गई, तो इसके पीछे किसका संरक्षण काम कर रहा था?

### लोकायुक्त की देरी भी सवालों के घेरे में

लोकायुक्त की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि जांच पूरी हो चुकी थी, तो चालान पेश करने में चार साल का समय क्यों लगा? यदि अभियोजन स्वीकृति नहीं मिली, तो उसके लिए जिम्मेदार कौन है? क्या इस देरी का लाभ आरोपी अधिकारी को मिला? सूत्रों के अनुसार संजय सिंह जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं पूरा मामला सेवानिवृत्ति तक खींचने की कोशिश तो नहीं की जा रही।

### क्या विभागीय मिलीभगत की भी जांच हो

अब यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या केवल एक अधिकारी को बचाने की कोशिश हो रही है या फिर विभाग के भीतर ऐसे लोग भी हैं जो इस पूरे मामले में पर्दे के पीछे भूमिका निभा रहे हैं? यदि एक रंगे हाथ पकड़ा गया अधिकारी बिना निलंबन के वर्षों तक पद पर बना रह सकता है, तो क्या यह विभागीय तंत्र की विफलता है या फिर संरक्षण की संगठित व्यवस्था? इन परिस्थितियों में विभागीय अधिकारियों की भूमिका की स्वतंत्र जांच की मांग भी तेज होने लगी है।

### किसानों के भरोसे पर चोट

यह वही विभाग है जो समर्थन मूल्य पर किसानों का धान, गेहूं और अन्य उपज खरीदने की जिम्मेदारी निभाता है। मझौली धान घोटाले में 174 किसान आज भी भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जबकि 5 हजार क्विंटल गेहूं गड़बड़ी का मामला भी सामने आ चुका है। ऐसे में किसानों का सवाल है कि जब व्यवस्था के शीर्ष पर बैठे अधिकारियों पर ही भ्रष्टाचार के आरोप हों, तो पारदर्शिता की उम्मीद कैसे की जाए।

### आम आदमी के सवाल

- लोकायुक्त द्वारा एफआईआर दर्ज होने के बावजूद संजय सिंह को निलंबित क्यों नहीं किया गया?
- चार साल बाद भी चालान न्यायालय में पेश क्यों नहीं हुआ?
- संजय सिंह को बचा कौन रहा है—लोकायुक्त, विभाग या कोई प्रभावशाली तंत्र?
- क्या विभागीय अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होगी?
- क्या भ्रष्टाचार के मामलों में अलग-अलग मानक अपनाए जा रहे हैं?
- यदि आम कर्मचारी पर तत्काल कार्रवाई होती है, तो यहां नरमी क्यों?

**प्रशासनिक लापरवाही या भ्रष्टाचार को संरक्षण-** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली व्यवस्था को यह बताना होगा कि रंगे हाथों पकड़े गए अधिकारी पर चार साल तक निलंबन न होना क्या महज प्रशासनिक लापरवाही है, या फिर यह संरक्षण की ऐसी परत है जो सिस्टम के भीतर कहीं गहरे तक फैली हुई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

बहुचर्चित गोलबाजार भूमि विवाद

# हाई कोर्ट ने नगर निगम की कार्रवाई पर लगाई अंतरिम रोक, सात दिन में मांगा जवाब

## लीज वैध होने के दावे के समर्थन में दस्तावेज पेश करने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के बहुचर्चित गोलबाजार अतिक्रमण मामले में नगर निगम की रिपोर्ट के आधार पर प्रस्तावित कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। इससे पार्षद अयोध्या तिवारी सहित अन्य प्रभावित पक्ष को अंतरिम राहत मिली है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की डिवीजन बेंच ने जयदीप शाह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि अगली सुनवाई तक नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसरण में कोई भी दमनात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 30 जून 2026 को नियत की गई है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रियंकुश जैन ने पक्ष रखा। राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सिंह, जबकि अन्य पक्षकारों की ओर से सौरभ सुंदर, सतीश वर्मा व हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अमन डावरा, सीवी राव, भारत दीप सिंह, हितेंद्र विश्वकर्मा व सोनल पटेल उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान बताया गया कि एक अन्य संबंधित याचिका डब्ल्यूपी क्रमांक 20336/2026 भी इसी विवाद से जुड़ी है



और उसे इसी युगलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किए जाने के निर्देश हैं। अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए प्रतिवादियों को सात दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सुनवाई में वरिष्ठ अधिवक्ता संजय के. अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि संबंधित लीज अब भी प्रभावी और अस्तित्व में है। इस पर हाई कोर्ट ने उन्हें अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करने तथा उसकी अग्रिम प्रति प्रतिपक्ष को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## ट्रक में सामान नहीं यादें भी साथ जाएंगी, स्नेह-विश्वास और अपनत्व को अपने हृदय में संजोकर ले जा रहा हूं

**हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के विदाई आयोजन में बोले जस्टिस संजीव सचदेवा**

**जबलपुर।** न्यायिक जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर जब हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद से सुप्रीम कोर्ट के लिए विदा हो रहे जस्टिस संजीव सचदेवा मंच पर पहुंचे, तो यह केवल एक औपचारिक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि बार और बेंच के बीच बने आत्मीय रिश्तों का भावनात्मक उत्सव बन गया। हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में जस्टिस सचदेवा ने कहा कि वह जबलपुर से कोई भौतिक उपलब्धि लेकर नहीं जा रहे, बल्कि यहां से मिले स्नेह, विश्वास और अपनत्व को अपने हृदय में संजोकर ले जा रहे हैं। यहां से ट्रक में सामान के साथ यादें भी जाएंगी। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व जब उनका तबादला जबलपुर हुआ था, तब मन में अनेक जिज्ञासाएं और आशंकाएं थीं, किंतु संस्कारधानी ने उन्हें कोई परेशानी नहीं होने दी। राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने कहा कि यह दुर्लभ अवसर है जब उन्हें अल्प अवधि में दूसरी बार जस्टिस सचदेवा के सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने इसे न्यायपालिका की उस परंपरा का प्रतीक बताया, जिसमें प्रतिभा, परिश्रम और निष्पक्षता को सर्वोच्च सम्मान मिलता है। समारोह के दौरान बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव निखिल तिवारी तथा अन्य पदाधिकारियों ने जस्टिस सचदेवा का सम्मान किया।

## री-वैल्यूएशन की मांग निरस्त, हाईकोर्ट ने छात्रों पर लगाया जुर्माना

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर (एमयू) की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को पारदर्शी और विश्वसनीय मानते हुए पुनर्मूल्यांकन की मांग करने वाले दो छात्रों की याचिकाएं निरस्त कर दीं। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने दोनों याचिकाकर्ताओं पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने यह आदेश जबलपुर निवासी बीएचएमएस छात्र अमरजीत भारद्वाज तथा एमएससी नर्सिंग छात्रा प्रेमलता तिवारी की याचिकाओं पर सुनाया। दोनों ने दावा किया था कि उत्तर पुस्तिकाओं में कुछ उत्तर सही चिन्हित होने के बावजूद उनके अंक नहीं जोड़े गए। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हाई कोर्ट ने उत्तर पुस्तिकाओं का स्वतंत्र विशेषज्ञों से पुनर्मूल्यांकन कराया। जांच में नर्सिंग छात्रा के अंक यथावत रहे, जबकि बीएचएमएस छात्र को पहले से भी कम अंक मिले।



# कबाड़ गोदाम में लगी आग पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम ने 15 मिनट में पाया काबू, टला बड़ा हादसा

**जबलपुर।** धनवंतरी नगर के पुरवा बस्ती स्थित एक कबाड़ गोदाम में अचानक भड़की आग पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम ने सतर्कता दिखाते हुए महज 15 से 20 मिनट के भीतर पूरी तरह काबू पा लिया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में टीम की इस त्वरित कार्रवाई के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया और आस-पास की घनी आबादी वाले क्षेत्र को सुरक्षित बचा लिया गया। इस संबंध में अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर ने बताया कि पुरवा बस्ती में स्थित कबाड़ गोदाम से अचानक धुएं का गुबार और आग की लपटें उठती देख स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया था। कबाड़ में प्लास्टिक और ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी। इसकी सूचना नागरिकों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर फाइटिंग टीम दमकल वाहनों के साथ बिना एक पल गंवाए मौके पर पहुंची और टीम ने तुरंत मात्र 15-20 मिनट में काबू पाया। टीम के कुशल तालमेल और सूझबूझ का ही नतीजा था कि मात्र 15 से 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सुरक्षा के प्रति सजगता नगर निगम प्रशासन ने इस सफल ऑपरेशन के लिए फायर ब्रिगेड की टीम की सराहना की है।

देर रात सड़क पर हंगामा, पुलिस ने मोर्चा संभाला

## जेडीए की विवादित दुकान को लेकर दो पक्षों में विवाद

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित जेडीए की एक विवादित दुकान को लेकर देर रात दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दुकान के कब्जे और मालिकाना हक को लेकर चल रहे पुराने विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब एक पक्ष के लोग रात करीब 11 बजे मौके पर पहुंचे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच सड़क पर धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और मारपीट की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर गढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान कुछ देर के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे। पुलिस ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को शांत कराया।

जानकारी के अनुसार दुकान के स्वामित्व और कब्जे को लेकर वैभव वेशवानी और नितिन जैन के बीच लंबे समय से कानूनी विवाद चल रहा है। एक पक्ष का आरोप है कि अदालती आदेशों के बावजूद दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया गया, जबकि दूसरे पक्ष ने भी अपने दावे प्रस्तुत किए हैं। विवाद के दौरान मारपीट और धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं।

गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा संबंधित पक्षों को दुकान से जुड़े दस्तावेज और न्यायालय के आदेश प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध अभिलेखों और तथ्यों के परीक्षण के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है।

दो दिवसीय प्रवास को लेकर हाई अलर्ट, शहर की सीमाओं से लेकर आसमान तक कड़ी निगरानी

# राष्ट्रपति के आगमन से पहले शहर अभेद सुरक्षा कवच में तब्दील

**जबलपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 20 और 21 जून को होने वाले जबलपुर दौरे से पहले पूरा शहर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में आ गया है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति की सहभागिता को देखते हुए प्रशासन, पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को बहुस्तरीय बनाया गया है। शहर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन की जांच की जा रही है, जबकि प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी गई है।

### आसमान से लेकर जमीन तक कड़ी निगरानी

राष्ट्रपति की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यक्रम स्थलों के आसपास लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाइडर, गुब्बारे तथा अन्य उड़ने वाली वस्तुओं के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने इन क्षेत्रों को अस्थायी नो-फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया है। ऊंची इमारतों, महत्वपूर्ण चौराहों और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा बलों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया है ताकि किसी भी संभावित खतरे से तुरंत निपटा जा सके।

### अतिरिक्त पुलिस बल और विशेष टीमें तैनात

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विभिन्न जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल जबलपुर भेजा गया है। सुरक्षा प्रबंधन के लिए शहर को अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिनकी जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई है। बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, आरक्षक, विशेष शाखा, खुफिया इकाइयों के कर्मचारी, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमें सुरक्षा ड्यूटी में लगाई गई हैं। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों द्वारा पूरे सुरक्षा प्रबंधन की लगातार निगरानी की जा रही है।



### रूट और कार्यक्रम स्थलों की बार-बार जांच

राष्ट्रपति के संभावित आवागमन मार्गों पर लगातार एंटी-सबोटाज जांच अभियान चलाया जा रहा है। एयरपोर्ट, हेलीपैड, विश्वविद्यालय परिसर, योग कार्यक्रम स्थल और वीवीआईपी रूट की कई चरणों में जांच की जा चुकी है। सुरक्षा एजेंसियां हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं और पूरे कार्यक्रम की फुल ड्रेस रिहर्सल भी कराई जा रही है ताकि किसी प्रकार की चूक की संभावना न रहे।

### ट्रैफिक प्लान भी तैयार

राष्ट्रपति के दौरे के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। वीवीआईपी मूवमेंट के समय कुछ प्रमुख मार्गों पर अस्थायी रूप से यातायात रोका जा सकता है तथा वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा है। वहीं जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, विद्युत और परिवहन विभागों के अधिकारी लगातार समन्वय बैठकों के जरिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रशासन का दावा है कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर अब तक की सबसे व्यापक और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

## फर्जी नामांतरण कर बेच दी जमीन

**जबलपुर।** मझौली थाना पुलिस ने राजस्व अभिलेखों में कथित हेराफेरी कर भूमि का फर्जी नामांतरण कराने और बाद में जमीन विक्रय करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम अमरगढ़, थाना बहोरीबंद जिला कटनी निवासी 55 वर्षीय चंद्रिका प्रसाद लोधी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम मझौली स्थित खसरा नंबर 109, रकबा 0.283 हेक्टेयर भूमि मूल रूप से प्रेमलाल लोधी एवं सुकरत लोधी के नाम दर्ज थी। आरोप है कि वर्ष 1995-96 में राघवेन्द्र उर्फ रघ्घु राय ने तत्कालीन पटवारी से मिलीभगत कर प्रेमलाल लोधी को अपना पिता दर्शाते हुए राजस्व रिकॉर्ड में फर्जी तरीके से अपना तथा अपने भाइयों के नाम दर्ज करा लिए। शिकायत में कहा गया कि प्रेमलाल लोधी निःसंतान थे, जबकि सुकरत लोधी उनके भाई बसोरे लोधी के पुत्र थे। इसके बावजूद षड्यंत्रपूर्वक दोनों के नाम रिकॉर्ड से हटवाकर फर्जी फौती दर्ज कराई गई और बाद में 5 दिसंबर 2024 को उक्त भूमि जय साहू के नाम विक्रय कर दी गई। भूमि के कब्जे को लेकर विवाद होने पर राजस्व अभिलेखों की जांच में कथित अनियमितताओं का खुलासा हुआ। मझौली थाना पुलिस ने शिकायत की जांच के दौरान फरियादी एवं अन्य साक्षियों के कथन दर्ज किए। जांच में प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोपी राघवेन्द्र उर्फ रघ्घु राय, सुरेन्द्र पाल राय, मीना राय, आशा रानी राय एवं उषा रानी राय, सभी निवासी मझौली, के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2), 318(2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

आबकारी मंत्री के प्रभार वाले जिले में दागी अफसर पर सिंडिकेट को संरक्षण देने का मामला

# आबकारी अफसरों के लिए 'सोने की खान' बना शराब का ओवररेट खेल

हरिभूमि फॉलोअप

**जबलपुर।** जिले में शराब की ओवररेटिंग को लेकर हरिभूमि द्वारा उठाए गए सवालों के बाद अब इस पूरे खेल के पीछे संगठित सिंडिकेट की चर्चा तेज हो गई है। आरोप है कि आबकारी और प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रभार वाले जिले में शराब का कारोबार केवल निर्धारित नियमों के तहत नहीं, बल्कि एक सुनियोजित नेटवर्क के जरिए संचालित हो रहा है, जिसमें ओवररेटिंग को आय का स्थायी जरिया बना दिया गया है।
सूत्रों का दावा है कि जिले में शराब ठेकेदारों और विभागीय स्तर पर प्रभाव रखने वाले कुछ लोगों के बीच ऐसा तंत्र विकसित हो चुका है, जिसके चलते एमआरपी से अधिक कीमत वसूलना सामान्य प्रक्रिया बन गई है। यही वजह है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का असर जमीन पर दिखाई नहीं देता।

### दागी अफसर की भूमिका पर उठे सवाल

विभाग के प्रमुख डॉ. संजीव दुबे की भूमिका को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि विवादों से घिरे इस अधिकारी के कार्यकाल में शराब कारोबारियों को खुली छूट मिली है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि ओवररेटिंग की शिकायतें लगातार सामने आने के बावजूद कठोर कार्रवाई से बचा गया।
हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन सवाल यह जरूर उठ रहा है कि यदि विभाग निष्पक्ष है तो फिर लगातार मिल रही शिकायतों पर बड़े स्तर की कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### धार और इंदौर में लग चुके आरोप

प्रदेश के अन्य जिलों में शराब कारोबार को लेकर सामने आए विवादों के बाद अब जबलपुर का नाम भी चर्चाओं में आने लगा है। आरोप है कि धार और इंदौर की तर्ज पर आबकारी सहायक आयुक्त डॉ. संजीव दुबे ने यहां भी एक संगठित सिंडिकेट सक्रिय कर दिया है। धार और इंदौर में रहते समय इनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही है, ये बात अलग है की 10 साल बीतने के बाद भी जांच की आंच आज तक इन पर नहीं पहुंची है।

### मंत्री के प्रभार वाले जिले में सवालों का पहाड़

आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रभार वाले जिले में यदि शराब उपभोक्ताओं से खुलेआम एमआरपी से अधिक कीमत वसूली जा रही है और संगठित सिंडिकेट के आरोप लग रहे हैं, तो यह केवल विभागीय लापरवाही का मामला नहीं रह जाता, बल्कि शासन की जवाबदेही पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### कार्रवाई क्यों नहीं?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आबकारी विभाग को इस कथित सिंडिकेट की जानकारी नहीं है?
यदि जानकारी है तो अब तक एफआईआर या विभागीय जांच क्यों नहीं हुई?
कितनी शराब दुकानों की जांच कर ओवररेटिंग पकड़ी गई?
कितने लाइसेंस निलंबित किए गए?
उपभोक्ताओं से वसूली गई अतिरिक्त रकम की भरपाई कैसे होगी?
क्या सरकार किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराएगी?

## ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र में ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार मदर टेरेसा कॉलोनी निवासी राकेश कुमार राय अपने परिचित सतेंद्र लोधी और मुकेश बर्मन के साथ अलग-अलग बाइक से जन्मदिन समारोह में शामिल होने पाटन जा रहे थे। रात करीब 9 बजे उड़ना चौराहे के आगे पहुंचने पर जबलपुर की ओर से आ रहे ऑटो चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में सतेंद्र लोधी और मुकेश बर्मन घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए हेल्थ सिटी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

रांझी-गोकलपुर के लाखों लोग बूंद-बूंद को मोहताज

# परियट में पानी नहीं, सिर्फ सिल्ट बची


**जबलपुर।** रांझी और गोकलपुर क्षेत्र इन दिनों भीषण जलसंकट की चपेट में हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि लाखों की आबादी को दिनभर के लिए महज 5 से 10 मिनट पानी मिल रहा है। कई इलाकों में लोग एक-दो बाल्टी पानी भी नहीं भर पा रहे हैं। पीने के पानी के लिए परिवारों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है, जबकि निस्तार और अन्य घरेलू जरूरतें पूरी करना लगभग असंभव हो गया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि जिस परियट जलाशय के भरोसे पूरे इलाके की जलापूर्ति की जा रही है, वह अब लगभग दम तोड़ चुका है। जलाशय में दूर-दूर तक पानी नजर नहीं आ रहा, बल्कि अधिकांश हिस्से में सिल्ट ही सिल्ट दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कागजों में भले ही जलस्तर 5 से 6 फीट बताया जा रहा हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि उसमें 4 से 5 फीट तक केवल गाद जमी हुई है और उपयोग योग्य पानी नाममात्र का बचा है।

### नहर बंद होते ही बढ़ा संकट

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 मई को उमरिया नहर बंद कर दी गई थी। इसके बाद रांझी और गोकलपुर की पूरी जलापूर्ति परियट जलाशय पर निर्भर हो गई। लेकिन समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने का खामियाजा अब लाखों नागरिक भुगत रहे हैं। जलाशय का स्तर लगातार गिरता गया और जिम्मेदार विभाग हालात बिगड़ने के बाद भी प्रभावी कदम नहीं उठा सका।

### घरों में मचा हाहाकार

पानी की कमी ने क्षेत्र के लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त कर दी है। सुबह से ही लोग नलों के पास डटे रहते हैं, लेकिन सप्लाई शुरू होते-होते बंद हो जाती है। कई मोहल्लों में महिलाओं और बुजुर्गों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब भीषण गर्मी के दिनों में यह स्थिति है तो आने वाले दिनों में संकट और विकराल हो सकता है।



### नगर निगम के खिलाफ फूटा गुस्सा

जलसंकट से त्रस्त नागरिकों का आक्रोश अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। पूर्व पार्षद राजेश यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और महापौर कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लाखों लोगों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है, लेकिन नगर निगम केवल आश्वासन देने में व्यस्त है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल पर्याप्त संख्या में टैंकर भेजे जाएं और पानी की टंकियों को पूरी क्षमता तक भरा जाए, ताकि कम से कम एक समय लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ठोस व्यवस्था नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

### अभी कुछ पानी उपलब्ध है

नगर निगम के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव का कहना है कि खंदारी, परियट और बरगी जलाशयों का जलस्तर कम हुआ है। रांझी क्षेत्र में सबसे अधिक समस्या है। परियट जलाशय में जमी सिल्ट निकालने का कार्य शुरू कराया जा रहा है तथा जलाशय के पिछले हिस्से में अभी कुछ पानी उपलब्ध है।

**कमलेश श्रीवास्तव**, कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, जबलपुर

# राष्ट्रपति का स्वागत करने सज-धज कर तैयार संस्कारधानी

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम ने उनके स्वागत एवं कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। अधिकारियों के अनुसार 21 जून को सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय योग दिवस समारोह में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भी उपस्थिति प्रस्तावित है। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि वीआईपी रूट सहित प्रमुख मार्गों और चौराहों पर विशेष साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया है। शहर के विभिन्न हिस्सों में रंगाई-पुताई, आकर्षक सजावट, प्रकाश व्यवस्था और फूलों से साज-सज्जा की गई है। नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार तैयारियों की निगरानी कर रही हैं, ताकि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।




## संभागायुक्त-कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के जबलपुर प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों का शुक्रवार को संभागायुक्त धनंजय सिंह एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित किये जा रहे 36वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान कुलपति प्रो. डॉ राजेश कुमार वर्मा, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित भी मौजूद थे।

# विद्युत गृहों की निर्बाध कार्यक्षमता के लिए पावर जनरेटिंग कंपनी की नई तकनीकी निगरानी मॉडल व्यवस्था लागू

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने अपने ताप एवं जल विद्युत गृहों के अधिक सुरक्षित, दक्ष एवं निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए नई तकनीकी निगरानी व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने बताया कि वार्षिक ओवरहॉल (एओएच) एवं पूंजीगत ओवरहॉल (सीओएच) के बाद इकाइयों की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यालय एवं विद्युत गृहों के विशेषज्ञ अभियंताओं की संयुक्त समन्वय टीम गठित की गई है। वर्तमान में कंपनी के चार ताप विद्युत गृहों एवं 10 जल विद्युत गृहों के माध्यम से कुल 5492 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत गठित टीमें ओवरहॉल कार्यों की योजना, निरीक्षण, मूल्यांकन एवं अनुपालन की सतत निगरानी करेंगी। साथ ही तकनीकी खामियों, ट्रिपिंग के कारणों और सुधारात्मक उपायों की समीक्षा कर परिचालन बाधाओं को न्यूनतम करने का प्रयास किया जाएगा। कंपनी के अनुसार निरीक्षण प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए टीमों में ऐसे अभियंताओं को शामिल किया गया है, जिनका संबंध संबंधित इकाई के ओवरहॉल कार्यों से नहीं होगा। इसके अलावा ओवरहॉल गतिविधियों की गुणवत्ता, दैनिक प्रगति प्रतिवेदन और गुणवत्ता नियंत्रण दल द्वारा सत्यापन की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। इस पहल से विद्युत उत्पादन की विश्वसनीयता, दक्षता और संयंत्रों की दीर्घकालिक कार्यक्षमता को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।





# टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग, शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, जबलपुर द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष आशीष तिवारी एवं जिला सचिव दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में पीएसएम महाविद्यालय से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन में 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से स्थायी रूप से मुक्त करने हेतु अध्यादेश लाने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष आशीष तिवारी ने कहा कि उक्त शिक्षकों की नियुक्तियां तत्कालीन नियमों के अनुसार हुई थीं, इसलिए उन पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना उचित नहीं है। जिला सचिव दिनेश मिश्रा एवं संभागीय सचिव राजकुमारी गुप्ता ने भी पूर्व नियुक्त शिक्षकों को स्थायी छूट देने की आवश्यकता बताई। रैली में महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र रिछारिया सहित प्रवीण पाराशर, कालीचरण राय, अरविंद तिवारी, राकेश मिश्रा, मनोज पांडे, आशीष उपाध्याय, अनिरुद्ध मिश्रा, तेजपाल लोधी, अजय रजक, विशंभर गर्ग, रवि पटेल, महेंद्र पटेल, अरविंद शुक्ला, प्रदीप तिवारी, भूपेश सोनी, बारेलाल, राजेश तायडे, प्रमोद विश्वकर्मा, सुग्रीव महोबिया, राकेश विश्वकर्मा, शिवकुमार पटारिया, चेतराम चौरे, अनुज जैन, धर्मेंद्र कोस्टा एवं त्रिगपाल सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# भूमि की खरीद फरोक्त में 20 लाख की स्टांप ड्युटी का झोल

## कमर्शियल जमीन में निर्मित वेयर हाऊस की कीमत 1.30 करोड़ रुपए

**सिहोरा।** करोड़ों की जमीन को लाखों में खरीद कर स्टांप शुल्क में हेराफेरी कर शाशन को लगभग 20 लाख का चुना लगाने का मामला संज्ञान में आने पर राजस्व न्यायलय ने नामांतरण के लिऐ आये पंजीयन दस्तावेज की जांच हेतु जिला पंजीयक को पत्र लिखा है।विदित हो सड़क किनारे और लिंक मार्ग पर स्थित भूमि,निर्मित मकान व दुकानों का बैनामा करते समय स्टांप ड्यूटी कृषि भूमि के आधार पर अदा कर सरकार को भारी राजस्व का नुकसान पहुंचाने का खेल दलालों द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से खेला जा रहा है।

### क्या है पूरा मामला

न्यायालय तहसीलदार सिहोरा के रा०प्र०क० प्रकरण कमाक 0168/31-6/2026-27 प्रकरण में संलग्न पंजीकृत विकय पत्र कमांक MP50IGR17602026A10035050 7 दिनांक 24.03.2026 लिखत का अवलोकन किया गया। जिससे स्टॉम्प

**क्रेता ने कृषि भूमि बताकर 14540 वर्गफुट निर्माण को 5300 वर्गफुट निर्मित बताकर कराई रजिस्ट्री**

डयूटी में वित्तीय अनियमितता के संबंध में रिपोर्ट ली गई। संबंधित हल्का पटवारी ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि क्रेता चंद्र कुमार पिता प्रहलाद जौहारवानी निवासी वार्ड नं 12 खितौला के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक MP50IGR17602026A10035050 7 पंजीकृत तिथि 24.03.2026 के माध्यम से मोजा पहरेवा में स्थित भूमि खसरा नं. 91/3 रकबा 0.203 एवं खसरा नं. 91/4 रकवा 0.405 हे. में से 01239 हे. कुल रकबा 0.3279 हे. भूमि विक्रेता दीपमाला से क्रय किया है।खसरा नं. 91/3 रकया 0.203 राजस्व अभिलेख में व्यवसायिक व्यपवर्तित है एवं खसरा न. 91/4 का सम्पूर्ण रकवा 0.405 हे आवासीय मद में दर्ज है परंतु पंजीकृत विक्रय पत्र में दोनो खसरो की सम्पत्ति के उपयोग का प्रकार कृषि भूमी दिखाकर रजिस्ट्री करा ली गई।पंजीकृत विक्रय पत्र में उल्लेखित किया गया है कि खसरा नं. 91/3 में मौके पर अंश भाग 5300 वर्गफुट पर वेयर हाउस निर्मित है एवं 200 वर्गफुट में कार्यालय बना हुआ है परंतु मौक पर जांच में पाया गया कि आवेदित भूमि खसरा नं. 91/3 में 14544 (202x72) वर्गफुट पर वेयर हाउस, 1000 (25x40) वर्गफुट पर कार्यालय/मकान एवं 1200 (48x25) वर्गफुट पर कार्यालय/मकान का पक्का फर्श वाला आंगन निर्मित है। शेष भूमि मौके पर रिक्त पायी गई। हल्का पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर तहसीलदार सिहोरा ने जिला पंजीयक से पंजीकृत विक्रय पत्र में लगी स्टांप शुल्क की जांच कराने पत्र लिखा है।

# एफ रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित 9 पुलिस अधिकारियों का होगा अभिनंदन

**जबलपुर।** गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश के तत्वावधान में मध्यप्रदेश पुलिस के सर्वोच्च वीरता सम्मान एफ. रुस्तम जी पुरस्कार से सम्मानित जबलपुर के नौ पुलिस अधिकारियों का अभिनंदन समारोह 21 जून, रविवार सायं 7 बजे शहीद स्मारक में आयोजित किया जाएगा। हाल ही में भोपाल में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डीजीपी की उपस्थिति में इन अधिकारियों को सम्मानित किया था।समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक अजय विश्नोई, डीआईजी अतुल सिंह, पूर्व डीआईजी मनोहर वर्मा तथा कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी सम्मानित अधिकारियों का अभिनंदन करेंगे।अभिनंदित होने वाले अधिकारियों में राजेश तिवारी (पूर्व एआईजी), गोपाल खंडेल (पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक), भावना मरावी (एडीएसपी रेलवे), प्रभात शुक्ल (पूर्व सीएसपी), रवीन्द्र गौतम (पूर्व डीएसपी), राजेंद्र बागरी (पूर्व निरीक्षक), नरेन्द्र मिश्रा (निरीक्षक), जयप्रकाश आर्य (आरआई) एवं जय कुमार चौधरी (कांस्टेबल) शामिल हैं। गुंजन कला सदन के महामंत्री लायन नरेन्द्र जैन ने बताया कि समारोह के दूसरे चरण में गीत-संगीत के विविध कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन संयोजक विनोद यादव, विजय जायसवाल एवं प्रतुल श्रीवास्तव ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# श्रुत पंचमी पर जैन समाज ने निकाली भव्य जिनवाणी शोभायात्रा

**जबलपुर।** श्रुत पंचमी पर्व के अवसर पर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की दिव्य देशना एवं जिनवाणी के सम्मान में भव्य जिनवाणी शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन लॉर्डगंज जैन मंदिर ट्रस्ट कमेटी, जैन पंचायत सभा, संरक्षण सभा, अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद (लॉर्डगंज शाखा) एवं जैन नवयुवक सभा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। शोभायात्रा मुनि श्री 108 निष्कंप सागर महाराज, मुनि श्री 105 निष्काम सागर महाराज, गुरुमति माताजी, दृढ़मति माताजी एवं गुणमती माताजी के सान्निध्य में निकाली गई। यह यात्रा कमानिया गेट से प्रारंभ होकर खजांची चौक, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, नॉर्मल स्कूल रोड एवं लॉर्डगंज थाना मार्ग से होती हुई लाखा भवन पहुंची, जहां धर्मसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन, लॉर्डगंज जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेश जैन सहित चक्रेश नायक, शैलेश, मिंकू, विमल, रूपकिरण, नितिन, अतिशय, शुभम, मयंक, पवित्र, सुबोध कामरेड एवं सत्येंद्र 'जुग्गू' सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की चंदना संभाग अध्यक्ष संध्या जैन, शाखा अध्यक्ष मीना बड़कुल, सचिव संजना जैन सहित निशा चौधरी, चित्रा जैन, श्वेता मोदी, राजकुमारी जैन, प्रतिभा जैन, आशा देवरिया, नीलिमा जैन, शैलजा, समीक्षा एवं आरती ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। धर्मसभा में संतों ने जिनवाणी के महत्व एवं श्रुत परंपरा के संरक्षण का संदेश दिया।



# थैलेसीमिया और सिकलसेल पीड़ितों को मिल रहा जीवनदान, मेडिकल कॉलेज में हुआ बीएमटी

**जबलपुर।** विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल-2 में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिकलसेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) हो चुके बच्चों और उनके परिजनों ने अपने अनुभव साझा किए तथा अन्य परिवारों को उपचार के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बताया गया कि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अब तक 10 बच्चों का सफल बीएमटी किया जा चुका है। विशेषज्ञों ने कहा कि जिन बच्चों का HLA मैच हो चुका है, उन्हें भी समय पर बीएमटी कराकर जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, आईएमए अध्यक्ष डॉ. ऋचा शर्मा, कैंसर विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी, बीएमटी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता पाठक, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. बी.एस. यादव, थैलेसीमिया जन जागरण समिति प्रदेश अध्यक्ष विकास शुक्ला, पराग सागर फाउंडेशन अध्यक्ष पराग सागर एवं पूर्णायु वेलनेस फाउंडेशन अध्यक्ष रवि तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शहडोल, उमरिया, मंडला, कटनी, बालाघाट सहित विभिन्न जिलों से आए बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया तथा उपहार भी प्रदान किए गए। आयोजन को सफल बनाने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, थैलेसीमिया जन जागरण समिति, पराग सागर फाउंडेशन एवं पूर्णायु वेलनेस फाउंडेशन का सहयोग रहा।







# पश्चिम मध्य रेल में अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं का प्रथम दौर सम्पन्न

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के संरक्षण तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी एम.एस. हाशमी के मार्गदर्शन में मुख्यालय स्तर पर 17 एवं 19 जून 2026 को अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रथम दौर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 19 जून को उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी विवेक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में "राष्ट्र के भाग्य का स्वरूप-निर्माण उसकी कक्षाओं में होता है" विषय पर हिंदी वाक प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विवेक कुमार गुप्ता एवं सहायक उपमहाप्रबंधक नवीन कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी संतलाल मर्सकोले ने किया। पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय, तीनों मंडलों एवं दोनों कारखानों में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इन प्रतियोगिताओं में क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारी दूसरे दौर में भाग लेते हैं। दूसरे दौर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी रेलवे बोर्ड द्वारा आयोजित अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं में पश्चिम मध्य रेल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# बरगी बांध के विस्थापित ग्राम बिजोरा में पेयजल संकट, ग्रामीणों ने सौंपा मांग पत्र

**बरगी ।** बरगी बांध के समीप स्थित विस्थापित ग्राम बिजोरा में पेयजल एवं निस्तार जल की गंभीर समस्या सामने आई है। ग्रामीणों ने वर्षों से चली आ रही इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर बरगी बांध परियोजना के विद्युत एवं यांत्रिकी संभाग क्रमांक-2 के कार्यपालन यंत्री शैलेंद्र राठौर एवं एसडीओ मुकेश मदारिया को सामुदायिक मांग पत्र सौंपा।ग्राम पंचायत मगरधा के अंतर्गत आने वाले बिजोरा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि वे बरगी बांध परियोजना से विस्थापित परिवारों से संबंधित हैं, लेकिन आज भी उन्हें मूलभूत पेयजल सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि विस्थापित परिवारों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए गांव में स्थायी पेयजल एवं निस्तार जल की व्यवस्था की जाए। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मांग पत्र प्राप्त किया और उचित परीक्षण कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजकुमार यादव, नन्हेंलाल रजक, रश्मि टेकाम, ईशा मंशराम, अमान बर्मन, गणेश साहू, प्रेमलाल झरिया, मुलऊ बर्मन, मुन्नालाल, तुलसा बाई, नम्रता नेताम, सुनीता बाई एवं मेमबती बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 48वीं अंतर-क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता सम्पन्न



**जबलपुर।** केंद्रीय खेल एवं कला परिषद, म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित 48वीं अंतर-क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता (2026-27) का समापन रामपुर स्थित तरणताल में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में कंपनी के 9 क्षेत्रों से लगभग 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि एस.के. भागवतकर, मुख्य महाप्रबंधक (आरडीएसएस एवं कार्य) तथा अध्यक्ष डी.के. कश्यप, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में बिरसिंहपुर क्षेत्र ने 6 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक के साथ कुल 145 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिंगाजी क्षेत्र द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि कॉर्पोरेट कार्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही।

कुल प्रतियोगिता में 22 स्वर्ण, 22 रजत एवं 22 कांस्य पदकों का वितरण किया गया। खिलाड़ियों ने फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई, ब्रेस्ट स्ट्रोक, मेडले एवं रिले जैसी स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष उपलब्धि के रूप में कॉर्पोरेट कार्यालय के प्रणव देशमुख को 100 मीटर बैक स्ट्रोक में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर इमर्जिंग प्लेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का आधार हैं तथा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं संगठनात्मक समन्वय को भी मजबूत करती हैं। आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न अभियंताओं एवं अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## निधन




**श्रीमती नीलम आनंदानी-** सुखसागर वेली गौरीघाट रोड निवासी श्री सुरेश आनंदानी की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम आनंदानी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अश्विनी कुमार वर्मा-** कांचघर पुलिस लाइन रोड फिसलना मंदिर के पास निवासी श्री अश्विनी कुमार वर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री महेश कुमार नामदेव-** गौतमगंज गढ़ा निवासी श्री महेश कुमार नामदेव (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उपदेश कौर-** गोरखपुर निवासी श्री गुरूचरण सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती उपदेश कौर (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गिंदिया बाई-** संत रविदास नगर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास निवासी श्री राम किशोर की धर्मपत्नी श्रीमती गिंदिया बाई (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उदय कुमार सोनी-** फूटाताल निवासी श्री उदय कुमार सोनी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश विश्वकर्मा-** फूटाताल निवासी श्री ओम प्रकाश विश्वकर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश सोनी-** स्टेट बैंक कॉलोनी सिंगल स्टोरी निवासी श्री महेश सोनी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विनीत कुमार-** सदर सप्लाई रोड निवासी श्री विनीत कुमार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गंगाधर सोमकुंवर-** झिरिया कुआं करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री गंगाधर सोमकुंवर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र गिरी गोस्वामी-** सेठी नगर पानी की टंकी के पास निवासी श्री महेंद्र गिरी गोस्वामी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा बाई प्रजापति-** गली नं. 8, शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री कोप सिंह प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई प्रजापति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बाई कुशवाहा-** जोगिनी नगर रामपुर निवासी श्री राम सिपाही कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई कुशवाहा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल यादव-** हनुमान नगर अमखेरा निवासी श्री किशन लाल यादव के पुत्र श्री राहुल यादव (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### अद्वित ज्वेल्स का आईपीओ 23 जून को निवेशकों के लिए खुलेगा



**नई दिल्ली।** आभूषण क्षेत्र की कंपनी अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ 23 जून को खुलेगा। कंपनी ने इस आईपीओ के लिए 130 से 138 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ पूरी तरह 1.19 करोड़ नए शेयरों के निर्गम पर आधारित है। इसके जरिये 165.15 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 94.34 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने निवेशकों की धारणा पर दबाव डाला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया शुरुआत में सकारात्मक रुख के साथ खुला था।

### सोसाइटी जनरल ने एंथम में हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** सोसाइटी जनरल, प्रूडेंशियल हांगकांग और गिसालो कैपिटल मैनेजमेंट के नेतृत्व में वैश्विक निवेशकों ने एंथम बायोसाइंसेज के एक प्रवर्तक अरुणा गणेश से खुले बाजार के सौदों के जरिये कंपनी में कुल तीन प्रतिशत हिस्सेदारी 1,275 करोड़ रुपये में खरीदी। एनएसई पर 798.25 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर लगभग स्थिर रहा।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जून को समाप्त सप्ताह में 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा था।दिशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 84.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 544.29 अरब डॉलर हो गईं।

### एयरटेल के वत्स 2026-27 के लिए सीओएआई के चेयरमैन बने



**नई दिल्ली।** सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नेतृत्व टीम की घोषणा की, जिसमें भारती एयरटेल के समूह प्रमुख नियामक अधिकारी और निदेशक (निगमित मामले) राहुल वत्स को नया चेयरमैन चुना गया। वत्स, वोडाफोन आइडिया के अभिजीत किशोर की जगह सीओएआई की कमान संभालेंगे।

### अग्रवाल हिंडाल्को के तांबा कारोबार के सीईओ नियुक्त



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने कपिल अग्रवाल को अपने तांबा कारोबार का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)(नामित) नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति एक नवंबर, 2026 से प्रभावी होगी। कंपनी ने यह नियुक्ति ऐसे समय में की है जब वैश्विक तांबा बाजार में बढ़ती मांग और आपूर्ति का दबाव बना हुआ है। ऊर्जा परिवर्तन एवं विद्युतीकरण के विस्तार के कारण तांबे की मांग में तेजी देखी जा रही है।

# व्हाटसऐप प्लस का सब्सक्रिप्शन भारत में लांच, हर महीने 79 रुपए में मिलेगी सर्विस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

व्हाटसऐप अब तक पूरी तरह फ्री ऐप रहा है, लेकिन अब इसमें पहली बार एक पेड सब्सक्रिप्शन मॉडल आ गया है। कंपनी ने भारत में व्हाटसऐप प्लस नाम से नया प्लान रोलआउट करना शुरू किया है, जो एनराइड और आईओएस दोनों यूजर्स के लिए है।

- मेटा ने पहली बार एक पेड सब्सक्रिप्शन मॉडल लाया है

इस नए प्लान की कीमत भारत में 79 रुपए प्रति महीने रखी गई है। हालांकि शुरुआत में यूजर्स को पहला महीना फ्री ट्रायल के तौर पर मिल रहा है। यानी आप पहले इसे इस्तेमाल करके देख सकते हैं और उसके बाद तय कर सकते हैं कि यह आपके लिए जरूरी है या नहीं।

## व्हाटसऐप अब तक पूरी तरह फ्री ऐप रहा है

### अपनी पसंद के हिसाब से लुक बदल सकते हैं

इस प्लान के तहत यूजर्स को ऐप के लुक को बदलने का ऑप्शन मिलता है। इसमें करीब 18 नए कलर थीम्स दिए गए हैं, जिनमें अलग-अलग स्टाइल और कलर कॉम्बिनेशन शामिल हैं। इसके अलावा ऐप का आइकन भी बदला जा सकता है, जिसके लिए 14 नए डिजाइन दिए गए हैं। यानी व्हाटसऐप अब पहले जैसा दिखे, यह जरूरी नहीं है, आप इसे अपनी पसंद के हिसाब से बदल सकते हैं।




*फीचर अभी सभी यूजर्स तक नहीं पहुंचा : हालांकि यह भी ध्यान देने वाली बात है कि यह फीचर अभी सभी यूजर्स तक नहीं पहुंचा है। अगर आपको सब्सक्रिप्शन में व्हाटसऐप प्लस का ऑप्शन नहीं दिख रहा है, तो इसका मतलब है कि यह अभी आपके अकाउंट के लिए रोलआउट नहीं हुआ है। ऐसे में कुछ दिन इंतजार करना होगा।*

### 20 तक चैट्स को पिन कर सकते हैं

सिर्फ लुक ही नहीं, कुछ छोटे लेकिन काम के फीचर्स भी इसमें जोड़े गए हैं। जैसे यूजर्स को एक्सक्लूसिव रिंगटोन मिलती हैं, जो आम यूजर्स के पास नहीं होंगी। इसके साथ ही नए स्टिकर पैक भी दिए जाते हैं। एक और बदलाव यह है कि अब आप अपनी चैट लिस्ट में 20 तक चैट्स को पिन कर सकते हैं, जो पहले लिमिटेड थी। चैट को मैनेज करने के लिए भी कुछ एडिशनल कंट्रोल दिए गए हैं। यूजर्स अपनी चैट लिस्ट को अपने हिसाब से कस्टमाइज कर सकते हैं, जिससे ऐप का इस्तेमाल थोड़ा ज्यादा आसान और पर्सनल हो जाता है।

### एक तरह का कस्टमाइजेशन पैक

व्हाटसऐप प्लस को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि यह कोई बड़ा बदलाव नहीं लाता, बल्कि यह एक तरह का कस्टमाइजेशन पैक है। इसका मतलब यह है कि ऐप के बेसिक फीचर्स जैसे कॉलिंग, स्टेटस, मैसेजिंग और एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन पहले जैसे ही रहेंगे और सभी यूजर्स के लिए फ्री रहेंगे। यह सब्सक्रिप्शन सिर्फ उन लोगों के लिए है जो व्हाटसऐप को थोड़ा अलग और पर्सनल तरीके से इस्तेमाल करना चाहते हैं।

### आरबीआई के एक लाख करोड़ रुपए के वीआरआर को सुस्त प्रतिक्रिया

# आरबीआई के वीआरआर नीलामी में बैंकों की मांग सुस्त, अधिशेष घटने से उत्साह नहीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक लाख करोड़ रुपये की तीन दिन की 'परिवर्ती दर रेपो' (वीआरआर) नीलामी को शुक्रवार को बैंकों की सुस्त प्रतिक्रिया मिली जो अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत देती है।

केंद्रीय बैंक को वीआरआर नीलामी में बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। आरबीआई ने नीलामी में पूरी राशि को 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर स्वीकार कर लिया। बैंकिंग प्रणाली में नकदी की स्थिति अधिशेष में बनी रही, हालांकि इसका स्तर अपेक्षाकृत कम रहा।

### अल्पाकालिक धन की मांग सीमित

वीआरआर नीलामी में कम भागीदारी यह संकेत देती है कि आरबीआई द्वारा परिवर्तनीय दर रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी समर्थन दिए जाने के बावजूद बैंकों में अल्पकालिक धन की मांग सीमित रही।आरबीआई अल्पकालिक नकदी प्रबंधन और ओवरनाइट दरों को नीतिगत दर गलियारे के अनुरूप बनाए रखने के लिए वीआरआर नीलामियां आयोजित करता है।

### 18 जून को नकदी अधिशेष करीब 19,163 करोड़ रुपए रहा

आरबीआई के पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 18 जून तक प्रणाली में नकदी अधिशेष करीब 19,163.11 करोड़ रुपये रहा। पिछले दिन की तुलना में नकदी की स्थिति में मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अब भी कम स्तर पर बनी रही, जो बैंकिंग प्रणाली में अपेक्षाकृत सख्त परिस्थितियों को दर्शाती है।

- अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत
- अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपए की बोलियां मिली
- नीलामी में पूरी राशि को 5 .26 प्रतिशत को कट ऑफ पर स्वीकार किया गया



### अलग-अलग ब्याज दर पर बैंकों को पैसा उधार दिया जाता है

यह वीआरआर की व्यवस्था के तहत बैंकों को अलग-अलग ब्याज दरों पर बोली के जरिये पैसा उधार देता है। नकदी दबाव को कम करने और ओवरनाइट मनी मार्केट दरों को नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के जरिए करीब 1.89 लाख करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

### 18 जून को दो नीलामी की गई

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इसमें 18 जून को दो नीलामियों के जरिये 72,300 करोड़ रुपये, 16 जून को सात दिन की वीआरआर नीलामी के जरिए 89,440 करोड़ रुपये और 15 जून को ओवरनाइट नीलामी के जरिये डाले गए 28,220 करोड़ रुपये शामिल हैं।

### मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर रहना होगा सतर्क

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान आने वाले समय में मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर सतर्क रहने की जरूरत बतायी। मल्होत्रा ने नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही थी।

### रेपो दर 5.25 फीसदी पर रखने का फैसला

आरबीआई ने तीन से पांच जून के बीच हुई एमपीसी बैठक की कार्यवाही का ब्योरा शुक्रवार को जारी किया। समिति के अन्य पांचों सदस्यों ने भी नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया था। एमपीसी ने रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया था।

### विदेशी पूंजी आकर्षित करने कई कदम घोषित

बैठक के दौरान पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष के कारण वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई कदमों की घोषणा की गई थी। ब्योरे के मुताबिक, एमपीसी बैठक के दौरान मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई और वृद्धि के अनुमानों को लेकर अनिश्चितता अधिक है।

# सोना 2,840 रुपए टूटा, चांदी भी 8,040 रुपए फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया
- चांदी की कीमत लुढ़ककर 2 .4 लाख रुपए प्रति किलोग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,840 रुपये टूटकर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गयी। वहीं, चांदी की कीमत 8,040 रुपये लुढ़क कर 2.4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के दो महीने से अधिक के निचले स्तर पर रही। मुख्य रूप से डॉलर के मजबूत होने से कीमती धातुओं में बिकवाली हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,840 रुपये टूटकर 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रही। बृहस्पतिवार को यह 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। चांदी में भी बड़ी गिरावट देखी गई और यह 8,040 रुपये टूटकर 2,40,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गयी।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सराफा फिसला

यह हाल की गिरावट इस साल की शुरुआत में देखे गए रिकॉर्ड उच्च स्तर से एक बड़ा बदलाव है और सोना अब लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट की ओर बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोने की कीमत 60.70 डॉलर यानी 1.44 प्रतिशत टूटकर 4,148.45 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी की कीमत 1.51 प्रतिशत टूटकर 64.73 डॉलर प्रति औंस रही।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से पांच दिनों की तेजी थमी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 607 और निफ्टी 155 अंक टूटा
- एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान से आईटी में अनिश्चितता बढ़ी

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार पांच दिनों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों के मुताबिक, स्विट्जरलैंड में अमेरिका-ईरान शांति समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रस्तावित वार्ता के टलने से उत्पन्न नई अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 607.08 अंक टूटकर 76,802.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 940.26 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं निफ्टी 154.90 अंक गिरकर 24,013.10 अंक पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू बाजारों में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। शुक्रवार को सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर 6.69 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 3.53 प्रतिशत, एचसीएल टेक 2.74 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 2.45 प्रतिशत नीचे बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी नुकसान में रहे।

### भारतीय आईटी कंपनियों की मांग को लेकर चिंताएं बढ़ी

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"मानक सूचकांकों में गिरावट की वजह आईटी शेयरों में बिकवाली रही, जो एक्सेंचर के अपेक्षा से कमजोर परिदृश्य के बाद देखी गई। इससे आईटी क्षेत्र में जल्द सुधार की उम्मीदों को झटका लगा और भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों की मांग संभावनाओं को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।/"

# बैंकिंग प्रणाली में नकदी तीन माह के निचले स्तर पर



**मुंबई।** बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी तेजी से घटकर करीब तीन महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गई है। नकदी बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रयासों के बावजूद अग्रिम कर भुगतान के कारण पैसा बाहर जाने के चलते ऐसा हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों का किए गए विश्लेषण के मुताबिक, 17 जून को बैंकिंग प्रणाली में मौजूद अतिरिक्त नकदी घटकर 4,772.21 करोड़ रुपये रह गई, जबकि 16 जून को यह 23,881.21 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों से पता चलता है कि 17 जून का स्तर 22 मार्च, 2026 के बाद सबसे कम है, जब बैंकिंग प्रणाली में 65,395.64 करोड़ रुपये की नकदी कम थी। विशेषज्ञों ने कहा कि अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली से धन की निकासी होने से नकदी की स्थिति पर दबाव पड़ा है।

# साउथ इंडियन बैंक ने जमा पर ब्याज दर बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निजी क्षेत्र के साउथ इंडियन बैंक ने विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर(बी) खातों में अमेरिकी डॉलर जमा पर तीन से पांच वर्षों की अवधि के लिए ब्याज दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत सालाना कर दी है। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बैंक ने एक बयान में कहा कि यह संशोधित दर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में तीन से पांच वर्ष की अवधि के लिए नयी एफसीएनआर(बैंक) जमा योजना के लिए डॉलर-रुपये विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा शुरू किए जाने के बाद लागू की गई है। आरबीआई की इस सुविधा के तहत बैंक पात्र एफसीएनआर(बैंक) जमा राशि को डॉलर में केंद्रीय बैंक के साथ अदला-बदली कर सकते हैं, जिससे उन्हें स्थिर विदेशी मुद्रा संसाधन जुटाने में मदद मिलती है तथा मुद्रा जोखिम को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है।

- एफसीएनआर जमा पर ब्याज दर बढ़ाकर 6 .5 प्रतिशत की




*विदेशी मुद्रा जुटाने की क्षमता मजबूत होगी*

*बैंक ने कहा कि आरबीआई की यह विदेशी मुद्रा अदला-बदली योजना बैंकिंग क्षेत्र में दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जमाओं की वृद्धि को समर्थन देगी तथा बैंकों की विदेशी मुद्रा संसाधन जुटाने की क्षमता को और मजबूत करेगी।*

## बंधन बैंक ने एफसीएनआर जमा पर ब्याज दर बढ़ाई...




**मुंबई।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने प्रवासी भारतीय ग्राहकों के लिए विदेशी मुद्रा प्रवासी बैंक (एफसीएनआर-बी) जमा पर ब्याज दर बढ़ा दी है। बैंक की विज्ञप्ति के अनुसार, अब वह 10 लाख अमेरिकी डॉलर और उससे अधिक की अमेरिकी डॉलर मूल्यवर्ग वाली एफसीएनआर (बी) जमाओं पर तीन से पांच वर्ष की अवधि के लिए 7.1 प्रतिशत ब्याज देगा। बैंक ने कहा कि 10 लाख अमेरिकी डॉलर तक की जमाओं पर ब्याज दर बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दी गई है। बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी राजिंदर कुमार बब्बर ने कहा, हमें ऐसे समय में अपने एनआरआई ग्राहकों के लिए यह आकर्षक एफसीएनआर (बी) जमा योजना पेश करते हुए खुशी हो रही है, जब वे अपने विदेशी निवेश में स्थिरता और बेहतर प्रतिफल की तलाश कर रहे हैं।

# शुद्ध आयकर संग्रह 17 जून तक 15 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- आयकर संग्रह बढ़कर 5 .21 लाख करोड़ रुपए के पार
- कंपनी का कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 2 .08 लाख रुपए हुआ

चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 17 जून के दौरान शुद्ध आयकर संग्रह 14.64 प्रतिशत बढ़कर 5.21 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध कंपनी कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 2.08 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि शुद्ध गैर-कंपनी कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.94 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

आंकड़ों के अनुसार, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 45 प्रतिशत बढ़कर 18,856 करोड़ रुपये रहा। अग्रिम कर संग्रह 15.30 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। कंपनियों से प्राप्त अग्रिम कर 16 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया जबकि गैर-कंपनी अग्रिम कर 13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37,620 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के मुताबिक, 17 मई तक 89,026 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 1.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 12.46 प्रतिशत बढ़कर 6.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसमें 2.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कंपनी कर और लगभग 3.15 लाख करोड़ रुपये का गैर-कंपनी कर संग्रह शामिल है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 26.97 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जो वित्त वर्ष 2025-26 में एकत्रित 23.40 लाख करोड़ रुपये राजस्व से लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। इन आंकड़ों पर डेलॉयट इंडिया में साझेदार रोहिंटन सिधवा ने कहा कि ऐसा लगता है कि कर संग्रह पिछले वर्षों की दर कटौती के कारण आई गिरावट से उबर चुका है और एक बार फिर वृद्धि की राह पर लौट आया है।

### कॉरपोरेट क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा

सिधवा ने कहा, /"आंकड़े कंपनियों के मजबूत अग्रिम कर वृद्धि को भी दर्शाते हैं, जो कॉरपोरेट क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन को दर्शाता है। हालांकि ये शुरुआती संकेत हैं, लेकिन अगर यह रुख बरकरार रहता है, तो इससे सरकार को राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।/"

## मेमोरी चिप्स की कमी से इसकी कीमत काफी बढ़ गई

# मोबाइल, लैपटॉप कंपनियां रैम और स्टोरेज में कर रही कटौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेक मार्केट की रिसर्च करने वाली संस्था ट्रेंडफोर्स ने के अनुसार स्मार्टफोन और लैपटॉप बनाने वाली कंपनियां अपने आने वाले मॉडल्स में रैम और स्टोरेज को कम कर सकती है।

- कंपनियों के लिए पुराने दाम पर ज्यादा रैम देना संभव नहीं

किसी भी फोन या लैपटॉप बनाने में जो टोटल खर्चा आता है, उसे बिल ऑफ मैटेरियल कॉस्ट कहा जाता है। इसी में एक बड़ा खर्चा रैम और स्टोरेज से जुड़ा होता है। ट्रेंडफोर्स के अनुसार साल 2026 की शुरुआत में ही मेमोरी चिप्स की कीमतें बढ़ गईं। अब जब मेमोरी महंगी हो गई तो कंपनियों के लिए पुराने दाम पर ज्यादा रैम देना मुश्किल ही है। ऐसे में कंपनियों के पास अपने मुनाफे को बनाए रखने और लागत को कम करने के लिए दो ही रास्ते बचे हैं। पहला वो या तो प्रोडक्ट की कीमतें बढ़ा दें, या फिर दूसरा उनके फीचर्स को कम कर दें।

### एप्पल भी इस समस्या से अछूता नहीं

ट्रेंडफोर्स के अनुसार मेमोरी की बढ़ती कीमतों का असर आईफोन पर भी हो रहा है। साल 2026 की पहली तिमाही में आईफोन को बनाने की लागत बढ़ चुकी है। इसके चलते कंपनी ने अपनी प्राइसिंग स्ट्रैटेजी में बदलाव किया है। ऐसा होता दिख भी रहा है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि कंपनी अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि मेमोरी और स्टोरेज चिप्स की लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसकी वजह से कंपनी पर दबाव बढ़ गया है। ऐसे में कीमतें बढ़ाना लगभग जरूरी हो गया है।



*लैपटॉप मार्केट का हाल भी बुरा : कंपनियां स्मार्टफोन के जैसे ही लैपटॉप के लिए भी अपनी प्लानिंग बदल रही हैं। लेकिन यहां एक समस्या है। दरअसल प्रोसेसर और ऑपरेटिंग सिस्टम की जरूरतों की वजह से कंपनियां एक लिमिट से कम रैम और स्टोरेज नहीं दे सकते। इसलिए साल 2026 की दूसरी तिमाही यानी अप्रैल-जून से लैपटॉप की कीमतों में बड़ा उछाल देखने को मिल सकता है।*


### 4जीबी रैम का दौर वापस आ सकता है

इस फैसले का सबसे बड़ा असर बजट और मिड रेंज स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों पर देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार एंड्रॉइड मार्केट में अमूमन ज्यादा रैम को एक बड़े सेलिंग फैक्टर के तौर पर देखा जाता है। लेकिन बढ़ती लागत की वजह से अब सस्ते और एंट्री लेवल स्मार्टफोन्स में रैम को अपग्रेड कंपनी रोक सकती हैं। रिपोर्ट में तो ये भी कहा है कि कई बजट फोन्स के शुरुआती वेरिएंट में फिर से 4जीबी रैम का दौर वापस आ सकता है।

चिंतन

# पैदल चलने वालों की सुरक्षा हो प्राथमिकता

देशभर में हाइवे का बेहतरीन जाल लगातार बिछाया जा रहा है। अब एक शहर से दूसरे शहर में जाना आसान हो गया है। कई हाइवेज पर औसत गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक है। यानी 200 से 300 किलोमीटर तक का सफर ढाई से तीन घंटे में ही पूरा किया जा सकता है। यह नए भारत की बदलती तस्वीर है। हमारे एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन विश्वविख्यात हो गए हैं। छोटे-छोटे शहरों में भी एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह लोगों को नए-नए अनुभव दे रहे हैं, लेकिन शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आधारभूत ढांचा आज भी पुराने स्तर का ही है। एक शहर से दूसरे शहर में जाने के बाद सड़कों पर जाम, अनियंत्रित ट्रैफिक, फुटपाथों पर कब्जे और सड़कों के किनारे खड़ी रेहड़ियां ऐसा दृश्य उत्पन्न करती हैं कि 100 किलोमीटर की गति 10 किलोमीटर पर आकर ठहर जाती है। यह अनेक बार बड़े हादसों का कारण भी बनती हैं। सच्चाई यह है कि भारत के अधिकांश शहरों में पैदल चलना आज भी किसी चुनौती से कम नहीं है। फुटपाथ या तो हैं ही नहीं, और जहां हैं वहां अतिक्रमण, रेहड़ियां, अवैध पार्किंग या निर्माण सामग्री का कब्जा है। नतीजा यह होता है कि पैदल यात्री सड़क पर चलने को मजबूर होते हैं और तेज रफ्तार वाहनों के बीच उनका जीवन हर पल खतरे में रहता है। यही कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में पैदल चलने वाले और साइकिल सवार लोग अपनी जान गंवाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को बुनियादी अधिकार बताया है। शीर्ष कोर्ट का यह फैसला अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब इसका उल्लंघन हुआ तो जिम्मेदारों पर कड़ा एक्शन होगा। अब देशभर के निकायों व नगर निगमों को पैदल चलने वालों और शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर पर गंभीरता से विचार करना होगा। हमारे हाइवे कितने ही अच्छे हो जाएं, लेकिन जब तक शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर होगा, तब तक वह किसी भी रूप में लोगों के लिए सुविधाजनक नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास का अर्थ केवल वाहनों के लिए सड़कें बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित आवागमन का अधिकार देना भी है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत देने वाला है। क्योंकि पैदल चलने वालों में सबसे ज्यादा हादसों का शिकार यही लोग होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में सड़क निर्माण की योजना बनाते समय सबसे कम ध्यान पैदल यात्रियों पर दिया जाता है। शहरों में फ्लाईओवर, अंडरपास और चौड़ी सड़कें तो बनती हैं, लेकिन फुटपाथों की हालत दयनीय रहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब जिम्मेदारी राज्य सरकारों, नगर निगमों और स्थानीय निकायों की है। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाना, अवैध पार्किंग पर सख्ती करना, सुरक्षित पैदल पार पथ बनाना और सड़क निर्माण योजनाओं में पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं, बल्कि दायित्व है। साथ ही नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने की मानसिकता छोड़नी होगी। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। यदि विकास को वास्तव में समावेशी बनाना है तो शहरों को केवल वाहनों के लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए बनाना होगा। हाइवे पर दौड़ती तेज रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब शहर की गलियों और सड़कों पर एक आम नागरिक सुरक्षित और सम्मानपूर्वक पैदल चल सके।



दिवस विशेष
अखिलेश आर्येन्दु

भारत सरकार ने योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इसका परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

# योग ध्यान से आध्यात्मिक पूंजी का निवेश

दुनियाभर में विकास की एक ऐसी दौड़ जारी है, जो कहां पहुंच कर खत्म होगी, किसी को नहीं मालूम। हर कोई विकास की इस अंधी दौड़ में आगे निकल जाना चाहता है। जो सबसे आगे रहेगा, उसकी ही मनमानी और धौंस चलेगी। अमेरिका इसकी मिसाल है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि विकास की यह दौड़ लोगों की जिंदगी से सहजता, सरलता, सौम्यता, सज्जनता, स्वच्छता और मानवीय आदर्शों को अलग कर रही है। न सेहत का ध्यान और न संयम का। यानी जीवन असंयम और बिगड़ी सेहत के नाम हो गया है। समय और संयम दोनों की कमी ऐसी हो गई है कि लोगों को अपने बारे में सोचने की फुसर्त नहीं मिल रही है। वहीं दकरोड़ों ऐसे लोग हैं जो विकास की दौड़ में शामिल तो हैं, लेकिन उन सभी जरूरी अभिक्रियाओं को भी कर रहे हैं जिससे जिंदगी एकांगी न हो जाए। यह स्थिति पच्चीस साल पहले दुनिया भर में दिखाई देती थी। लेकिन समय बदला और भारत में पतंजलि के योगदर्शन को व्यावहारिक बनाने का एक बड़ा नाम जुड़ गया। भारत सरकार ने भी योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इस पहल का परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है।

जब 2015 में 21 जून को भारत ने दुनिया को आर्थिक विकास के साथ आध्यात्मिक या यौगिक विकास पर भी गौर करने के लिए प्रेरित किया, तो लोगों को महर्षि पतंजलि की धारा को आगे बढ़ाने वाले महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद, परमहंस स्वामी, महर्षि रमण और महर्षि अरविंद याद आ गए। यह एक तरह का दुनिया के दो सौ देशों में योग ध्यान के जरिए आध्यात्मिक पूंजी का निवेश जैसा था। दुनिया के सभी देशों ने भारत के इस आध्यात्मिक निवेश का दिल खोलकर स्वागत ही नहीं किया, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए खुद को तैयार किया और इसे सहज तरीके से स्वीकार भी कर लिया। पिछले बीस सालों में दुनिया में बहुत कुछ बदला है, जिसमें योग ध्यान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जिस तरह दुनियाभर की सरकारें और कंपनियां भारत में पूंजी निवेश करने के लिए आगे आईं हैं, उसी तरह भारत द्वारा किए गए योग ध्यान की आध्यात्मिक पूंजी के निवेश से सेहत के मामले में फायदा लिया है। आज हम यदि यह कहें कि शायद ही दुनिया का कोई देश हो जो भारत के इस आध्यात्मिक पूंजी को अपने देश के लोगों की जिंदगी के खुशहाली की पूंजी न बनाया हो, तो अतिश्योक्ति नहीं माना जाएगा। भारत सनातन से आध्यात्मिक, धार्मिक (मजहबी नहीं) और विज्ञानपरक और मूल्यवान साहित्य के क्षेत्र में दुनियाभर में जाना जाता रहा है, लेकिन 21वीं सदी (पिछले 12 वर्षों में) भारत ने नए सिरे से जिस तरह से आध्यात्मिक, नैतिक, मानव मूल्यों, सर्वहितकारी विचारों और कार्यों को लेकर दुनियाभर में एक चिंतन पैदा किया उससे उसकी सनातन धारा फिर से अविचल गति से आगे बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में जहां आर्थिक विकास और प्रगति के लिए ही सभी तरह की कवायदें चल रही हैं, वहीं भारत में योग और वेद के जरिए दुनिया



को सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के मकसद से सब को सुखी, निरोग और नैतिक बनाने के कार्य में आगे बढ़ रहा है। दस वर्ष पूर्व जब योग दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से मनाने की घोषणा हुई थी, तब से लेकर अब तक योग ध्यान और भारत का अध्यात्म तत्व दुनिया के लिए वरदान वनकर उभरा है।

भारत दुनिया में अपने सर्वोच्च आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक ज्ञान, अनुभव और कार्य के जरिए यह बताने और समझाने में लगा हुआ है कि महज भौतिक या आर्थिक उन्नति या आधुनिक विज्ञान की उन्नति से विश्व समाज में शांति, सौहार्द, न्याय, सहजता, पवित्रता, सुख, प्रेम, सत्य, अहिंसा और परमार्थ की अविरल धारा को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसलिए योग ध्यान, जप, तप और ईश्वरीय ज्ञान उतना ही जरूरी है जितना कि आर्थिक, वैज्ञानिक और सामाजिक उन्नति करना। योग एक व्यक्ति से अनंत को साधने, संवारने और निर्माण का साधन है। यह साधन भी और साध्य भी है। यानी इसके जरिए हम जिस परा-अपरा शक्ति को हासिल करना चाहते हैं, वह शक्ति इससे ही सहज तरीके से हासिल की जा सकती है। 21 जून यानी योग दिवस दुनिया के हर व्यक्ति को याद दिलाता है कि जिंदगी के लिए धन, सम्पत्ति, रिश्ते-नाते और सभी तरह की भौतिक उन्नति जितनी जरूरी है। उतनी ही जरूरी है सेहत, शांति, प्रेम, अहिंसक स्वभाव, न्याय और सौहार्द के प्रति अनुराग और मानव मूल्य के साथ ही उस परा शक्ति से मिलन की जिज्ञासा, जिससे यह सारी कायनात संचालित है। दुनिया को अब यह समझ में आने लगा है कि योग ध्यान और भारतीय अध्यात्म से ही जीवन में असली सुख या आनंद हासिल किया जा सकता है। भारत ने योग ध्यान के जरिए दुनिया को यह याद दिलाने की कोशिश की है कि जिंदगी में यदि संतुलन, सच्चा सुख-आनंद और शांति को बनाए रखना है तो योग ध्यान का अभ्यास उतना ही जरूरी है जितना की जिंदा रहने के लिए शुद्ध भोजन, साफ जल का संतुलित इस्तेमाल और श्वास लेना। जाहिर तौर पर ऋषि पतंजलि ने योगदर्शन के जरिए जिंदगी को हर तरह से खुशहाल और शांतिमय बनाए रखने के जरूरी सूत्र, सिद्धांत और नियम बता दिए हैं, जो बेहद रोचक, तर्कपूर्ण और विज्ञानपरक हैं। जिस तरह से योग जन-गण-मन के जीवन का आंदोलन बन गया, वह किसी युगांतरकारी चमत्कार से कम नहीं है। यह किसी युग पुरुष के जरिए विश्व समाज और मानव जीवन का कल्याण करने की ऐसी अमर गाथा है जिसे भारत का जन मानस ही नहीं, बल्कि विश्व समाज भी स्वीकार करता है कि योग के जरिए उनकी जिंदगी में नई तरह की बहार आई है। यह कौन स्वीकार नहीं करेगा कि विश्व समाज को योगमय और आयुर्वेदमय बनाने में योग ऋषि स्वामी रामदेव और बाल कृष्ण महाराज का सर्वाधिक योगदान है। दुनिया के दो सौ देशों में इस अनोखे और नियमबद्ध ज्ञान-विज्ञान को स्वामी ने अपने शिष्यों के जरिए दुनियाभर में पहुंचाने में जितना पुरुषार्थ किया है, वह अवर्णनीय है। यह है भारत की आध्यात्मिक विद्या या पूंजी का दुनियाभर में निवेश का परिणाम, जिससे दुनिया का हर व्यक्ति प्रभावित है और लाभ हासिल कर रहा है। योग दिवस हम सब को याद दिलाता है कि विकास की सरपट दौड़ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि आतंरिक विकास के लिए दौड़ लगाना भी उतना ही जरूरी है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

व्यक्तित्व
योगेंद्र माथुर




# बच्चों के चरित्र निर्माण में बाल साहित्य की सशक्त भूमिका

किसी भी देश के स्वस्थ विकास के लिए यह आवश्यक है कि उसके लिए ऐसे नागरिक तैयार किए जाएं, जो लोकतांत्रिक समाज व मूल्यों में आस्था रखते हों और मानवीय उच्च संस्कारों से युक्त हों। ऐसे उच्च संस्कार युक्त नागरिकों का दैदिप्यमान व्यक्तित्व समाज व देश की पहचान को नई आभा प्रदान करता है। किसी भी व्यक्ति के संस्कार व चरित्र निर्माण की नींव बाल्यावस्था में ही पड़ जाती है। एक बच्चा अपनी उम्र की आरंभिक अवस्था में जैसा देखता-सुनता व पढ़ता है, उसी से उसका व्यक्तित्व निर्माण व भविष्य निर्धारित होता है। बच्चों के उजले चेहरे देश के सुंदर भविष्य के द्योतक होते हैं। इसलिए देश भविष्य को सुंदर व सुखद बनाने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। व्यक्तित्व निर्माण में सद साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। माता-पिता व गुरु के बाद पुस्तकें व सद साहित्य ही व्यक्ति का श्रेष्ठ मार्गदर्शक होता है। पहले दादा-दादी, नाना-नानी व घर के अन्य बुजुर्गों द्वारा बच्चों को देवी-देवताओं, राजा-महाराजाओं, पशु-पक्षियों व अन्य पौराणिक व ऐतिहासिक चरित्रों को आधार बनाकर सुनाई जाने वाली कथा-कहानियां शिक्षा का एक अहम अंग हुआ करती थीं, जो मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के बौद्धिक, नैतिक व मानसिक विकास में सहायक बनती थी। बाद में बाल साहित्य ने भी इसमें जगह बना ली। हममें से कई लोग और हमारे पहले व बाद की पीढ़ी के भी कई लोगों ने स्वस्थ बाल साहित्य से काफी कुछ सीखा है। जीवन में ज्ञान, बुद्धि, विनय, विवेक, दया, परोपकार, सत्य, सदाचार व अहिंसा जैसे जैसे उद्दात्त नैतिक मूल्यों, गुणों, आदर्शों व सिद्धांतों का महत्व पता चला और ये हमारे व्यक्तित्व निर्माण या विकास में अत्यंत सहायक बने। हमारे ऋषि-मुनि, धर्मग्रंथकार व नीति निर्धारणकर्ता अत्यंत दूरदृष्टा थे, जिन्होंने इंसान के मनोविज्ञान को समझकर ही धर्म व नीति अनुकूल संदेश उन तक पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों का सृजन किया। पिछले कुछ वर्षों में स्कूली शिक्षा में जो नवाचार प्रक्रिया अपनाई जाने लगी है, उनमें भी बच्चों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों को एक माध्यम बनाया रहा है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को शिक्षा देने के तरीके मनोरंजक होना चाहिए। मनोचिकित्सकों के अनुसार किसी भी बात को मनोरंजन के जरिये बच्चों के मस्तिष्क में आसानी से पहुंचाया जा सकता है। चित्रकथा इसका अधिक बेहतर माध्यम हो सकती है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को चित्रों के माध्यम से जो जानकारी दी जाती है, उसका प्रभाव उनके मस्तिष्क पर स्थायी छाप छोड़ता है। चित्रकथा देखने-पढ़ने के बाद बालक को अर्थ ग्रहण करने की ऐसी किसी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है, जैसा कि उसे किसी कहानी-कथा को सुनने या पढ़ने के बाद उसका अर्थ ग्रहण करने के दौरान गुजरना पड़ता है। इस दृष्टि से बोलते चित्रों का महत्व काफी बढ़ जाता है। अब इसे दुर्भाग्य कहा जाए या विडंबना कि आज का बच्चा टेलीविजन व वीडियो गेम की चकाचौंध में गुम होकर रह गया है। स्वस्थ बाल साहित्य से उनका दूर-दूर तक का नाता नजर नहीं आता। टेलीविजन का छोटा पर्दा हो या मोबाइल, बच्चों के स्वस्थ विकास में सहायक होने के बजाय सांस्कृतिक प्रदूषण फैलाने वाले माध्यम बन कर रह गए हैं। वर्तमान में छोटे पर्दे के अधिकांश कार्यक्रम या एनिमेशन फिल्में बच्चों में हिंसा, द्वेष व वैमनस्यता के भाव पैदा कर रही हैं और बच्चों के मन-मस्तिष्क पर आघात पहुंचा रही हैं। इससे कई सामाजिक व मनोवैज्ञानिक विकृतियां फैल रही हैं। बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इनमें मानवीय संवेदनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कोई जगह नजर नहीं आती। यही वजह है कि हमारे देश में बाल अपराधों की संख्या का ग्राफ दिन-ब-दिन ऊंचा उठता जा रहा है। हिंसा के साथ-साथ छोटे पर्दे व मोबाइल पर वीडियो फिल्मों आदि में प्रसारित अश्लीलता के ज्वार से किशोरावस्था में पहुंच चुके या पहुंच रहे बच्चों के कोमल मन गहरे से प्रभावित हो रहे हैं और उनकी मानसिकता व संवेदना दूषित हो रही है। यह अश्लीलता व सेक्स उन्हें न केवल लुभाने लगा है बल्कि कच्ची उम्र में ही वयस्कता के अनुभवों से 'तर' करने लगा है। पिछले कुछ वर्षों में किशोरवय बच्चों द्वारा सहपाठी या साथी अथवा अन्य मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटनाएँ भी तेजी से बढ़ीं हैं। ठीक इसी तरह नशे की प्रवृति का विकास हो रहा है और कोमल पौधे पनपने से पहले मुरझा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को टेलीविजन व मोबाइल द्वारा फैलाए जा रहे ऐसे सांस्कृतिक प्रदूषण से बचाने के लिए शिक्षाप्रद बाल साहित्य से जोड़ा जाना नितांत आवश्यक ही नही अनिवार्य है। इस विषय मे गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'


## जब मुंह खोलोगे ही नहीं, तो फंसोगे कैसे



संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

सटाका




आज की पाती

### राष्ट्र निर्माता के रूप में गृहणियों की भूमिका

जून 2026 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए गृहणियों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गृहणियों के योगदान को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता कहना न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन का भी संकेत है। यह महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने सुनाया। दोनों न्यायाधीशों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गृहणियां केवल घर संभालने वाली महिलाएं नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। यह मामला वर्ष 2001 में पंजाब में हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा था। दुर्घटना में रेशमा नामक महिला की मृत्यु हो गई थी। उसके पति और बच्चों ने मुआवजे की मांग की थी। उच्च न्यायालय के बाद अब जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो महिला के परिजनों को न्याय मिला।

**- रश्मिका आहुजा**, अंबाला

ट्रेंड

### भारत का पक्ष

एवियन में जी- 7 समिट के दौरान मेरी कई उपयोगी बैठकें और बातचीत हुईं। मुझे गवर्नेंस और पॉलिसी बनाने के अहम मुद्दों पर भारत का पक्ष और प्रयास रखने का मौका मिला।



**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत

डिफेंस सेक्टर में 'आत्मनिर्भर भारत' की मज़बूत नींव सिर्फ़ बड़े हथियारों व प्लेटफार्म पर ही नहीं, बल्कि उनके पीछे काम करने वाले अहम पुर्ज़ों पर टिकी है। यंत्र इंडिया इन्हीं 'बुनियादी उत्पादों' के ज़रिए देश की रक्षा क्षमताओं को मज़बूत कर आत्म निर्भरता के लक्ष्य को गति दे रहा है।



**- राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### बीजेपी सरकार की मंशा

बीजेपी सरकार की मंशा है कि करापुर की ज़मीन बिल्डरों को सौंपकर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया जाए। करापुर के स्थानीय लोग अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज़ाद मैदान आना चाहते थे, लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया।



**-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### निंदनीय हरकत

दूसरे राज्यों से अपराधियों को यूपी बुलाकर माहौल खराब करने की बीजेपी की हरकत बेहद निंदनीय है। सपा सांसद राजीव की कोशिशों से जनहित में "मऊ-आनंद विहार ट्रेन" शुरू की गई, लेकिन उद्घाटन के मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना दिया गया।



**-अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

करंट अफेयर

## भारत ने संरा में पाकिस्तान को 'भस्मासुर देश' दिया करार


भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उसे 'भस्मासुर देश' करार दिया और कहा कि जब उसका 'अपना ही राक्षस उसे डसता है' तो वह हैरान रह जाता है। नयी दिल्ली ने बुधवार को यह बात इस्लामाबाद पर आतंकवादियों को ''पनाह देने, प्रशिक्षण देने और उनका इस्तेमाल करने'' का आरोप लगाते हुए कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कड़ी टिप्पणी तब की जब पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट पर हुई चर्चा के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान और ओआईसी की ओर से दिए गए संदर्भ के जवाब में भारत को उत्तर देने के इस अधिकार का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। हम पाकिस्तान के निराधार और दुर्भावनापूर्ण आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम ओआईसी की ओर से जम्मू-कश्मीर के बारे में की गई बातों को भी पूरी तरह से खारिज करते हैं... साफ तौर पर कहें तो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। एकमात्र अनसुलझा मुद्दा भारतीय क्षेत्रों पर पाकिस्तान का अवैध कब्ज़ा और उनका वापस किया जाना है।'




ऑफ बीट

## क्या सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है

आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# अब शादीशुदा और बच्चों का बाप है रैंचो : हिरानी

**मुंबई।** करीब 17 साल बाद '3 इडियट्स'के सीक्वल पर आधिकारिक काम शुरू हो चुका है। खुद राजकुमार हिरानी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की है। आमिर खान भी कहानी सुन चुके हैं और ओरिजिनल स्टार कास्ट के वापस आने की उम्मीद है। राजकुमार हिरानी ने एक बातचीत में बताया कि वह अपने लंबे समय के राइटिंग पार्टनर अभिजात जोशी के साथ मिलकर सीक्वल की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काफी काम बाकी है। हिरानी के मुताबिक, इस बार कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां से पहली फिल्म खत्म हुई थी, लेकिन करीब 15-20 साल बाद। यानी अब तीनों दोस्त शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। वे अपनी जिंदगी के मिड-लाइफ क्राइसिस से गुजर रहे हैं। इस बार कहानी कॉलेज में नहीं होगी, क्योंकि अब वक्त और जिंदगी दोनों बदल चुकी हैं।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।

हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी डोरेमोन की यह फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** कॉर्टून की दुनिया का सबसे लोकप्रिय किरदार डोरेमोन अब जल्द भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म 'डोरेमोन द मूवीः न्यू नोबिता एंड द कैसल ऑफ द अंडरसी डेविल' इस साल देशभर में रिलीज होने जा रही है। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की। फिल्म का प्रमोशन 20 जून से शुरू होने वाले पॉप कल्चर फेस्टिवल में किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।




# आज के बच्चों को आईना दिखाती है टॉय स्टोरी 5

**मुंबई।** कभी गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराते, तो कभी घंटों खिलौनों के साथ एक नई दुनिया बुनते बच्चों के हाथों में जब से फोन और टैबलेट आए हैं, तब से खिलौनों से उनका नाता बहुत कम हो गया है। बाहर निकलकर खेलना, असली दोस्त बनाना कितना अहम है, यह बेहद खूबसूरती से दिखाती है 31 वर्षों से चल रही एनिमेटेड एडवेंचर कॉमेडी टॉय स्टोरी सीरीज की पांचवीं फिल्म टॉय स्टोरी 5। कहानी है बौनी (स्कार्लेट स्पीयर्स) की जो खिलौनों से तो खूब खेलती है, लेकिन दोस्त नहीं बना पाती है। उसके माता-पिता उसके लिए लिलीपैड (ग्रेटा ली) डिवाइस यानी टैबलेट ले आते हैं, जिस पर बौनी के डांस क्लास के दोस्त ऑनलाइन बनते हैं। बौनी अपने खिलौने से दूर हो जाती है।



# एक्टर हेनरी के साथ नजर आईं सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन'फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी।



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

टीवी मसाला



# बाघा का रो-रोकर बुरा हाल मां को यादकर फफक पड़े

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बाघा का किरदार निभाकर मशहूर हुए तन्मय वेकारिया हाल ही सेट पर भावुक हो गए। तन्मय मां को याद कर इस कदर बिलख पड़े कि असित मोदी को शूटिंग बीच में ही रोकनी पड़ी और वह एक्टर को संभालते दिखे। सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता...' के सेट से वीडियो सामने आया है, जिसे देख फैंस भी भावुक हो गए हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि तन्मय वेकारिया सीन के बीच भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। यह देख शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने उन्हें ढांढस बंधाया और संभालते दिखे। तन्मय वेकारिया एक सीन शूट कर रहे थे, जो बाघा और बावरी की लव स्टोरी से जुड़ा था। लेकिन, जैसे ही कैमरा रोल होना शुरू हुआ, तन्मय भावुक हो गए। दरअसल, तन्मय वेकारिया की मां उन्हें बाघा के रोल में बेहद पसंद करती थीं, पर हाल ही उनका निधन हो गया। फिलहाल शो में बाघा और बावरी की लव स्टोरी का ट्रैक दिखाया जा रहा है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। लेकिन, तन्मय इस दुख को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे कि अब उनके लिए दर्शकों के इस प्यार और बाघा के रूप में उन्हें देखने के लिए मां दुनिया में नहीं है, और वह रोने लगे। तन्मय वेकारिया का हाल देख सेट का माहौल गम में बदल गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं। शूटिंग भी रोक दी गई। असित मोदी के अलावा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के प्रोड्यूसर्स और बाकी टीम तन्मय वेकारिया के पास जाकर उन्हें संभालने लगी। इसके बाद तन्मय ने अपनी मां से जुड़ी कई प्यारी यादें साझा कीं और बताया कि कैसे वह 'बाघा' वाले हर एपिसोड को देखने का बेसब्री से इंतजार करती थीं।

## माता-पिता का करें सम्मान : इमरान



मुंबई। छोटे पर्दे के मशहूर कलाकार के तौर पर अभिनेता इमरान खान को जाना जाता है। फादर्स डे के खास अवसर को मद्देनजर रखते हुए इमरान ने आज के समय में बच्चों को अनुसान सिखाने और माता-पिता सम्मान को लेकर चर्चा की है। धारावाहिक जगधात्री में महेश देशमुख की भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान खान कहते हैं- बतौर पिता मैं अपने बच्चों से सम्मान और अनुशासन की उम्मीद करता हूं। बच्चों को अपने माता-पिता को सम्मान देना ही चाहिए। यह मैं खासतौर पर आज की जेन जी पीढ़ी के लिए कहना चाहता हूं। हर माता-पिता अपने बच्चों को पालने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। इसलिए, माता-पिता को उल्टे जवाब देना और सम्मान न करना मुझे नहीं पसंद है। माता-पिता को भी अपने बच्चों को बचपन से ही ये चीजें सिखानी चाहिए। मैंने देखा है कि कुछ माता-पिता अपने बच्चों को बहुत लाड-प्यार देते हैं, लेकिन उन्हें लोगों का सम्मान करना और तमीज सिखाना भूल जाते हैं।

# धमाल 4 का नया गाना कहर रिलीज, गुरु रंधावा ने लगाया तड़का




**मुंबई।** इस साल की एक और अवेटेड फिल्म 'धमाल 4' के ट्रेलर और हाल ही में रिलीज हुए जबरदस्त गाने 'चटनी' के बाद, 'धमाल 4' के मेकर्स ने अब एक और नया गाना 'कहर' रिलीज किया है। मजा कई गुना बढ़ाने वाला यह गाना सभी को एनर्जी और एंटरटेनमेंट से भरपूर एक जबरदस्त म्यूजिकल सफर पर ले जाता है। गाने में 'धमाल 4' की कास्ट के साथ गुरु रंधावा ने टीमअप किया है और गजब के पंजाबी वाइब्स दे रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है और इसके बोल और संगीत गिल मचराई, रोनी अजनाली और गुरु रंधावा ने दिए हैं। संजॉय के प्रोड्यूस और अरेंज किए गए इस गाने में दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाया जाता है, जिसमें 'धमाल बॉयज' गुरु के रंग में रंगे हुए, अपने सबसे अनोखे अंदाज में और पीयूष व शाजिया के कोरियोग्राफ किए गए अपने जबरदस्त हुक स्टेप के साथ खूब धमाल मचाते हुए नजर आते हैं। इस गाने में एक्ट्रेस केतिका शर्मा भी एक स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देती हैं। हर उम्र के लोगों के लिए जबरदस्त मनोरंजन का वादा करते हुए, 'धमाल 4' में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा जैसे दमदार कलाकार एक साथ नजर आएंगे।

# वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे अक्षय, लिया माता का आशीर्वाद



वेलकम टू द जंगल की रिलीज से पहले अक्षय ने लिया वैष्णो देवी का आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में अक्षय फिल्म की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे। अक्षय ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले कुमार यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले अक्षय यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। एक्टर के आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कई लोग फिल्म स्टार की एक झलक पाने की उम्मीद में रास्ते में और मंदिर परिसर में जमा हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए और लौटने से पहले कुछ समय पूजा-अर्चना में बिताया। अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार समेत 34 कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## आकाश हैं, धूप में छांव हैं, जब टूट जाओ तो हिम्मत हैं पिता

# पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी हैं ये फिल्में, दर्शकों के दिलों को जीतने में रहीं कामयाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं है, वह एक भरोसा होना चाहिए, जो तुम्हें यकीन दिलाए कि अगर पूरी दुनिया भी तुम्हारे सामने खड़ी हो जाए न तो तुम लड़ लोगे!' यह डायलॉग है शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का। फिल्म में यह संवाद नयनतारा बोलती हैं। और, सही मायने में यह फिल्म में कह देने भर की बात नहीं है, बल्कि जिंदगी की हकीकत है। पिता आकाश हैं। धूप में छांव हैं। जब टूट जाओ तो पिता हिम्मत हैं। निर्माता-निर्देशकों ने भी इस रिश्ते की खूबसूरती को पर्दे पर दिखाने की कोशिश की है।

### जवान

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी बाप-बेटे की कहानी है। फिल्म में शाहरुख पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म का ये डायलॉग खूब हिट हुआ है, 'बेटे को हाथ लगाने से पहले बाप से बात कर!' अभिनय के मामले में भी शाहरुख का पिता के रूप में विक्रम राठौर का किरदार कहीं ज्यादा पसंद किया गया।

### गदर 2

फिल्म 'गदर 2' बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है, जहां पिता के रूप में सनी देओल अपने बेटे (उत्कर्ष शर्मा) के लिए पाकिस्तान तक पहुंच गए। जीते (उत्कर्ष शर्मा) जब पाकिस्तान में फंस जाता है, तो वह पाकिस्तानी फौजी अफसर से कहता है, 'दुआ कर कि मेरा बाप यहां ना आए। अगर मेरा बाप यहां आ गया, तो तेरे इतने टुकड़े करेगा, इतने टुकड़े करेगा...' वहीं तारा सिंह भी भले ही घर में जवान बेटे पर हाथ उठा देता हो, लेकिन बेटे के मुसीबत में फंस जाने पर सारे खतरे उठाकर पाकिस्तान चल पड़ता है। इससे पहले बाप से अक्सर नाराज रहने वाला बेटा भी अपने पिता को तलाशने की खातिर दुश्मन मुल्क पाकिस्तान में जाने का जोखिम उठाता है। फिल्म में एक और भावुक कर देने वाला संवाद है, जब जीते एक जगह कहता है, 'जिसके ऊपर पिता का साया है, उसे फिक्र करने की क्या जरूरत!'




### ओएमजी 2

*फिल्म 'ओएमजी 2' भी पिता-पुत्र की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक पिता अपने मासूम बेटे के लिए कोर्ट तक जाता है। फिल्म में दिखाया गया कि जब नाबालिग बेटा अपना वीडियो वायरल होने के चलते परेशानी में था और सारी दुनिया उसके खिलाफ थी, तब उसके बाप ने ही उसका पूरी मजबूती से साथ दिया। यही नहीं, वह अपने बेटे की खातिर अपना सब कुछ दांव पर लगाकर सारी दुनिया से भिड़ने से भी नहीं हिचकिचाया।*

**टाइगर 3:** सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' भी बाप-बेटे की कहानी कहती है। फिल्म में सलमान खान का एक संवाद है, 'मेरे बेटे को मैं नहीं, इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था? गद्दार या देशभक्त! जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जय हिंद'! यह फिल्म भी पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी है।

**एनिमल :** रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' भी इस लिस्ट में शामिल है। इसमें रणबीर के पिता की भूमिका में अनिल कपूर नजर आए। अनिल कपूर को एक ऐसे सख्त पिता की भूमिका में दिखाया गया, जो अपने बेटे को किसी लायक नहीं समझता। हालांकि, बाद में फिल्म एक भावुक मोड़ लेती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

**102 नॉट आउट:** अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर की ये फिल्म भी बाप-बेटे के रिश्ते पर बनी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 102 साल की उम्र के पिता को रोल निभाया था, जबकि दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर इसमें 75 साल के उनके बेटे की भूमिका में दिखाई दिए थे। फिल्म में बाप-बेटे की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली। इस फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था।

**पा :** साल 2009 में अमिताभ, अभिषेक और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'पा' ने सिनेमा जगत के कई रिकाड्र्स तोड़े जब प्रोजेरिया से पीड़ति बेटे का किरदार निभाया अमिताभ बच्चन ने और उसके पिता का किरदार खुद उनके बेटे अभिषेक ने निभाया। एक बेहद मार्मिक कहानी जो 13 साल के एक बीमार बच्चे की है। इसमे साहस और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा है। आर बाल्की ने इस फिल्म में पिता और पुत्र के एक अनोखे रिश्ते को दर्शाया है जो एक- दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त है।

# नर्सिंग फर्जीवाड़ा : सूटेबल कालेजों की परीक्षाओं को हाईकोर्ट की मंजूरी

## हजारों छात्रों को राहत

**जबलपुर । मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग फर्जीवाड़ा मामले में सीबीआई जांच में उपयुक्त (सूटेबल) पाए गए नर्सिंग कालेजों के छात्रों को बड़ी राहत दी है। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने लंबित परीक्षाओं और परीक्षा परिणामों का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने ला स्टूडेंट्स एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल को शैक्षणिक सत्र 2022-23 के जीएनएम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित करने व सत्र 2021-22 के करीब 9,000 विद्यार्थियों के लिए जीएनएम तृतीय वर्ष की परीक्षा आयोजित करने की अनुमति प्रदान की।**

सुनवाई के दौरान काउंसिल ने लंबित परीक्षाएं व परिणाम जारी करने की अनुमति मांगी, जबकि याचिकाकर्ता ने सीबीआई जांच में अनुपयुक्त पाए गए कालेजों के छात्रों को राहत दिए जाने का विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद



हाई कोर्ट ने केवल उन संस्थानों को राहत दी जो जांच में मानकों के अनुरूप पाए गए हैं।

हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सीबीआई जांच के दायरे में आए 695 कालेजों में से 156 सूटेबल कालेजों व कमियां दूर कर उपयुक्त घोषित किए गए 89 कालेजों के लिए ही परीक्षा प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। शेष संस्थानों से संबंधित परीक्षाओं पर फिलहाल रोक जारी रहेगी।मामले में राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने पक्ष रखा।

## संगठित गिरोह से जुड़े आरोपित को जमानत नहीं

**जबलपुर** ।दुर्लभ वन्यजीव पेंगोलिन की शल्कों (स्केल्स) की तस्करी और अवैध व्यापार से जुड़े मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय, जबलपुर ने आरोपित विजय कुमार ग्राय की प्रथम जमानत याचिका निरस्त कर दी। न्यायालय ने माना कि प्रथम दृष्टया मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का है और इस स्तर पर आरोपी के निर्दोष होने का विश्वास करने का कोई पर्याप्त आधार उपलब्ध नहीं है। अभियोजन के अनुसार, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो से प्राप्त सूचना के आधार पर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) की जबलपुर इकाई ने आठ जून, 2026 को कटनी जिले के झिन्ना पिपरिया-खमतरा-ढीमरखेड़ा मार्ग पर घेराबंदी कर कार्रवाई की थी। इस दौरान चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

## रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर 22 जून को होगी संभागीय मिनी मैराथन

**जबलपुर**। वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस के अवसर पर 22 जून को संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए अलग-अलग आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 7 बजे भंवरताल स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा के समक्ष किया जाएगा।आयोजन के दौरान जनप्रतिनिधि धावकों को हरी झंडी दिखाकर दौड़ के लिए रवाना करेंगे। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों और युवा धावकों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन का उद्देश्य वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य, बलिदान और गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।पुरुष वर्ग की मिनी मैराथन भंवरताल से प्रारंभ होकर बारहा स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि तक पहुंचेगी। वहीं महिला वर्ग की प्रतियोगिता भंवरताल से शारदा चौक तक आयोजित की जाएगी।



## मुहर्रम के मौके पर सजावट, लंगर और ज़िक्र-ए-शहादतैन का सिलसिला जारी

**जबलपुर**। हज़रत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सजावट की तैयारियां तेज़ हो गई हैं। मुहर्रम के मौके पर इमामबाड़ों में अकीदतमंदों की तादाद लगातार बढ़ रही है और अकीदतमंद बड़ी संख्या में ज़ियारत के लिए पहुंच रहे हैं।मुहर्रम के दौरान रोशनी और सजावट की परंपरा को कायम रखते हुए नालबंद मोहल्ला, चारखंभा, मोतीनाला, बहोराबाग, मदार टेकरी, अज़ीज़गंज, ठक्कर ग्राम, भानतलैया, फूटाताल, गलगला, गुरंदी, हनुमानताल, कोतवाली, ओमती घंटाघर, तैयब अली चौक, नया मोहल्ला, सदर बाज़ार तथा गढ़ा की मुस्लिम बस्तियों में आकर्षक सजावट की तैयारियां ज़ोरों पर हैं।

गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर स्थित डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी के इमामबाड़े में रखी जाने वाली ऐतिहासिक सवारी इस वर्ष अपने 164वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस अवसर पर रात्रि 10 बजे विशेष जलसे का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मरहूम सरदार अली कादरी (पत्रकार) द्वारा वर्ष 2012 में सवारी के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया जलसा अब एक परंपरा का रूप ले चुका है।वहीं मौलाना की गली स्थित इमामबाड़े में अंजुमन खादिमान अहले बैत कमेटी के तत्वावधान में दस दिवसीय ज़िक्र-ए-शहादतैन का सिलसिला प्रतिदिन जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हो रहे हैं। मुहर्रम की पहली तारीख पर गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर में सूफ़ी मुबारक कादरी और वारिस कादरी के संयोजन में लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की।सदर छावनी क्षेत्र में मुहर्रम के सिलसिले में सदर बाज़ार स्थित जामा मस्जिद में नूर-ए-इलाही कमेटी की जानिब से कुरानख़ानी एवं लंगर का एहतेमाम किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की।



## डॉ. तनूजा चौधरी की तीन कृतियों का लोकार्पण, शब्दश्री अलंकरण से सम्मानित

**जबलपुर**। पाथेय संस्था के तत्वावधान में प्रतिष्ठित कथा लेखिका एवं समीक्षक डॉ. तनूजा चौधरी की तीन कृतियों—कहानी संग्रह 'अनुबंध', समीक्षा ग्रंथ 'विचार और विश्लेषण' तथा यात्रा संस्मरण 'नीले बादलों के साथ'—का लोकार्पण होटल कल्चुरी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे ने की तथा मुख्य अतिथि जस्टिस मीना भट्ट रहीं। स्वागताध्यक्ष डॉ. पुष्पराज सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. मीना गुप्ता तथा डॉ. मृदुला सिंह उपस्थित थीं।वक्ताओं ने डॉ. चौधरी की रचनाओं में सामाजिक संवेदना, समीक्षात्मक दृष्टि एवं प्रकृति-संस्कृति के समन्वय की सराहना की। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने उन्हें प्रकृति, संस्कृति और संवेदना की सशक्त रचनाकार बताया। डॉ. चौधरी ने सृजन को जीवन की संजीवनी कहा। इस अवसर पर पाथेय संस्था द्वारा डॉ. तनूजा चौधरी को 'शब्दश्री अलंकरण' से सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ. शिव कुमार व्यास, डॉ. कौशल दुबे एवं अभिमन्यु जैन का भी साहित्य अकादमी सम्मान हेतु चयन पर विशेष स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रतुल श्रीवास्तव, विजय नेमा, संतोष नेमा, गणेश प्यासा, विनीता विधि, सिद्धेश्वरी सराफ सहित अनेक साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन राजेश पाठक प्रवीण तथा आभार प्रदर्शन प्रतुल श्रीवास्तव ने किया।

## फ्लाइंग पैंथर रोड रेस स्केटिंग चैंपियनशिप आयोजित

**जबलपुर**। फास्टर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ द्वारा 'फ्लाइंग पैंथर रोड रेस स्केटिंग चैंपियनशिप' प्रतियोगिता संस्कार निकेतन स्कूल, संजीवनी नगर, गढ़ा रोड में संपन्न हुई, मुख्य अतिथि संदीप जैन जे.डी.ए. अध्यक्ष ने कहा कि सामान्य बच्चों के साथ (स्पेशल) विद्यार्थियों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया, तिरंगा यात्रा स्केटिंग प्रतियोगिता को देखकर सभी अभिभावकों को ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो 'उड़ता हुआ पैंथर' हो। विशिष्ट अतिथि मधु भिंगार रेल सोशल क्लब, प्राचार्य वाय.के. दुबे, रघु रनर, यूनुस टाइगर, मानव त्रिपाठी कोतवाली टी.आई. एसोसिएशन अध्यक्ष रामकिशोर



सोनी, प्रशिक्षक नरेन्द्र सोनकर, योगगुरु अंकित चक्रवर्ती, सह-सचिव लक्ष्मी डोगा, सत्यम, रितेश कुमार कदम और रितु रजक सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विजेता विद्यार्थियों में सिनासी सिंह, मिशिका कुमावत, अधिराज सिंह, अनवर कुशवाहा, प्रिंस एन कुमार, समिक्षा गोलघा, हर्षवर्धन रेड्डी, स्पेशल विद्यार्थी अभिमुक्त तिवारी, उत्कर्ष जैन, अनुराग वशिष्ठ सिद्धांत राहुल, रियांश गौंड, प्रियांश मौर्य, तनिष्क केशरवानी, विवेक बर्मन मौजूद रहे।

## बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त सामान्य कोच लगाये गए

**जबलपुर**। रेल प्रशासन द्वारा नीट पुनर्परीक्षा को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों और यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल से संचालित गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन में तीन दिनों के लिए दो अतिरिक्त सामान्य (जनरल) श्रेणी को कोच लगाए गए हैं। इससे यात्रियों को अतिरिक्त बैठने की सुविधा मिलेगी तथा भीड़भाड़ में कमी आएगी।गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर से दिनांक 19 जून 2026 से 21 जून 2026 तक दो अतिरिक्त सामान्य श्रेणी का कोच लगाया गया। इसी प्रकार, वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में प्रारंभिक स्टेशन रीवा से दिनांक 20 जून 2026 से 22 जून 2026 तक दो अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे।



## जीआरपी ने चोरी के 7 मोबाइलों के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार किया

**जबलपुर**। रेल यात्रियों की सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी थाना जबलपुर को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुखबिर की सटीक सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने प्लेटफॉर्म क्रमांक 7 पर घेराबंदी कर सतना जिले के ग्राम बांधा निवासी शातिर आरोपी रंगेश प्रसाद शर्मा उर्फ चुनका (40 वर्ष) को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पिट्ठू बैग से विभिन्न नामी कंपनियों के 07 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनके संबंध में वह कोई भी वैध दस्तावेज या बिल पेश नहीं कर सका, जप्त किए गए बिना सिम वाले इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत करीब 1,26,000/- आंकी गई है। पुलिस ने सभी मोबाइलों को धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत विधिवत जप्त कर पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई। ई-रक्षक एप से आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करने पर पता चला कि उसके खिलाफ पूर्व में भी कई अपराध दर्ज हैं। जीआरपी ने आरोपी को उसके संवैधानिक अधिकारों और गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी देते हुए गिरफ्तार कर लिया है और इसकी सूचना उसके परिजनों व ग्राम सरपंच को दे दी गई है।

## राज्यपाल का आगमन आज, रोपेंगे औषधीय पौधे

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल का आगमन आज 20 जून को पूर्वान्ह 11.15 बजे जबलपुर स्थित सरस्वती शिक्षा परिषद, शास्त्री ब्रिज के पास नर्सिंग मंदिर परिसर में होगा। वे परिसर में औषधीय पौधों का रोपण करेंगे। तत्पश्चात परिषद द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन करेंगे तथा जनजातीय छात्राओं के साथ संवाद कर उनका मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन करेंगे।कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्र, कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, प्रांत संगठन मंत्री अमित दुबे तथा प्रादेशिक सचिव डॉ. सुधीर अग्रवाल, प्रांत कोषाध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, जनजातीय शिक्षा संवर्धन तथा समाज में सकारात्मक जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## ग्रुप-डी भर्ती में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

**जबलपुर**। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा ने क्षेत्रीय संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग को शिकायत सौंपकर डॉ. आदर्श विश्नोई पर स्वास्थ्य विभाग में ग्रुप-डी आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितता और नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि भर्ती प्रक्रिया में बिना इंटरव्यू, बिना चयन समिति के अनुमोदन तथा निर्धारित संख्या से अधिक अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गई।



शिकायत के अनुसार कलेक्टर की अनुमति 314 पदों के लिए थी, जबकि विभिन्न आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से लगभग 496 अभ्यर्थियों की नियुक्ति किए जाने का आरोप है। साथ ही चयन सूची जारी करने, पात्रता एवं साक्षात्कार प्रक्रिया में भी अनियमितताओं की बात कही गई है। आशीष मिश्रा ने आरोपों की निष्पक्ष जांच कर कथित रूप से अवैध चयन प्रक्रिया को निरस्त करने तथा वंचित योग्य अभ्यर्थियों को अवसर देने की मांग की है। उन्होंने मामले में दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई करने की भी मांग उठाई है। उल्लेखनीय है कि यह आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए हैं। संबंधित अधिकारियों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है।

## पूर्व पार्षद शरण चौधरी रीवा जबलपुर जोन प्रभारी नियुक्त

**जबलपुर**। बहुजन समाज पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा जबलपुर से बसपा के पूर्व पार्षद शरण चौधरी को मप्र ईकाई के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. रमाकांत पिप्पल ने रीवा जबलपुर संभाग का जोन इंचार्ज नियुक्त किया है, विगत दिवस भोपाल बसपा कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक में



केन्द्रीय प्रभारी पूर्व सांसद राजाराम ने इसकी घोषणा की। इस मौके पर बसपा के पूर्व प्रदेश प्रभारी बालकिशन चौधरी, अध्यक्ष एड. लखन अहिरवार, सुरेश वंशकार, दिनेश कुशवाहा, प्रकाश गौतेल, आफताब आलम, मोंटू रैदास ने हर्ष व्यक्त किया है।

## 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' थीम के साथ तरंग प्रेक्षागृह में कल होगा सामूहिक योगाभ्यास


**जबलपुर**। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक तरंग प्रेक्षागृह के प्रांगण में किया गया है। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी व मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के समस्त कार्मिक व उनके परिजन शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की थीम "योगा फॉर हेल्दी एजिंग" (स्वस्थ आयु के लिए योग) है, जो उम्र बढ़ने के साथ बेहतर स्वास्थ्य, लचीलापन और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने जानकारी दी कि सामूहिक योगाभ्यास भारत सरकार के आयुष विभाग द्वारा जारी कॉमन प्रोटोकॉल के अंतर्गत किया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेने वाले कार्मिक व उनके परिजन प्रातः 6.30 बजे आवश्यक रूप से तरंग प्रेक्षागृह के प्रांगण में पहुंच जाएं। प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित परिधान में ही योगाभ्यास करने का प्रयास करें। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने जबलपुर स्थित सभी विद्युत कंपनियों के कार्मिकों व उनके परिजनों से सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## नगर निगम के मृतक आश्रितों को भी मिलेगी अनुग्रह राशि

**जबलपुर**। प्रदेश के नगर निगम व नगरीय निकायों के रेग्यूलर मृतक आश्रितों को भी शासकीय कर्मचारियों के समान मृत्यु अनुग्रह राशि मिलेगी। प्रदेश की नगरीय निकायों अर्थात नगर निगम, नगर पालिकाओं व नगर परिषदों के मृतक आश्रितों को भी शासकीय कर्मचारियों के समान मृत्यु अनुग्रह अनुदान राशि जो आदेश से पहले 50,000 रुपया दी जाती थी, जिसे शासन ने बढ़ाकर 125000 रुपये 01 अप्रेल 2025 से यथावत दिए जाने के निर्देश जारी किए हैं। मप्र नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रदेश सचिव एड. पं. राम दुबे, प्रांतीय संगठन सचिव पं. कपिल दुबे, नगर निगम जबलपुर इकाई अध्यक्ष पं. जयकांत दुबे तथा समस्त प्रदेश पदाधिकारियों ने नगरीय प्रशासन मंत्री तथा विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

## दंडी स्वामी कालिकानंद निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर कल

**जबलपुर**। अनंत विभूषित श्री पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज के सानिध्य में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 21 जून दिन रविवार को प्रातः 9:00 से 4:00 बजे तक डॉ अविजित विश्नोई द्वारा दंडी स्वामी कालिकानंद धर्मार्थ नेत्रालय एवं क्लीनिक सेन्टर स्थान रेलवे फाटक भटौली कालीधाम कालीघाट गौरीघाट जबलपुर में किया जा रहा है, जिसमें रेटिना, कॉर्निया, कांचियाबिंद, मोतियाबिन्द सहित आंख के समस्त रोगों की निःशुल्क जांच होगी। नेत्रालय के संयोजक महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज, धर्मार्थ नेत्रालय, क्लीनिक सेवा समिति एवं कालीधाम शिष्य भक्त परिवार ने सभी से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में सपरिवार पहुंचकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।






## विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर**। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी जबलपुर राघवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में रानी दुर्गावती कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल गंगानगर में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सिकल सेल जागरूकता अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिकल सेल के विषय में छात्राओं एवं स्टाफ को विस्तार से डॉक्टर अमित जैन प्रभारी ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय ने जानकारी प्रदान की। प्राचार्य श्री श्रीवास्तव एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग एवं स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा। अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा चलाया जा रहा शौर्य संकल्प प्रशिक्षण के प्रशिक्षणथियों को भी विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जागरूक किया गया एवं उन्हें कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग द्वारा सिकल सेल की जांच करने का संकल्प दिलाया गया। आयोजन में विभाग की अधीक्षिका उपस्थिति रहीं।

## पुरुष और महिला वर्ग की रानी दुर्गावती संभागीय मिनी मैराथन दौड़ 22 जून को

**जबलपुर**। वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस के अवसर पर सोमवार 22 जून को रानी दुर्गावती संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का पुरुष तथा महिला वर्ग के लिये पृथक-पृथक आयोजन किया जायेगा। प्रातः 07:00 बजे सम्मानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा धावकों को भंवरताल स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा के सामने से हरी झंडी दिखाकर संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा।पुरुषों की संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता भंवरताल से बारहा स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि तक होगी, वहीं महिला वर्ग की संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता भंवरताल से शारदा चौक तक आयोजित होगी। जबलपुर जिले के धावकों के लिये आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 24 जून को प्रातः 09:00 बजे भंवरताल उद्यान में नगर निगम जबलपुर तथा दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, मित्रसंघ मिलन एवं कारपोरेशन एथलेटिक संघ के सहयोग से आयोजित वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। इस दिन भी प्रातः 07:00 बजे सभी धावक वीरांगना की समाधि से इलेक्ट्रिक मशाल लेकर भंवरताल उद्यान आयेंगे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0378/अ-6/2026-27

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक, श्री दीनदयाल विश्वकर्मा पिता स्व. भागीरथ विश्वकर्मा निवासी 213 टेमर भीटा वाटर वर्क्स रोड भीटा थाना गोरा बाजार जबलपुर द्वारा ग्राम भीटा प.ह.नं. सुखलालपुर नं.ब. 19 रांझी ख.नं. 103 मे से रकवा 0.0570 हेक्टेयर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र /वसीयतनामा/ सहमति पत्र के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है ।

अत: उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति तहसील रांझी के कक्ष क्रं. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 10/06/2026 को जारी।

जारी दिनांक - 10/06/2026

पेशी दिनांक - 22/06/2026

अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**नाम सुधार**

मैं, शौभिक चौधरी उम्र लगभग 19 वर्ष पिता राजेंद्र कुमार चौधरी निवासी 784 A-04, केशर विहार कालोनी, न्यू रामनगर, अमखेरा, अधारताल, जबलपुर मप्र - 482004 आधार कार्ड क्रमांक -3800 8336 5597 का स्थाई निवासी हूँ। मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड क्रमांक-3800 8336 5597 में मेरा नाम शोभित चौधरी (SHOBHIT CHOUDHARY) दर्ज हो गया है जो कि पूर्णत: गलत वा अमान्य है। मुझ शपथकर्ता का सही व सत्य नाम शौभिक चौधरी (SHOUBHIK CHOWDHURY) है जो कि मेरी कक्षा 10 वी, कक्षा 12 वी की अंकसूची एवं मेरे जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। मुझ शपथकर्ता का सही व सत्य नाम शौभिक चौधरी (SHOUBHIK CHOWDHURY) को मेरे आधार कार्ड, व मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज व सुधार करने हेतु अखबार प्रकाशन कर रहा हूँ। शपथ पत्र दिनांक - 19/06/2026 नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय, जबलपुर मप्र

सही नाम-शौभिक चौधरी
(SHOUBHIK CHOWDHURY)
गलत नाम-शोभित चौधरी
(SHOBHIT CHOUDHARY)

**नाम सुधार सूचना**

मैं ममता पति कृष्ण कुमार उम्र लगभग 47 वर्ष निवासी-984, स्कूल के पास, ग्राम पंचायत सुहागी, जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित घोषणा करती हूँ। मेरा पूरा नाम ममता पति कृष्ण कुमार है जो मेरा आधार कार्ड, समग्र आई.डी. एवं रेलवे के द्वितीय नॉमिनेशन फार्म में दर्ज है। मेरा घरेलू नाम गोमती, गोमती बाई है जो मेरे पति के प्रथम नॉमिनेशन फार्म एवं मेरे पुत्र की अंकसूची में दर्ज है उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला के है उपरोक्त दोनों नामों की धारक मैं ही हूँ। अत: भविष्य में मुझे ममता पति कृष्ण कुमार के नाम से पढ़ा, लिखा, माना, समझा एवं पहचाना जावें।

पुराना नाम
गोमती, गोमती बाई, ममता पति कृष्ण कुमार
सही नाम-ममता पति कृष्ण कुमार
ममता पति कृष्ण कुमार